www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, सोमवार, 3 जून, 2024 | वर्ष-17 | अंक-58 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए





जनता ने चुनाव में कांग्रेस व इंडिया गठबंधन का .... 02

■ हमारे लिए पहले देश है, 'आप' महत्वपूर्ण नहीं
■ कांग्रेस के कार्उटिंग एजेंट दिल्ली की लोकसभा सीटों... 03

■ हमास व इजरायल से युद्ध समाप्त करने की अपील
■ आइसलैंड के राष्ट्रपति चुनाव में टॉमसडॉटिर आगे 07

अपने जन्मदिन पर फिल्म की शूटिंग कर रही... 10

# एसकेएम की आंधी में सबका सूपड़ा साफ

## सिक्किम के विधानसभा चुनाव में एसकेएम ने 32 में से 31 सीटें जीती

**गंगटोक,** 2 जून (एजेंसियां)। सिक्किम में रविवार को विधानसभा के नतीजे आए। एसकेएम (सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा) की आंधी में सबका सूपड़ा साफ हो गया। प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व में एसकेएम ने 32 में से 31 सीटों पर जीत हासिल की। सिक्किम में इस बार विपक्ष विहीन सरकार बनने जा रही है। लेकिन यह पहली बार नहीं है, जब सिक्किम में विपक्ष विहीन सरकार बन रही है। इससे पहले भी 2009 के विधानसभा चुनाव में एसडीएफ (सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट) ने 32 की 32 सीटों पर जीत हासिल की थी और पवन चामलिंग राज्य के मुख्यमंत्री बने थे। इसी तरह से 2004 के विधानसभा चुनाव में भी एसडीएफ को 31 सीटें और कांग्रेस को केवल एक सीट मिली थी। तब भी विपक्ष में कोई पार्टी नहीं थी।

सिक्किम में एसडीएफ प्रमुख और पूर्व सीएम पवन चामलिंग दो सीटों से लड़ रहे थे। वे दोनों ही सीटों से हार गए। नामची-सिंघीथांग सीट पर मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग की पत्नी कृष्णा कुमारी राय (एसकेएम) ने पूर्व सीएम को शिकस्त दी। जबकि मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग सहित उनके मंत्रिमंडल के सभी साथी जीते। सीएम प्रेम सिंह तमांग ने दो सीटों पर चुनाव लड़ा था, दोनों पर जीत हासिल की। वहीं राष्ट्रीय दलों भाजपा और कांग्रेस खाता भी नहीं खुल पाया। यहां के लोग क्षेत्रीय अस्मिता को प्रमुखता देते हैं। यहां के लोगों को बाहर से ज्यादा अपने ही स्थानीय लोगों पर भरोसा है। कहते हैं, हमारे स्थानीय मुद्दों को राष्ट्रीय पार्टियां समझ नहीं सकतीं।



■ प्रेम सिंह तमांग दोनों सीटों पर जीते
■ सिक्किम में राष्ट्रीय दलों को नकारा
■ पवन चामलिंग दोनों सीटों पर हारे

**चुनाव नतीजे**
एसकेएम– 31
एसडीएफ– 01

### सिक्किम में भाजपा का नहीं खुला खाता

राज्य में भाजपा ने 31 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ा। हालांकि, भाजपा राज्य में एक सीट नहीं जीत पाई। यहां केवल 5.18 प्रतिशत वोट भाजपा को मिल सके। सिक्किम भाजपा अध्यक्ष दिली राम थापा अपर बुर्तुक विधानसभा क्षेत्र में एसकेएम उम्मीदवार काला राय से हार गए। भाजपा ने मात्र लाचेन मंगन सीट पर चुनाव नहीं लड़ा। अधिकांश सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई।

**प्रेम तमांग ने जिद से बनाया मुकाम**

1993 में प्रेम सिंह तमांग सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) में शामिल हुए। वे 1994 में चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे और उन्हें राज्य सरकार में मंत्री भी बनाया गया। 2009 तक वे कैबिनेट मंत्री बने रहे। इसके बाद उन्होंने बगावत 2013 में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा का गठन किया। 2019 में पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ा। 2019 में एसकेएम ने राज्य की 32 में 17 सीटों पर जीत हासिल की और प्रेम सिंह तमांग मुख्यमंत्री बने।

### अरुणाचल में फिर भाजपा सरकार



■ 60 में से 46 सीटों पर कब्जा
■ 10 सीटों पर निर्विरोध जीती भाजपा

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार बीजेपी की सरकार बनी है। भगवा पार्टी ने राज्य की 60 सीटों में से 46 सीटों पर जीत दर्ज की है। भाजपा विधानसभा की 10 सीटों पर पहले ही निर्विरोध जीत चुकी थी, वहीं कांग्रेस पार्टी को सिर्फ एक सीट से ही संतोष करना पड़ा। इसके अलावा नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीईपी) को 5 सीट पर जीत मिली। पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल ने 2 सीट जीती है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के खाते में सिर्फ एक सीट आई है। खोंसा ईस्ट सीट निर्दलीय वांग्लाम सविन ने जीत ली है। विपक्षी कांग्रेस ने 19 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन वह कहीं भी जीतती नहीं दिखी. बीजेपी उम्मीदवारों के 10 सीटों पर निर्विरोध चुने जाने के बाद राज्य की शेष 50 विधानसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल को मतदान हुआ था। निर्विरोध चुने जाने वालों में मुक्तो सीट से मुख्यमंत्री पेमा खांडू, चौखम से उप मुख्यमंत्री चौना मीन, ईटानगर से पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकी कासो, टलीहा से न्यातो दुकम और रोइंग सीट से मुचू मिथी शामिल हैं।

केजरीवाल ने तिहाड़ में किया आत्मसमर्पण, बोले

# देश बचाने के लिए जेल जा रहा हूं




**नई दिल्ली,** 2 जून (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने रविवार को कहा कि आबकारी नीति मामले में जांच एजेंसियों के पास उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है और वह देश को बचाने के लिए जेल में जा रहे हैं।

श्री केजरीवाल ने अंतरिम ज़मानत की अवधि समाप्त होने के बाद आज तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण किया। इससे पहले उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, मैं देश बचाने के लिए जेल जा रहा हूं। मुझे नहीं पता कब वापस आऊंगा। वहां मेरे साथ क्या-क्या होगा, मुझे नहीं पता। उन्होंने कहा, "मैं जेल वापस जा रहा हूं, इसलिए नहीं कि मैं भ्रष्टाचार में शामिल था, बल्कि इसलिए कि मैंने तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाई।

**21 दिनों की जमानत पर आए थे बाहर**

'आप' नेता ने कहा कि उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान देश को बचाने के लिए प्रचार किया। उच्चतम न्यायालय से 21 दिन की राहत मिली थी। यह 21 दिन अविस्मरणीय थे। इस दौरान एक मिनट भी बर्बाद नहीं किया। आम आदमी पार्टी महत्वपूर्ण नहीं है, देश प्रथम है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राजग के लिए तीसरी बार सत्ता में आने का अनुमान जताने वाले सभी एग्जिट पोल फर्जी हैं।

## सार संक्षेप

### सुकमा में आठ नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को आठ नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें से चार के सिर पर कुल पांच लाख रुपए का इनाम था। इनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। इस बारे में एक अधिकारी ने बताया कि नक्सलियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण ध कर दिया।

### बीआरएस ने महबूबनगर एमएलसी उपचुनाव जीता



**महबूबनगर।** तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के उम्मीदवार नवीन कुमार रेड्डी ने महबूबनगर स्थानीय निकायों के लिए एमएलसी उपचुनाव 109 वोटों के बहुमत से जीत लिया है। यह उपचुनाव पिछले नवंबर के विधानसभा चुनाव में महबूबनगर जिले के एमएलसी काशीरेड्डी नारायण रेड्डी के कांग्रेस विधायक के रूप में चुने जाने के बाद हुआ। श्री रेड्डी ने एमएलसी पद से इस्तीफा दे दिया।

### मोदी ने देश में भीषण गर्मी की स्थिति की समीक्षा की



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में भीषण गर्मी की स्थिति के साथ साथ मानसून से संबंधित स्थिति से निपटने की तैयारियों की रविवार सुबह यहां अपने आवास पर एक बैठक में समीक्षा की। प्रधानमंत्री को बताया गया कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी और लू जारी रहने की संभावना है।

राहुल ने एग्जिट पोल को बताया काल्पनिक

# इंडिया को मिलेंगी 295 सीटें

**नई दिल्ली,** 2 जून (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव का मतदान सात चरणों के तहत संपन्न हो चुका है। इस बीच बीते दिन शनिवार की शाम को एग्जिट पोल के आंकड़े जारी किए। एग्जिट पोल में इंडिया गठबंधन को हार मिलते दिखाया गया। विपक्षी गठबंधन के तमाम नेता इन आंकड़ों को झूठा साबित करने में लगे हुए हैं। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'काल्पनिक सर्वेक्षण' करार दिया। राहुल गांधी ने जोर देकर कहा कि अलायंस 543 लोकसभा सीटों में से 295 सीटें जीतेगा। इस दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी एग्जिट पोल को झूठा ही बताया। अखिलेश ने लिखा, 'विपक्ष ने पहले ही घोषित कर दिया था कि भाजपाई मीडिया बीजेपी को 300 पार दिखाएगा, जिससे घपला करने की गुंजाइश बन सके ? इस एग्जिट पोल के माध्यम से जनमत को धोखा दिया जा रहा है।'

**अखिलेश बोले एग्जिट पोल से जनमत को दिया जा रहा धोखा**




यह एग्जिट पोल नहीं, बल्कि मोदी मीडिया पोल है और इसमें कोई सच्चाई नहीं है: **राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक की

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों तथा लोकसभा उम्मीदवारों के साथ आज वर्चुअल आधार पर बैठक की और विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार इस बैठक में 04 जून को मतगणना के दिन की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई।

नतीजों से पहले चुनाव आयोग से मिला इंडिया गठबंधन

# डाक मतपत्रों की पहले हो गणना

## कांग्रेस नेता सिंघवी ने कहा, चुनाव में डाक मतपत्रों की होती है अहम भूमिका

■ चुनाव आयोग ने 2019 के दिशानिर्देशों को बदला
■ डाक मतपत्र की चुनाव में होती है अहम भूमिका

**नई दिल्ली,** 2 जून (देशबन्धु) विभिन्न दलों के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को चुनाव आयोग से मुलाकात की और कहा कि डाक मतपत्र चुनाव परिणाम में अहम भूमिका निभाते रहे हैं इसलिए पोस्टल बैलट की गणना पहले की जानी जरूरी है। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने चुनाव आयोग से प्रतिनिधि मंडल की मुलाकात के बाद यहां निर्वाचन सदन के बाहर मौजूद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव में पोस्टल बैलट की अहम भूमिका होती है जो चुनाव परिणामों को इधर से उधर कर सकते हैं। इससे पहले 2019 में आयोग से आग्रह किया गया था कि पोस्टल बैलेट की गिनती पूरी होने से पहले मतपत्रों की गणना का काम खत्म नहीं किया जा सकता है और तब तक चुनाव परिणाम की घोषणा नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने 2019 के दिशानिर्देशों को बदला है जबकि नियम के अनुसार गाइडलाइन देकर आयोग नियमों को बदल नहीं सकता है। उनका कहना था कि कई बार पोस्टल बैलट के आधार पर भी चुनाव परिणाम बदले हैं।



बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल इससे पहले भी आयोग से इस बारे में दो बार मिल चुका है और आज वह इन मुद्दे पर तीसरी बार आयोग से मिला है : **अभिषेक मनु सिंघवी, कांग्रेस नेता**

**आयोग के सामने पांच मांगें रखीं**

- **पहली:** पोस्टल बैलट के परिणाम इवीएम के रिजल्ट से पहले जारी किए जाएं।
- **दूसरी:** नियमों के तहत काउंटिंग हो, पर्यवेक्षक इन नियमों को लागू कराएं।
- **तीसरी:** मतगणना की सीसीटीवी से मॉनिटरिंग हो और कंट्रोल यूनिट का वेरिफिकेशन हो।
- **चौथी:** मशीन से जो डेटा आए उसे कन्फर्म किया जाए।
- **पांचवीं:** ईवीएम को जब सील किया जाता है, तो उसे वेरिफाई करने के लिए काउंटिंग एजेंट होते हैं। उसे रीकन्फर्म किया जाए।

# धीरे-धीरे कम होगी लू की तीव्रता

**नई दिल्ली,** 2 जून (देशबन्धु)। मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को कहा कि उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में अगले तीन दिनों तक कम तीव्रता का लू चलने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के कुछ हिस्सों और जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, विदर्भ, ओडिशा और झारखंड के अलग-अलग इलाकों में आज से पांच जून (बुधवार) तक लू चलने का अनुमान है।

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों में उत्तर पश्चिम भारत में और अगले 48 घंटों में पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं होने का अनुमान लगाया है। इसके बाद, इन क्षेत्रों में तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने का अनुमान है।दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने पर मौसम विभाग ने कहा कि अगले दो-तीन दिनों में मध्य अरब सागर, कर्नाटक, रायलसीमा, तटीय आंध्र प्रदेश, पश्चिम-मध्य और उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। मौसम विभाग ने यह भी कहा कि अगले कुछ दिनों तक देश के पूर्वोत्तर, उत्तर-पश्चिम और दक्षिण प्रायद्वीपीय क्षेत्र सहित भारत के कई हिस्सों में गरज, बिजली और तेज हवाओं के साथ बारिश होने का अनुमान है।

बंगाल की खाड़ी से पूर्वोत्तर राज्यों तक तेज दक्षिणी हवाओं के प्रभाव के कारण अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में अगले सात दिनों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होगी।



■ अगले तीन दिनों तक रहेगा कम असर
■ अगले कुछ दिनों में कई जगहों पर बारिश

# नाबालिग ने कबूली शराब पीने की बात

**पुणे,** 2 जून (एजेंसियां)। पुणे पोर्श केस के आरोपी नाबालिग ने पुलिस की पूछताछ में स्वीकार किया है कि दुर्घटना की रात वह बहुत नशे में था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नाबालिग ने कहा कि उसे हादसे के बारे में ज्यादा कुछ याद नहीं है। पुलिस ने आरोपी की मां की मौजूदगी में उससे बाल सुधार गृह में 1 जून को पूछताछ की थी। जुवेनाइल बोर्ड ने 31 मई को नाबालिग से पूछताछ करने के लिए पुलिस को इजाजत दी थी। हादसे के बाद से नाबालिग से कोई पूछताछ नहीं की गई थी और न ही कोई बयान दर्ज किया गया था। इस बीच पुणे की एक अदालत ने रविवार (2 जून) को नाबालिग के पिता विशाल अग्रवाल और मां शिवानी अग्रवाल एविडेंस मिटाने के मामले में 5 जून तक की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। दोनों पर ब्लड सैंपल से छेड़छाड़ का आरोप है। आरोपी नाबालिग की मां शिवानी अग्रवाल को 1 जून की रात पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पुणे पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने बताया था शिवानी अग्रवाल पिछले कुछ दिनों से घर से गायब थीं।

**पुणे पोर्श मामला**



■ पुलिस को बताया, घटना याद नहीं
■ माता-पिता 5 जून तक हिरासत में

# असम में बाढ़ से छह लाख से ज्यादा प्रभावित

**गुवाहाटी,** 2 जून (एजेंसियां)। जहां एक तरफ उत्तर भारत के लोग भीषण गर्मी से परेशान हैं, वहीं दूसरी तरफ पूर्वोत्तर में बारिश रुकने का नाम नहीं ले रही है। असम में बाढ़ की स्थिति में कुछ खास सुधार नहीं हुआ। भारी बारिश के कारण 10 जिलों में छह लाख से भी ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया। नदियों का जलस्तर बढ़ने से प्रभावित हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। कोपिली, बराक और कुशियारा नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। 28 मई से लेकर अबतक बाढ़ और तूफान के कारण मरने वालों की संख्या 15 हो गई।

**तूफान के कारण अब तक 15 लोगों की जान गई**

**शिकायत** *आईआरसीटीसी जनता खाने को 20 रुपए में बेच रहा*

# रेलवे से 5 रुपए ज्यादा कीमत वसूल रहा आईआरसीटीसी

■ जोगेन्द्र सोलंकी

**नई दिल्ली, 2 जून (देशबन्धु)। दिल्ली में रेल यात्रियों से गजब की लूट मची है। रेलवे स्टेशनों पर सात पूड़ी, आलू की सब्जी अचार का रेट रेलवे के काउंटर पर 15 रुपए में जनता खाना के नाम से और यही खाना आईआरसीटीसी के काउंटर पर 20 रुपए में इकोनॉमी खाने के नाम से बिक रहा है। हमने खाने के दाम 25 फीसद ज्यादा होने की पड़ताल की तो पता चला कि ये रेलवे ने ही आईआरसीटीसी को ज्यादा कीमत वसूलने का आदेश दिया हुआ है।**

इस बारे में डीआरएम दिल्ली के सलाहकार प्रेम शंकर झा ने पूछने पर बताया कि रेलवे स्टेशनों पर रेलवे के काउंटर पर जो सात पूड़ी, आलू की सब्जी और अचार 15 रुपए में बिक रहा है। यह जनता खाना है। आईआरसीटीसी के काउंटर पर सात पूड़ी, आलू की सब्जी और अचार 20 रुपए में मिल रहा है। इसे इकोनॉमी खाना कहा जाता है। आईआरसीटीसी का रेट रेलवे बोर्ड से स्वीकृत है। वह रेलवे से अनुमति के बाद ही ये कीमत वसूल रहा है। अखिल भारतीय रेलवे खान पान लाइसेंसी वेलफेयर एसोसिएशन पदाधिकारियों का कहना है कि रेलवे का रेट वर्ष 2012 से निर्धारित है। इसके बाद से रेट नहीं बढ़ा। लेकिन एक ही खाने का दाम रेलवे स्टेशनों पर रेलवे के काउंटर पर अलग और आईआरसीटीसी के काउंटर पर अलग है। रेलवे के यात्रियों का आरोप है कि रेलवे की ओर से आईआरसीटीसी को फायदा पहुंचाने के लिए 15 रुपए के खाने को 20 रुपये में बेचने की अनुमति दी गई है। जब रेलवे के काउंटर पर यही खाना 15 रुपए में है तो रेल यात्रियों से ज्यादा पैसे क्यों वसूले जा रहे हैं।




■ रेलवे ने दे रखी है यात्रियों से 25 फीसद अधिक रेट की अनुमति
■ रेलवे स्टेशनों पर एक जैसे खाने पर लूट की छूट

**शिकायतपर सुनवाई नहीं**

एसोसिएशन पदाधिकारियों ने बताया कि आईआरसीटीसी के खाने का रेट रेलवे के जनता खाने से 25 प्रतिशत अधिक है। यह यात्रियों के साथ नाइंसाफी है। इसकी रेलवे बोर्ड समेत अन्य जगहों पर भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक मामले में कोई सुनवाई नहीं हुई। जल्द सुनवाई नहीं हुई तो मामले में किया जाएगा।

# देश

**उवाच** "अगली बार जब चुनाव और राजनीति की बात हो, तो फर्जी पत्रकारों और बड़बोले राजनेताओं पर अपना कीमती समय खर्च न करें। मेरे हिसाब से भाजपा इस बार कुछ अच्छे नंबरों के साथ वापसी कर सकती है। मुझे सीटों की संख्या में कुछ खास बदलाव नहीं दिख रहा।

–प्रशांत किशोर, राजनीतिक विशेषज्ञ



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 42.0 | 31.0 |
| मुंबई | 33.0 | 30.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 29.0 |

# जनता ने चुनाव में कांग्रेस व इंडिया गठबंधन का साथ दिया : कमलनाथ

## आम चुनाव के एक्जिट पोल को बताया भाजपा की साजिश

**भोपाल,** 2 जून (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आए एग्जिट पोल पर राजनेता प्रतिक्रिया दे रहे हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ ने तो एग्जिट पोल का जिक्र किए बिना भाजपा पर हमला बोल दिया। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के मतदान के बाद आए एग्जिट पोल में मध्य प्रदेश में कांग्रेस को 29 में से एक से तीन सीट और भाजपा को 26 से 29 सीट मिलने का अनुमान जताया गया है। वहीं, देश में भाजपा और एनडीए को भारी बहुमत का पूर्वानुमान है।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने एक्स पर लिखा, लोकसभा चुनाव का मतदान पूरा हो चुका है और आगामी चार जून को मतगणना का कार्य किया जाएगा। आप सबको मतगणना कार्य के लिए पार्टी की ओर से जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी मेहनत, कुशलता और निर्भय होकर निभाएं। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी झूठा प्रोपेगेंडा और मनोबल तोड़ने के लिए सारे हथकंडे अपना रही है। आप इन सब चीजों पर



भाजपा झूठा प्रोपेगेंडा व मनोबल तोड़ने के लिए सारे हथकंडे अपना रही है : कमलनाथ

ध्यान मत दीजिए और सिर्फ अपने काम पर ध्यान लगाइए। कमलनाथ ने कहा कि मतगणना के समय फार्म 17सी का मिलान सही तरीके से करें और ईवीएम खुलने का समय ध्यान से देखें। किसी तरह के दबाव में न आएं। छिंदवाड़ा ही नहीं पूरे देश और प्रदेश की जनता ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का साथ दिया है। परिणाम अच्छे आएंगे। मध्य प्रदेश में लोकसभा की 29 सीटें हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य की 29 में से 28 सीट जीती थी। सिर्फ, छिंदवाड़ा से कांग्रेस के उम्मीदवार नकुलनाथ विजयी हुए थे। इस बार भाजपा ने छिंदवाड़ा में जीत दर्ज करने के लिए पूरा जोर लगाया और पार्टी की ओर से लगातार दावा किया जा रहा है कि भाजपा सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

### मतगणना पर ध्यान रखें ताकि कोई गड़बड़ी न होने पाए : दिग्विजय



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह ने टीवी चैनलों के एक्जिट पोल पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र तीन जिलों में फैला है, ऐसे एक्जिट पोल तैयार करना संभव नहीं है। सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र तीन जिलों में फैला हुआ है राजगढ़, गुना और आगर मालवा। अगर किसी टीवी चैनल को यहां एक्जिट पोल करना था तो उसको इन तीनों जिलों में अपने लोग भेजने थे। क्या उन्होंने भेजे राघोगढ़ से लेकर सुसनेर तक एक ही दिन में एक साथ वोट डालकर बाहर आ रहे लोगों से पूछना कि किसको वोट दिया और एक्जिट पोल तैयार करना संभव नहीं। इसके लिए कम से कम 100 लोगों से ऊपर की टीम चाहिए। टीवी चैनलों के एक्जिट पोल्स में राजगढ़ शामिल नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी अपने सहयोगियों और समर्थकों से अपील है कि मतगणना पर ध्यान रखें ताकि कोई गड़बड़ी ना होने पाये। राजगढ़ में चुनाव आप सबकी कड़ी मेहनत और जनता के समर्थन से लड़ा गया है। बस एक काउंटिंग वाले दिन की मेहनत बाकि है। हमारे मतगणना एजेंट्स से बस एक अनुरोध और है। जब तक नतीजा घोषित ना हो जाए तब तक अपनी टेबल ना छोड़ें। हम लड़े हैं और हम जीतेंगे।

## बिहार के मधेपुरा में राजद नेता पर जानलेवा हमला

### युवा राजद के जिला सचिव हैं प्रदीप यादव

**मधेपुरा,** 2 जून (एजेंसियां)। बिहार में मधेपुरा जिले के मुरलीगंज थाना क्षेत्र में डुमरिया नहर के समीप सशस्त्र अपराधियों ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता प्रदीप यादव को गोली मार कर घायल कर दिया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि राजद नेता मुरलीगंज बाजार से दवा लेकर देर रात घर जा रहे थे। रास्ते में डुमरिया नहर के समीप सामने से आ रहे बाइक पर सवार बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी और हथियार लहराते हुए भाग निकले। गोली की आवाज सुनकर आस पास के लोग वहां पहुंचे और उनके परिजनों को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल को जननायक कर्पूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि यादव युवा राजद के जिला सचिव हैं। घटना की सूचना मिलते ही मुरलीगंज थाने की पुलिस मेडिकल कॉलेज पहुंच कर घायल से मामले की जानकारी लेते हुए जांच में जुट गई है। मामले को लेकर मधेपुरा एएसपी प्रवेंद्र भारती ने बताया कि अज्ञात अपराधियों ने मुरलीगंज से घर जाने के दौरान गोली मार दी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नियंत्रण रेखा के पार घुसपैठ की फिराक में आतंकवादी : स्वैन

### नियंत्रण रेखा के पार लॉन्च पैड सक्रिय



**जम्मू-कश्मीर,** 2 जून (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रश्मि रंजन (आरआर) स्वैन ने कहा कि नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार लॉन्च पैड सक्रिय है और करीब 60 से 70 आतंकवादी देश की सीमा में घुसपैठ की फिराक में हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पर सुरक्षबल पूरी सतर्कता के साथ तैनात हैं और दुश्मन के किसी भी नापाक इरादे को कामयाब नहीं होने देंगे।

डीजीपी ने कहा कि सुरक्षा को लेकर हुई विभिन्न बैठकों में यह निष्कर्ष सामने आया है कि सीमा पार से घुसपैठ कर आतंकियों को भेजना, हथियार नशे की खेप को भेजने के प्रयास अब भी किए जा रहे हैं, जिन्हें नाकाम बनाने के लिए सुरक्षाबल सतर्क हैं। उन्होंने कहा कि इन नापाक साजिशों को समय-समय पर विफल भी किया गया है। अभी भी खतरा बना हुआ है और प्रदेश में अस्थिरता लाने की दुश्मन बार-बार चाल चल रहा है, जिसे विफल बनाने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है।

डीजीपी स्वैन ने कहा कि किसी भी समय, अलग-अलग स्थानों पर पांच या छह के समूहों में लगभग 60-70 घुसपैठिये हमारी सीमा में घुसने के लिए इंतजार कर रहे होंगे।

### सीमापर से घुसपैठ करने वाले ड्रोन बड़ी चुनौती

ड्रोन गिराए जाने के मुद्दे पर आरआर स्वैन ने कहा कि ये घुसपैठ की गतिविधियां एक महत्वपूर्ण चुनौती पेश करती हैं। ड्रोन के जरिए आतंकवादी हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक, नकदी और मादक पदार्थों की तस्करी करते हैं। उन्होंने बताया कि हम पहले के मुकाबले अब इस खतरे से निपटने में काफी बेहतर स्थिति में आ गए हैं। लेकिन इन गतिविधियों को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए निरंतर सतर्कता की जरूरत है।

## सार संक्षेप

### धनखड़ ने दी तेलंगाना राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने तेलंगाना राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राज्यवासियों की सुख समृद्धि की कामना की है। धनखड़ ने रविवार को यहां जारी एक संदेश में कहा कि तेलंगाना अपनी समृद्ध विरासत, कृषि विविधता और प्रौद्योगिकी क्षमता के लिए जाना जाता है। यह राज्य सांस्कृतिक विविधता का केंद्र है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं। मैं तेलंगाना की निरंतर प्रगति और विकास की कामना करता हूं।

### मणिपुर में महसूस किया गया भूकंप का हल्का झटका

**इंफाल।** मणिपुर के चंदेल में रविवार को भूकंप का हल्का झटका महसूस किया गया। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.5 मापी गई। हादसे में किसी नुकसान या हताहत की कोई रिपोर्ट नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया कि भूकंप तड़के करीब 2.38 बजे अक्षांश 23.9 उत्तरी अक्षांश व 94.10 पूर्वी देशांतर में जमीन की सतह से 77 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

### सूरत में 42 लाख से अधिक मूल्य का एलएसडी ड्रग्स बरामद

**सूरत।** गुजरात में सूरत शहर के अडाजण क्षेत्र में विशेष अभियान समूह और पीसीबी की टीम ने 42,50,000 रुपए मूल्य का एलएसडी ड्रग्स और 65,460 रुपए कीमत का हाइब्रिड गांजा बरामद किया है। सूचना मिली थी कि पार्थ केतनकुमार मंदिर वाला डार्कवेब नामकी ऑन लाइन वेबसाइट से बेंगकोक से कुरियर के द्वारा ड्रग्स मगाकर बेचता है। सूचना के आधार पर अडाजण इलाके में पालनपुर पाटिया बीएसएनएल ऑफिस के निकट कृष्णकुंज सोसायटी स्थित पार्थ केतनकुमार मंदिर वाले के मकान पर छापा मारा गया। इस दौरान मौके से 65,460 रुपये कीमत का 21.820 ग्राम हाइब्रिड गांजा और 42,50,000 रुपये कीमत का एलएसडी ड्रग्स ब्लोटर पेपर नौ नग जब्त करके पार्थ केतन कुमार को पकड़ने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### पूर्णिया में व्यवसायी की गोली मारकर हत्या

**पूर्णिया।** बिहार में पूर्णिया जिले के भवानीपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने रविवार को एक व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हार्डवेयर व्यवसायी गोपाल कुमार यादुकार, भवानीबाजार स्थित अपनी दुकान पर काम कर रहा था, तभी बाइक पर सवार दो अपराधियों ने धावा बोला। इसके बाद अपराधियों ने व्यवसायी गोपाल कुमार यादुकार की गोली मारकर हत्या कर दी और फरार हो गए।

## मध्य अरब सागर के कुछ हिस्सों की ओर बढ़ा मानसून

**अमरावती/आंध्र प्रदेश,** 2 जून (एजेंसियां)। मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून मध्य अरब सागर के कुछ और हिस्सों, लक्षद्वीप के शेष हिस्सों और केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक के कुछ हिस्सों, रायलसीमा और आंध्र प्रदेश के शेष हिस्सों, दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के बांकि हिस्सों तथा मध्य एवं उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के अधिकांश हिस्सों की ओर बढ़ रहा है। यहां दैनिक मौसम रिपोर्ट में कहा गया कि अगले दो-तीन दिनों में मध्य अरब सागर के कुछ और हिस्सों, कर्नाटक के कुछ और हिस्सों, रायलसीमा और तटीय आंध्र प्रदेश और पश्चिम मध्य और उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। तटीय आंध्र प्रदेश और इसके आस-पास के क्षेत्रों पर बना चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र अब दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश-उत्तरी तमिलनाडु तटों पर समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर बना हुआ है। इसके प्रभाव से अगले 48 घंटों में उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में अलग-अलग स्थानों पर और अगले 24 घंटों में दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में भारी वर्षा होने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले पांच दिनों में उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में अलग-अलग स्थानों पर बिजली चमकने और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान है।

### महबूबनगर एमएलसी उपचुनाव बीआरएस में जीत पर बोले केटीआर

# सत्तारूढ़ पार्टी के प्रलोभनों के खिलाफ की जीत हासिल

**हैदराबाद,** 2 जून (एजेंसियां)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री के टी रामा राव (केटीआर) ने कहा है कि महबूबनगर विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) के उपचुनाव में महत्वपूर्ण जीत तेलंगाना के राजनीतिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। केटीआर ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के गृह जिले में स्थानीय निकायों की विधान परिषद सीट पर यह जीत राज्य में बदलते राजनीतिक परिदृश्य को उजागर करती है।

उन्होंने कहा कि बीआरएस ने सत्तारूढ़ पार्टी के प्रलोभनों के खिलाफ जीत हासिल की, जिससे महज छह महीने के भीतर कांग्रेस के शासन की विफलताएं उजागर हुईं। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम मौजूदा सत्तारूढ़ पार्टी के प्रति मतदाताओं के असंतोष और तेलंगाना के लिए बीआरएस के दृष्टिकोण में उनके विश्वास को दर्शाते हैं। मुख्यमंत्री के गृह जिले में एमएलसी सीट जीतना हमारे लिए गर्व की बात है। यह जीत न केवल खुशी लाई है, बल्कि हमारी जिम्मेदारियों को भी काफी हद तक बढ़ा दिया है। हमें विश्वास है कि यह जीत सिर्फ शुरुआत है और भविष्य में कई और सफलताओं का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने पार्टी के हर नेता, विधायक, पूर्व विधायक और खास तौर पर महबूबनगर जिले के स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि यह



मुख्यमंत्री के गृह जिले में एमएलसी सीट जीतना हमारे लिए गर्व की बात : केटीआर

जीत एक सामूहिक उपलब्धि है और यह हमारे पार्टी सदस्यों के अथक समर्पण और कड़ी मेहनत को दर्शाती है। हम तेलंगाना को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के अपने मिशन में एकजुट और दृढ़ हैं। बीआरएस इस गति को बनाए रखने और अटूट प्रतिबद्धता तथा ईमानदारी के साथ तेलंगाना के लोगों की सेवा जारी रखने के लिए तत्पर है। तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति के उम्मीदवार नवीन कुमार रेड्डी ने महबूबनगर स्थानीय निकायों के लिए एमएलसी उपचुनाव 109 वोटों के बहुमत से जीत लिया है। यह उपचुनाव पिछले नवंबर के विस चुनाव में महबूबनगर जिले के एमएलसी काशीरेड्डी नारायण रेड्डी के कांग्रेस विधायक के रूप में चुने जाने के बाद हुआ। रेड्डी ने एमएलसी पद से इस्तीफा दे दिया। यह उपचुनाव 28 मार्च को हुआ था। लोकसभा चुनाव संहिता के कारण नतीजे रविवार को घोषित किए गए।

### बीआरएस को बताया तेलंगाना की घरेलू पार्टी

केटीआर ने कहा कि बीआरएस हमेशा से तेलंगाना के लिए एकमात्र पार्टी रही है और आगे भी रहेगी। उन्होंने कहा कि यह परिणाम एक बार फिर साबित करता है कि बीआरएस तेलंगाना की घरेलू पार्टी है, जो लोगों की सच्ची आकांक्षाओं को दर्शाती है। केटीआर ने महबूबनगर एमएलसी चुनाव में जीत पर बीआरएस उम्मीदवार नवीन कुमार रेड्डी को हार्दिक बधाई दी। इसके अलावा, केटीआर ने महबूबनगर एमएलसी उपचुनाव में पार्टी की जीत के लिए अथक परिश्रम करने वाले बीआरएस परिवार के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया।

# रामकृपाल यादव पर फायरिंग की घटना दुर्भाग्यपूर्ण : सम्राट चौधरी

**पटना,** 2 जून (देशबन्धु)। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव पर फायरिंग और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा है कि लालू यादव नहीं बदले। लालू का मतलब गुंडागर्दी, गुंडों को प्रश्रय देने का उनका काम है। सम्राट चौधरी ने लोगों को भरोसा देते हुए स्पष्ट कहा कि कुछ ही दिनों में इन मामलों में कार्रवाई दिखेगी। पूरे मामले में चुनाव आयोग से भी कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में सांसद रामकृपाल यादव के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस चुनाव में लालू प्रसाद और उनके परिवार ने अराजकता दिखाने का काम किया है। चाहे सारण की घटना हो या पाटलिपुत्र का, साफ है कि यह परिवार पूरी तरह गुंडागर्दी पर उतर गया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि पूरे बिहार में चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया।

**भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की घटना पर लालू पर बोला हमला**



लालू का मतलब गुंडागर्दी, गुंडों को प्रश्रय देने का उनका काम : सम्राट चौधरी

### हिंसात्मक तरीके से जबरदस्ती वोट लेना गलत : यादव

पाटलिपुत्र के सांसद रामकृपाल यादव ने पूरी घटना का सिलसिलेवार विवरण दिया। उन्होंने कहा कि वे आज तक कभी भी सुरक्षा घेरे में नहीं रहे। उनकी सुरक्षा जनता और कार्यकर्ताओं ने ही की है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी उनपर हमले हुए और कई कार्यकर्ताओं को पीटा गया। उन्होंने बताया कि वे गोली चलने से स्तब्ध हैं। हिंसात्मक तरीके से जबरदस्ती वोट लेना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उन्हें न्याय मिले।

## केरल में भाजपा के जीतने की संभावना नहीं : माकपा



**तिरुवनंतपुरम,** 2 जून (एजेंसियां)। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की केंद्रीय समिति के सदस्य और पूर्व मंत्री ए.के. बालन ने रविवार को कहा कि जैसा कि एग्जिट पोल में अनुमान लगाया गया है, केरल में भाजपा के किसी भी लोकसभा सीट पर जीतने की कोई संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा उम्मीदवार और मलयालम फिल्म सुपरस्टार सुरेश गोपी त्रिशूर से जीत जाते हैं तो यह कांग्रेस की वजह से ही संभव होगा। सभी एग्जिट पोल ने अनुमान लगाया है कि केरल में भाजपा एक से चार सीटें जीतेगी। भाजपा को तिरुवनंतपुरम और त्रिशूर लोकसभा सीटें जीतने की भी उम्मीद है। केरल के पर्यटन और लोक निर्माण मंत्री और माकपा राज्य सचिवालय के सदस्य पी.ए. मोहम्मद रियास ने कोझिकोड में कहा कि केरल में भाजपा के सीटें जीतने वाले एग्जिट पोल किसी मजाक से कम नहीं हैं। भाजपा केरल में कोई भी सीट नहीं जीतेगी। 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान सभी एग्जिट पोल में मेरी सीट सहित कई माकपा नेताओं की हार का अनुमान लगाया गया था, लेकिन हमने सभी सीटों पर रिकॉर्ड अंतर से जीत दर्ज की।

## उत्तर प्रदेश में भाजपा की मौजूदा 22 सीटों पर इंडिया दे रहा कड़ी टक्कर



**नई दिल्ली,** 2 जून (देशबन्धु)। सातवें और अंतिम चरण का मतदान खत्म हो गया है। पिछली बार भाजपा और सहयोगी दलों ने उत्तर प्रदेश की 80 में से कुल 64 लोकसभा सीटों पर कब्जा कर लिया था लेकिन इस बार हालात उतने आसान नहीं है। नतीजे चाहे जो भी हो, लेकिन 2019 में जीती 22 लोस सीटों पर भाजपा को इस बार इंडिया गठबंधन के साथ कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है।

वैसे तो पश्चिम यूपी, मध्य यूपी और पूर्वी यूपी की 28 सीटें ऐसी हैं, जहां सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच कड़ा मुकाबला है। इसके पीछे मौजूदा सांसदों के खिलाफ स्थानीय भावनाएं, जातिगत समीकरण, जिसे विपक्ष ने ज्यादा बेहतर तरीके से साधा है, प्रमुख कारण है। भाजपा को जिन 22 सीटों पर विपक्ष से कड़ी चुनौती मिल रही है। इसमें चंदौली, अयोध्या, भदोही, मछलीशहर, प्रतापगढ, बांसगांव, खीरी, अलीगढ़, कैराना, फिरोजाबाद, फतेहपुर सिकरी, अमेठी, मोहनलालगंज, पीलीभीत, कन्नौज, कौशाम्बी, प्रयागराज, बाराबंकी, बस्ती, संत कबीरनगर, आजमगढ़ और बदायूं शामिल हैं।

बताया जा रहा है कि इनमें भी अयोध्या, अमेठी, खीरी, आजमगढ, कौशाम्बी, फतेहपुर सीकरी, भदोही और प्रतापगढ़ में पार्टी के उम्मीदवारों को अपने खुद के ही कार्यकर्ताओं के विरोध से जूझना पड़ा है। वहीं भाजपा नेताओं का भी मानना है कि कन्नौज, आजमगढ, बदायूं, गाजीपुर, घोसी और मछलीशहर सहित तकरीबन 11 सीटें ऐसी हैं, जहां भाजपा को विपक्ष ने कड़ी टक्कर दी है।

**तैयारी** *झारखंड में आम चुनाव की मतगणना को लेकर आवश्यक तैयारियां पूर्ण*

# सीसीटीवी की निगरानी व वीडियोग्राफी के बीच होगी मतगणना

**रांची, 2 जून (एजेंसियां)। झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस के अनुसार सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्ट्रांग रूम को खोलने से लेकर ईवीएम को काउंटिंग टेबल तक लाने और इसके बाद काउंटिंग की प्रक्रिया 360 डिग्री एंगल वाले सीसीटीवी के साथ-साथ वीडियो कैमरे की।**

निगरानी में पूरी की जाएगी। ऐसी व्यवस्था की गई है कि जिन परिसरों में मतगणना कराई जाएगी, उसका कोई भी स्थान शैडो एरिया नहीं रहेगा। राज्य निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि जिन जिला मुख्यालयों में काउंटिंग कराई जानी है, वहां 4 जून को धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। उस दिन जिलों में ड्राई डे घोषित किया किया है। मतलब, शराब की बिक्री पूरी तरह बंद रहेगी। सभी 14 सीटों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों ने सभी प्रत्याशियों को मतगणना के नियमों और निर्वाचन आयोग की गाइड लाइंस से अवगत करा दिया है। प्रत्याशी मतगणना हॉल के प्रत्येक टेबल के लिए काउंटिंग एजेंट रख सकते हैं। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार द्वारा निर्देश दिया गया है कि मतगणना हॉल में मौजूद रहने वाले काउंटिंग एजेंटों को नियमों की जानकारी दे दें।प्रत्येक मतगणना केंद्र पर विशेष ऑब्जर्वर तैनात रहेंगे, जो सुनिश्चित कराएंगे कि



■ 14 सीटों पर मतगणना कल : के. रवि कुमार

गाइडलाइंस का शत-प्रतिशत अनुपालन हो। प्रत्याशियों एवं सभी काउंटिंग एजेंटों को मतगणना केंद्र में प्रवेश के लिए पहचान पत्र जारी किया गया है। उनसे कहा गया है कि निर्धारित समय में केंद्र में प्रवेश कर जाएं। काउंटिंग एजेंटों को सिर्फ कॉपी, पेन एवं कागज लाने की ही अनुमति होगी। किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, खाने-पीने की वस्तु या अन्य कोई भी सामान मतगणना केंद्र के अंदर ले जाने की इजाजत नहीं है। सभी मतगणना केंद्रों पर अर्धसैनिक और पुलिस बल की पर्याप्त संख्या में तैनाती की गई है। जिन स्ट्रांग रूम में ईवीएम को रखा गया है, उनकी सुरक्षा के लिए त्रिस्तरीय इंतजाम किया गया है।

पहले लेयर में सीआरपीएफ, दूसरे लेयर में झारखंड स्टेट आर्म्ड पुलिस और तीसरे लेयर में जिला पुलिस की तैनाती है। बताया गया है कि सबसे पहले पोस्टल बैलेट स्ट्रांग रूम खुलेगा, जबकि ईवीएम वाले स्ट्रांग रूम सुबह 7 बजे खोले जाएंगे। सबसे पहले सुबह 8 बजे से इटीपीबीएस और पोस्टल बैलेट की गणना होगी। पोस्टल बैलेट की दो श्रेणियां हैं। पहली श्रेणी में सेना, अर्धसैनिक बलों के जवानों और अधिकारियों के मतपत्र हैं। दूसरी श्रेणी में चुनाव ड्यूटी में नियुक्त कर्मचारियों, अधिकारियों व सुरक्षा कर्मियों के मतपत्र हैं। इनकी गिनती में करीब आधे घंटे का वक्त लगने का अनुमान है।

चिंटू- भाई समोसा खाएगा ?
मिंटू- नहीं ,आज मेरा व्रत है
चिंटू- भाई मेरी तरफ से है
मिंटू- मीठी चटनी डालकर लाना
चिंटू- राहों में उनसे मुलाकात हो गई, जिससे डरते थे वही बात हो गई...इस गाने का क्या मतलब है ?
मिंटू- इसका मतलब है कि गायक का चालान कट गया है!

### तिहाड़ वापस जाने से पहले दिल्लीवालों से अरविंद केजरीवाल ने कहा

# हमारे लिए पहले देश है, 'आप' महत्वपूर्ण नहीं

**नई दिल्ली,** 2 जून (देशबन्धु)। आप'' के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने पार्टी मुख्यालय में अपने सांसदों, विधायकों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मुझे 21 दिन की मोहलत दी थी। मैं तहे दिल से सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया अदा करता हूं कि उन्होंने चुनाव प्रचार करने के लिए मुझे ये मोहलत दी। एक जून को 21 दिन पूरे हुए, अब मैं पार्टी मुख्यालय से सीधा तिहाड़ जेल जा रहा हूं। ये 21 दिन मेरे लिए बहुत विस्मरणीय हैं। मैंने एक भी मिनट खराब नहीं किया। रात-दिन 24 घंटे देश को बचाने के लिए प्रचार किया।

केवल आम आदमी पार्टी के लिए ही नहीं, बल्कि इंडिया गठबंधन की सारी पार्टियों के लिए प्रचार किया। मैं मुंबई, भिवंडी, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब और जमशेदपुर भी गया। देश बचाने के लिए जहां भी मौका मिला और जिसने भी बुलाया, उसी के लिए प्रचार करने के लिए गया। मेरे सामने देश था। आम आदमी पार्टी जरूरी नहीं है, पार्टी बाद की बात है हमारे लिए पहले देश है। मैं दिल्ली के लोगों को रहना चाहता हूं कि आज आपका बेटा दोबारा जेल जा रहा है। इसलिए नहीं कि मैंने कोई भ्रष्टाचार किया है, बल्कि इसलिए क्योंकि मैंने तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाने की जुर्रत की है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इस प्रचार के दौरान सबसे बढ़िया बात ये हुई कि सारे देश के सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आखिरकार यह कबूल कर लिया कि उनके पास मेरे खिलाफ रत्ती भर भी सबूत नहीं है। ये बार-बार कहते थे कि 100 करोड़ की रिश्वत ली है, लेकिन वो 100 करोड़ रुपए कहां गए?

500 से ज्यादा जगह इन्होंने रेड मार ली, अगर कहीं चवन्नी-अठन्नी भी मिली हो, या कहीं हमने खर्च किया हो, कहीं कैश पड़ा हो, कहीं लॉकर या स्विस बैंक में पैसा मिला हो, तो वो पैसा कहां गया? एक टीवी चैनल के इंटरव्यू में पत्रकार ने प्रधानमंत्री मोदी से पूछा कि केजरीवाल चारों तरफ कहता घूम रहा है कि आपके पास उसके खिलाफ कोई सबूत या रिकवरी नहीं है, तो फिर आपने उसे कैसे गिरफ्तार कर रखा है? इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं मानता हूं कि केजरीवाल के खिलाफ कोई सबूत नहीं है, उनके खिलाफ कोई रिकवरी नहीं है क्योंकि केजरीवाल अनुभवी चोर है। चलो मान लिया कि मैं अनुभवी चोर हूं, लेकिन तुम्हारे पास सबूत या रिकवरी तो नहीं है, फिर भी मुझे यूं ही जेल में डाल दिया।



ये 21 दिन मेरे लिए बहुत विस्मरणीय हैं। मैंने एक भी मिनट खराब नहीं किया, रात-दिन 24 घंटे देश को बचाने के लिए प्रचार किया। केवल आम आदमी पार्टी के लिए ही नहीं, बल्कि इंडिया गठबंधन की सारी पार्टियों के लिए प्रचार किया : अरविंद केजरीवाल

### इंडिया गठबंधन की सभी पार्टियां सतर्क रहें

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अभी शनिवार को एग्जिट पोल आए हैं। मेरे से लिखवा लो, सारे एग्जिट पोल फर्जी हैं। ये बिल्कुल फर्जी हैं। राजस्थान में कुल 25 लोकसभा सीट हैं, एक एग्जिट पोल वाले ने 25 में से 33 सीटें बीजेपी को दे दीं। उसको ऊपर से आदेश आया होगा कि बीजेपी को ज्यादा सीटें देनी हैं। इसलिए उसने कहा कि मोदी जी आप भी क्या याद रखोगे, आपको 25 में से 33 दे दिए। ये पूरा का पूरा एग्जिट पोल फर्जी है।
लेकिन असली मुद्दा ये है कि इनको गिनती से तीन दिन पहले फर्जी एग्जिट पोल कराने की क्या जरूरत थी? ये समझने वाली बात है। मुझे भी पहले समझ नहीं आया। कई सारे लोगों की कई सारी बातें चल रही हैं। कुछ लोग कह रहे हैं कि इन्होंने मशीनों का घोटाला कर दिया।

### प्रधानमंत्री मोदी को सिर्फ केजरीवाल और 'आप' से डर लगता है : संजय सिंह

सांसद संजय सिंह ने कहा कि किसी ने सपने में नहीं सोचा था कि बिजली फ्री हो सकती है, प्राइवेट स्कूल से अच्छे सरकारी स्कूल होंगे, केजरीवाल ने वो सपना सच करके दिखाया। केजरीवाल ने मोहल्ला क्लीनिक बनाया, दवाइयां मुफ्त की, बुजुर्गों की तीर्थ यात्रा कराई, माताओं-बहनों के लिए बस की यात्रा फ्री कर दी। एक ऐसा आदमी हिन्दुस्तान की राजनीति में उभरा, जिसने 10 साल के अंदर आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी बनाने का गौरव हासिल किया। इसलिए देश की तानाशाह सरकार और नरेंद्र मोदी को सिर्फ अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी से खौफ है। इसलिए वो चाहते हैं कि किसी भी तरह से केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की सरकार को खत्म करें। मैं प्रधानमंत्री को कहना चाहता हूं कि एक नहीं, एक हजार कोशिश लेंगे, फिर भी 'आप' दिन दुनी-रात चौगुनी आगे बढ़ती रहेगी।

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण प्रणाली शुरू




**नई दिल्ली,** 2 जून (देशबन्धु)। उत्तर रेलवे ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के अजमेरी गेट की ओर पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण प्रणाली शुरू की है। यह प्रणाली दिल्ली के इस सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशन पर यातायात की आवाजाही को नियंत्रित करने और भीड़भाड़ को कम करने के लिए डिजाइन की गई है। यह प्रणाली यात्रियों को सुविधा प्रदान करेगी और यातायात की आवाजाही को सुचारू बनाएगी। यह अनुबंध रेलवे द्वारा दिया गया है। ठेकेदार द्वारा वसूले जाने वाले शुल्क अनुबंध की शर्तों के अनुसार हैं। अनुबंध के अनुसार 30 मिनट से अधिक समय तक पिक अप और ड्रॉप सुविधा की अनुमति नहीं दी जाएगी और ऐसा पाए जाने पर वाहनों को टो करके ले जाया जाएगा। इसके अलावा, यदि यात्री अधिक समय तक रुकना चाहते हैं और स्टेशन पर 'पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण प्रणाली' से बचना चाहते हैं, तो एनडीएलएस स्टेशन पर सामान्य और प्रीमियम कार पार्किंग स्थल उपलब्ध हैं, और केवल पार्किंग शुल्क लिया जाता है।

30 मिनट से अधिक समय तक पिक अप व ड्रॉप सुविधा की अनुमति नहीं दी जाएगी

## सार संक्षेप

### आतिशी ने हरियाणा, यूपी से किया अतिरिक्त पानी देने का अनुरोध

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जारी पानी की कमी के बीच जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मानसून आने तक एक महीने के लिए राष्ट्रीय राजधानी को अतिरिक्त पानी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली इस साल अब तक के सबसे बुरे जल संकट का सामना कर रही है। इस साल पानी की मांग कई गुणा बढ़ गई है। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री को लिखा है, तापमान लगभग 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। दिल्ली अपने जल संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर रही है। मौजूदा संकट से निपटने के लिए हरियाणा को यमुना में तत्काल अतिरिक्त पानी छोड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वजीराबाद बैराज पर यमुना नदी में पानी का स्तर घटकर 670.3 फीट रह गया है जबकि सामान्य स्तर 674.5 फीट है। उन्होंने पत्र में लिखा, पानी के स्तर में कमी के कारण हमारे जल शोधन संयंत्रों की उत्पादन क्षमता बुरी तरह प्रभावित हुई है। दिल्ली के लोगों की मांग पूरी करने और रोजमर्रा की जरूरतों के लिए यमुना में तुरंत अतिरिक्त पानी की जरूरत है।

### पत्र लिखने के बजाए तालाबों की सफाई व लीकेज को रोकने के लिए काम करें : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने जल मंत्री आतिशी की जल संकट के नाम पर राजनीति करने की निंदा की है। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में कच्चे पानी की कमी नहीं है क्योंकि हरियाणा और उत्तराखंड दोनों दिन प्रतिदिन अत्यधिक पानी प्रदान कर रहे हैं जो दिल्ली जल बोर्ड के रिकॉर्ड से सत्यापित किया जा सकता है। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली का जल संकट दो कारणों से है, पहला यह कि दिल्ली का अधिकांश शुद्धिकृत पानी या तो लीकेज में खो जाता है या चोरी में और दूसरा कि वजीराबाद जल बांध तालाब और सोनिया विहार प्लांट दोनों मिट्टी से भर गए हैं और उनकी पानी रोकने की क्षमता केवल 10 प्रतिशत है। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष ने दिल्ली की जल मंत्री आतिशी से कहा कि हरियाणा और यूपी के मुख्यमंत्रियों को राजनीतिक उद्देश्यों से भरे पत्र लिखना बंद करें और वजीराबाद बैराज एवं सोनिया विहार जल प्लांट में भरी कीचड़ को साफ करने के लिए काम करें और पेय जल की चोरी और लीकेज बर्बादी को रोकने के लिए काम करें जिससे दिल्ली में जल संकट समाप्त हो सके।

### दिल्ली में पुरस्कृत हुए साइंस ओंलंपियाड के विजयी प्रतिभागी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में रविवार को 26वें साइंस ओलंपियाड के विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया है। इसके लिए यहां के डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में एक समारोह का आयोजन किया गया। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मुख्य न्यायाधीश दीपक मिसरा और मशहूर लेखक चेतन भगत शामिल हुए। इस मौके पर विभिन्न श्रेणियों में 198 प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया गया, जिनमें से 66 छात्रों को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं 66 छात्रों को द्वितीय और 66 छात्रों को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साइंस ओलंपियाड द्वारा आयोजित परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल करने वाले छात्रों को स्वर्ण पदक, प्रमाणपत्र और 50 हजार रुपये की राशि से सम्मानित किया गया। वहीं द्वितीय स्थान हासिल करने वाले छात्रों को रजत पदक, प्रमाणपत्र और 25 हजार रुपए तथा तृतीय स्थान हासिल करने वाले छात्रों को कांस्य पदक, प्रमाणपत्र और 10 हजार रुपए की राशि से सम्मानित किया गया।

## कांग्रेस के काउंटिंग एजेंट दिल्ली की लोकसभा सीटों पर मतगणना करने के लिए पूरी तरह तैयार : देवेंद्र यादव

- एग्जिट पोल की राय को किया खारिज

**नई दिल्ली,** 2 जून (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि 4 जून को होने वाले मतगणना के लिए दिल्ली कांग्रेस के तीनों लोकसभा सीटो पर काउंटिंग एजेंट्स की ज़िम्मेदारी लगा दी गई है । उन्होंने कहा कि काउंटिंग एजेंट्स को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और उनके लिए प्रशिक्षण शिविर भी लगवाए गए है जिससे की किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि ना रह जाए ।

उन्होंने कहा कि हमारे तीनों उम्मीदवारों के काउंटिंग एजेंट दिल्ली की लोकसभा सीटों पर मतगणना का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और उन्होंने जोर देकर कहा कि चुनाव के दिन हमारे पोलिंग एजेंट्स और कूर्डिनेटर्स की रिपोर्ट के आधार और जनता के रुझान से न केवल कांग्रेस के उम्मीदवार अपने तीनों संसदीय क्षेत्रों में शानदार जीत दर्ज करेंगे, बल्कि इंडिया अलायंस सभी 7 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगा क्योकि दिल्ली की जनता ने काम न करने वाली भाजपा को पूरी तरह से नकार दिया है। देवेंद्र यादव ने एग्जिट पोल की राय को खारिज करते हुए कहा कि एग्जिट पोल की राय सटीक नहीं है क्योंकि ये इग्ज़ैक्ट पोल नतिंजे नहीं है और पूर्व में भी एग्जिट पोल के एकदम उलट भी नतीजे आए हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जनता का सर्वे करवाया है और उसमे स्पष्ट तौर पर कांग्रेस और इंडिया गठबंदन की सरकार केंद्र में बनने जा रही है और 4 जून को जब मतगणना होगी तो कांग्रेस और इंडिया अलायंस दिल्ली में सभी सीटो पर जीत हासिल करेंगे ।

उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी जी ने इन एग्जिट पोल को मोदी का पोल करार दिया क्यों जब देश की जनता ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को 295 सीटो से ऊपर विजयी बनाने के मत दिया है तो इन प्रतोजित एग्जिट पोलों का कोई औचित्य नहीं बनता ।



- काउंटिंग एजेंट्स को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और उनके लिए प्रशिक्षण शिविर भी लगवाए गए है जिससे कोई त्रुटि ना रह जाए : देवेंद्र यादव



- भाजपा नेता निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल, ओम पाठक व अन्य कार्यकर्ता चुनाव आयुक्तों के साथ बैठक कर नई दिल्ली निर्वाचन सदन से बाहर आते हुए।

फोटो : इम्तियाज खान

## एमसीडी कमजोर व खतरनाक संपत्तियों का सर्वेक्षण करें : कपूर

**नई दिल्ली,** 2 जून (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने एक पत्र में दिल्ली नगर निगम के कमिश्नर का ध्यान नगर निगम के सिटी सदर, सिविल लाइंस, करोल बाग, नरेला और शाहदरा उत्तर जोनों के संबंधित जोनल अधिकारियों के द्वारा कमजोर खतरनाक भवनों का वार्षिक मॉनसून पूर्व सर्वेक्षण कार्य शुरू ना करने की ओर आकृष्ट किया है, जो मॉनसून की शुरुआत के साथ ही गंभीर घातक दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है।



भाजपा के प्रवक्ता ने कमिश्नर एमसीडी से एक पत्र में कहा है कि इस साल हमारे सामने अत्यधिक गर्मी का मौसम है और इसके परिणामस्वरूप संरचनात्मक कमजोर संपत्तियों में दरारें तेजी से उत्पन्न हो रही हैं और मॉनसून की शुरुआत के साथ ऐसी इमारतें मौसम की विवादितताओं का सामना नहीं कर पाएंगी। हर साल हम देखते हैं कि मॉनसून के दौरान अनेक संरचनात्मक कमजोर इमारतें गिर जाती हैं।

## मुख्यमंत्री का विरोध कर रहे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित कई कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया

**नई दिल्ली,** 2 जून (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल जाने से पहले राजघाट स्थित महात्मा गांधी समाधि स्थल पर पहुंचे। इस दौरान भाजपा के कार्यकर्ताओं ने उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी की। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में कार्यकर्ता पोस्टर बैनर और काले झंडे लेकर विरोध करने पहुंचे थे।

केजरीवाल का विरोध कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है। इसमें वीरेंद्र सचदेवा सहित कई बड़े नेता भी शामिल है। सचदेवा को हिरासत में लेने के बाद प्रदर्शन खत्म हो गया। करीब 15 मिनट तक भाजपा के कार्यकर्ताओं ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। इस दौरान सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने अपने ऑफिस से महात्मा गांधी की तस्वीर हटा दी और आज शराब तस्कर के रूप में बापू की समाधि पर तमाशा करने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचारी है और नौटंकी कर रहे हैं। दिल्ली की जनता पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रही है, लेकिन अरविंद केजरीवाल महात्मा गांधी की समाधि पर आकर नौटंकी कर रहे हैं।



## पीईएफआई राष्ट्रीय अंडर-17 फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए टीम ने की तैयारी



**नई दिल्ली,** 2 जून (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली के अटल आदर्श विद्यालय, लोधी रोड पर दिल्ली अंडर 17 बॉयज फुटबॉल टीम का प्रशिक्षण मैच का आयोजन किया गया, फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 22 से 28 जून, 2024 तक बर्दवान विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल में आयोजित होने वाला तीसरा पीईएफआई राष्ट्रीय अंडर-17 फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 के लिए दिल्ली टीम ने अपनी तैयारी को मजबूत करने में जुटी है । दिल्ली अंडर-17 टीम के लिए चयन समिति द्वारा 25 बच्चो को चुना गया है, जो 27 अप्रैल, 2024 को अमित कुमार सचिव, दिल्ली चैप्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

प्रशिक्षण मैच में कुल 55 खिलाड़ी ट्रायल के लिए आए थे जिसमे से 25 खिलाड़ियों का चयन किया गया। पहला प्रशिक्षण मैच 4 मई, 2024 को और दूसरा प्रशिक्षण मैच 10 मई, 2024 को आयोजित किया गया था। स्क्रीनिंग के बाद अंतिम फिटनेस शिविर 18 मई, 2024 को आयोजित किया गया था। इसी कड़ी में 28 मई को भी मैच रखा गया, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा कि यह अंडर-17 टूर्नामेंट भारत के लिए अच्छे प्रतिभाशाली खिलाड़ी ला सकता है ।

टीम के हेड कोच चंदर मोहन गोस्वामी ने बताया कि हम खिलाड़ियों की तैयारी में पूरा जोर लगा रहे है जिसके परिणाम भी बेहतरीन होंगे। बच्चो की फिटनेस ट्रैनर तरुण मेहरा ने बताया कि हम सभी तरह की मेडिकल और फिजिकल फिटनेस पर ध्यान दे रहे है और पूरी टीम को प्रतियोगिता से पहले सही व सटीक डाइट भी दे रहे है। टीम मेंटोर संदीप ढोले (फुटबॉल कोच) ने बताया कि दिल्ली के खिलाड़ियों का बहुत अच्छी क्षमता है और उच्चस्तरीय प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है ।

टीम मैनेजर अमित कुमार ने कहा कि खिलाड़ी का चयन से लेकर फ़िटनेस, ट्रेनिंग व टूर्नामेंट में ले जाने तक कि जिम्मेदारी हम पूरी निष्ठा से निभा रहे है और खिलाड़ियों का जीत पक्की करने के लिए उनका उत्सवर्धन भी लगातार कर रहे है। डॉ. पीयूष जैन, सचिव, पेफ़ी और भारतीय खेल प्राधिकरण, शासी निकाय के सदस्य और पेफी के अतिरिक्त सचिव और खेलो इंडिया ई-खेल पाठशाला के गवर्निंग बॉडी सदस्य डॉ. चेतन कुमार ने चैंपियनशिप के लिए दिल्ली अंडर-17 फुटबॉल टीम की सराहना की।

## पद्मश्री सम्मान की श्रेणी से यूनानी चिकित्सा पद्धति को बाहर किए जाने पर चिंता जताई

**नई दिल्ली,** 2 जून (देशबन्धु)। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस ने पद्मश्री सम्मान की केटेगरी से यूनानी चिकित्सा पद्धति को बाहर किए जाने पर चिंता व्यक्त की है। तिब्बी कांग्रेस के महासचिव डॉ सैयद अहमद खान ने केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को लिखे पत्र में कहा है कि पूर्व में यूनानी चिकित्सा पद्धति की केटेगरी से पद्मश्री सम्मान मिलता रहा है लेकिन आयुष विभाग की असंवेदनशीलता के कारण पद्मश्री सम्मान के लिए जो नोटिफिकेशन जारी किया गया है उसमें यूनानी चिकित्सा पद्धति को छोड़ दिया गया है। इस वजह से पद्मश्री सम्मान की केटेगरी से यूनानी चिकित्सा पद्धति को बाहर कर दिया गया है।

डॉ खान ने कहा है कि यूनानी चिकित्सा पद्धति की केटेगरी से हकीम सैफुददीन, हकीम सैयद शर्फुददीन कादरी सहित 2014 में हकीम सैयद खालीफतउल्लाह और 2017 हकीम एम ए वहीद को पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। इससे साबित होता है कि पूर्व में पद्मश्री सम्मान के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया में यूनानी चिकित्सा पद्धति की कैटेगरी मौजूद थी। डॉ खान आयुष विभाग पर यूनानी पद्धति के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि जानबूझकर आयुष विभाग के जरिए यूनानी चिकित्सा पद्धति को पद्मश्री सम्मान की केटेगरी से बाहर किया गया है। डॉ खान ने बताया कि जब से एनसीआईएसएम की स्थापना हुई है तब से इसके जरिए जारी होने वाले सभी प्रकार के नोटिफिकेशन और पत्रों आदि में भारतीय चिकित्सा पद्धति में शामिल सभी पद्धतियों का उल्लेख किया जाता है जिसमें यूनानी पद्धति भी शामिल है। लेकिन अक्सर देखने में यह आया है कि आयुष विभाग के जरिए जारी किए जाने वाले सर्कुलर और पत्रों आदि में यूनानी चिकित्सा पद्धति को दरकिनार कर दिया जाता है। उन्होंने केंद्रीय गृह सचिव को लिखे पत्र में पद्मश्री सम्मान के लिए यूनानी चिकित्सा पद्धति को दोबारा से शामिल किए जाने की मांग की है।



# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

सेक्टर-8 में एक प्लॉट पिछले कई सालों से बंद है। रविवार दोपहर करीब तीन बजकर 20 मिनट पर प्लॉट में आग लगने की सूचना मिली। इस पर फायर की 6 गाड़ियों को मौके पर रवाना किया। मौके पर जांच करने पर पता चला कि प्लॉट में स्कोडा कंपनी की स्क्रैप की गई करीब 35 कारें खड़ी हैं।

**प्रदीप चौबे, सीएफओ**

## प्राधिकरण बनाएगा लेबर सेंटर, 48 लाख होंगे खर्च

### 240 लोगों के बैठने की होगी व्यवस्था

**नोएडा,** 2 जून (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण ने लेबर सेंटर बनाने का निर्णय लिया है। यह सेंटर सेक्टर-49 चौराहे के पास बनाया जाएगा। यहां पर करीब 240 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। इसको बनाने में करीब 48 लाख रुपए का खर्चा आएगा। शहर में मजदूरों के लिए बैठने या रूकने के लिए कोई जगह नहीं है। ऐसे में मजदूर दिन भर खड़े होकर ही अपनी रोजी रोटी की तलाश में लगे रहते हैं। ऐसे में इस तबके को सुविधा देने के लिए लेबर सेंटर बनाने का निर्णय लिया गया है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-49 चौराहे के पास लेबर सेंटर बनाने का निर्णय लिया गया है। इस जगह को औद्योगिक विकास आयुक्त एवं नोएडा-ग्रेनो प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह ने भी मंजूरी दे दी है। यह सेंटर करीब 200 वर्ग गज में बनाया जाएगा। यहां पर एक साथ 240 लोग बैठ सकेंगे। इसके लिए कुर्सियां लगाई जाएंगी। मजदूरों के लिए पंखे के अलावा पानी पीने की भी व्यवस्था होगी। सेक्टर-49 चौराहे पर ही मजदूरों को खाना खिलाने की व्यवस्था जल्द प्राधिकरण शुरू करने जा रहा है। इसके लिए प्राधिकरण एक-दो एनजीओ से संपर्क कर रहा है। जो जल्द फाइनल हो जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि ट्रायल के तौर पर शुरुआत में कुछ दिन तक मुफ्त में खाना खिलाया जाएगा। इसके बाद न्यूनतम शुल्क तय कर दिया जाएगा। सीईओ के निर्देश पर नोएडा प्राधिकरण की टीम ने सहारनपुर में मजदूरों के लिए चल रही रसोई की व्यवस्था देखी थी।

**सार संक्षेप**

### सीआरटी टीम ने 25 हजार के इनामी को किया गिरफ्तार




**नोएडा।** सीआरटी स्वाट और थाना सेक्टर-58 पुलिस ने एमआईपी बाइक धोखाधड़ी के प्रकरण में 25,000 रुपए का इनामी वांछित बदमाश को गिरफ्तार किया। बदमाश ने पूछताछ में बताया कि वह किसी व्यक्ति द्वारा एक बाइक चलाने के लिए 62,100 जमा करता तो उसे 10,100 प्रतिमाह मिलते और 5,000 रुपया कमीशन उसी वक्त मिलता था। कंपनी में काम करने के एवज में प्रतिमाह 10,000 मिलते। मैपल इनोवेटिव प्रमोटिव के नाम से यह कंपनी बनाई गई थी। इसमें कई करोड़ रुपया इकट्ठा हुआ था। इस कमीशन का पैसा आने के लिए मैंने अपना एक खाता सेक्टर-51, नोएडा में खुलवाया था। मैंने इस कंपनी में करीब 01 साल काम किया था। इस दौरान मैने इस कंपनी से करीब 11 लाख रुपए कमाये थे। इसके बाद यह कंपनी पैसा लेकर के भाग गई। इसके बाद मैं भी नोएडा से भाग गया था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### कंपनी के पूर्व कर्मचारियों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** सेक्टर-62 स्थित कंपनी ने अपने पूर्व कर्मचारियों पर धोखाधड़ी और कंपनी के ग्राहकों का डाटा चोरी करके लाखों का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। इसको लेकर कंपनी के अधिकृत अधिकारी ने चार लोगों और आरोपी कंपनी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। सेक्टर-62 स्थित वाईपीएल एनफोटेक प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी आकाश कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी कंपनी देश और दुनिया की बड़ी कंपनियों में प्लेसमेंट कराने का काम करती है। पूर्व कर्मचारी रवि अग्रवाल और अरुण कुमार ने टीएसटी ग्रुप की प्रिया तोमर के साथ मिलकर कंपनी के साथ धोखाधड़ी की। टीएसटी ग्रुप भी उनकी कंपनी की तरह देश और दुनिया में हाइरिंग और प्लेसमेंट का काम करता है। आकाश ने बताया कि आरोपी कर्मचारी प्रत्यूष कुमार और विवेक कुमार मई में बिना किसी नोटिस के कंपनी से इस्तीफा देकर चले गए। आरोपी कर्मचारियों के पास कंपनी के ग्राहकों से जुड़े जरूरी डाटा के साथ ही अन्य संवेदनशील जानकारियां थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### फोन पर मिली दो भाइयों को जान से मारने की धमकी, तीन पर मुकदमा दर्ज

**दनकौर।** दनकौर क्षेत्र के रीलखा गांव के रहने वाले एक व्यक्ति के फोन पर उसके दो बेटों को जान से मारने की धमकी दी गई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफकेस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले की जांच कर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। रीलखा गांव के रहने वाले इंद्रजीत कसाना का कहना है कि 29 मई को उनके फोन पर अज्ञात नम्बर से कॉल आया। आरोप है कि आरोपी ने अपनी पहचान नहीं बताई और पीड़ित के दो बेटों को जल्द ही जान से मारने की धमकी देने लगा। साथ ही चेतावनी दी गई है कि अपने बच्चों को बचा सकते हो तो बचा लो। घटना के बाद पीड़ित पिता ने पुलिस से मामले की शिकायत की।









## 18.27 एकड़ में तैयार होगा नोएडा का जू थीम पार्क

- कबाड़ से बने आर्टिफिशियल जानवरों को रखा जाएगा
- नाइट सफारी के साथ दिखेगा 4डी कांसेप्ट

**नोएडा,** 2 जून (देशबन्धु)। एनसीआर का पहला नेचुरल ट्रेल ऑफ आर्टिफिशियल जू थीम पार्क दिल्ली के एकदम नजदीक महामाया फ्लाईओवर के पास बनाया जा रहा है। छह महीने में इसका काम पूरा हो जाएगा। यहां कबाड़ से बने आर्टिफिशियल जानवरों को रखा जाएगा। जिनको लोहे के कबाड़ से बनाया गया है। ये जानवर अपनी आवाज में बोलेंगे। रात में इनकी आंख चमकेगी, गर्दन के साथ इनके हाथ पैर भी हिलेंगे। इन जानवरों को 4डी कांसेप्ट पर तैयार किया जा रहा है। इनके बनाने का काम पूरा कर लिया गया है। अब पार्क में इनको लगाया जाएगा।

इन पार्क को नोएडा जंगल ट्रेल नाम दिया गया है। ये भी दावा किया जा रहा है कि ये देश का पहला वेस्ट टू वाइल्ड लाइफ पार्क है। इस पार्क को तीन जोन में बांटा गया है। 18.27 एकड़ में इसे बनाया जा रहा है। पार्क नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे के दोनों और ओखला की ओर जाने वाले कट के पास डेवलेप किया जा रहा है। पार्क को एक फुटओवर ब्रिज और एक अंडरपास से कनेक्ट किया जाएगा। पार्क के एक हिस्से में नाइट सफारी भी की जाएगी। इसलिए अंडरपास के जरिए पार्क के दोनों हिस्से को जोड़ा जा रहा है। इस अंडरपास से ई कार्ट जाएंगे।

### पार्क को तीन जोन में बांटा गया

पार्क के तीन जोन में बांटा गया है। पहला जोन-ए 4.05 एकड़ का है। इसमें पार्किंग, एंपीथियेटर (1000 लोगों की क्षमता का ), फूड कोर्ट और एक्जीबीशन एरिया है। यहां 8 बसों और 76 कारों की पार्किंग होगी। जोन-बी 8.77 एकड़ का बनाया जा रहा है। इसमें ट्रोपिकल रेन फारेस्ट, ग्रास लैंड, वेट लैंड को बनाया जाएगा। जोन-ए और बी को जोड़ने के लिए एक्सप्रेस वे के ऊपर एक एफओबी बनाया जाएगा। तीसरा जोन-सी 5.45 एकड़ का है। इसमें आईएस लैंड ओसियन, ट्रेमप्रेट फारेस्ट और पोलर रीजन होगा। इस पार्क को बनाने वाली कंपनी ही इसका संचालन और मेंटेनेंस करेगी। पार्क में आने वाले लोगों के लिए टिकट रखा जाएगा जिसका 50-50 प्रतिशत राजस्व की हिस्सेदारी होगी।

### पार्क में सभी पर्यावरण से संबंधित जानवरों को रखा जाएगा

पार्क में जल, मरुस्थल, बर्फ और घने जंगलों में रहने वाले 800 जानवरों को बनाया जाएगा। फूड कोर्ट होगा, किड्स प्ले एरिया बनाया जाएगा, पिकनिक स्पॉट होगा। वेस्ट के जरिए आउटडोर फर्नीचर, आउट डोर लाइटिंग और शॉप बनाई जाएंगी।

#### 500 टन से तैयार किए जा रहे डायनासोर

पार्क में 500 टन लोहा वेस्ट का प्रयोग किया जा रहा है। इस लोहे से जंगली जानवरों को बनाया गया है। इसमें विलुप्त जानवरों को भी शामिल किया गया है। जिसमें डायनासोर और उसकी अन्य जातियों के जानवर शामिल है। इसे पूर्णता लोहे से बनाया गया है। जिसमें उनकी आवाज को साफ्ट वेयर के जरिए फीड की गई है। इसके बाद लोहे से पार्क में स्कल्पचर बनाए जाएंगे। इसके अलावा प्लास्टिक वेस्ट का प्रयोग भी किया जाएगा। इस पार्क को बनाने में करीब 15 करोड़ रुपए खर्च किया जाएगा। इसमें हाथी, पैंगुविन, शेर, जिराफ, बर्ल्डस, बत्तख, फ्लेमिंगो, बटरफ्लाई, जंगली भैसे, डाइनासोर, गेंडा, मोर, भालू, क्वाला, पांडा आदि को बनाया जाएगा।

#### ई कार्ट से देखेंगे नाइट सफारी

नोएडा जंगल ट्रेल में आप नाइट सफारी भी कर सकेंगे। यहां बनाया जाने वाला अंडरपास करीब दो करोड़ की लागत से तैयार किया जाएगा। इसका निर्माण प्राधिकरण करेगा। इस अंडरपास में ई कार्ट और पैदल जाया जा सकेगा। इस अंडरपास और पार्क को फसाड और अन्य कांसेपट लाइटों से सजाया जाएगा। ताकि ये दिखने में बिल्कुल जंगल का लुक दे। इस अंडरपास का निर्माण जून में शुरू हो जाएगा। ये पार्क करीब 27 मीटर लंबा होगा। इसकी चौड़ाई 6 मीटर के आसपास होगी। ताकि ई कार्ट आसानी से निकल सके।

## युवती का जबरन धर्म परिवर्तन करा कर निकाह कराया

### 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 2 जून (देशबन्धु)। थाना अंकुर विहार पुलिस ने दूसरे धर्म की युवती का धर्म परिवर्तन कराने वाले एक शख्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

16 मई को थाना अंकुर विहार पर एक युवती ने तहरीर दी कि अमान नामक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म दुष्कर्म किया और तथा एक मौलाना के साथ मिलकर जबरन धर्मपरिवर्तन कराकर निकाह कर लिया। जिसके सम्बन्ध में थाना अंकुर विहार पर तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग (दुष्कर्म व उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम) पंजीकृत किया गया।



एसीपी अंकुर विहार सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि थाना अंकुर पुलिस टीम ने 17 मई को अमान निवासी एफ 15 वेद विहार 1 फ्लोर, डीएलएफ अंकुर विहार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वादिया का जबरन निकाह व धर्म परिवर्तन कराने वाला मौलाना फरार हो गया। मौलाना शाने आलम की गिरफ्तारी पर पुलिस उपायुक्त ग्रामीण गाजियाबाद 25 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था।

आज थाना अंकुर विहार पुलिस टीम ने शाने आलम पुत्र महबूब अहमद निवासी छेवडा फिरदौस मस्जिद के पास थाना कोतवाली अमरोहा जनपद अमरोहा को सभापुर कट के पास से गिरफ्तार किया गया।

## ओयो होटल में छापेमारी, देह व्यापार में चार युवक गिरफ्तार, होटल संचालक फरार

- टीम महिलाओं को मुक्त कराया
- महिलाओं से जबरन कराया जा रहा था देहव्यापार

**गाजियाबाद,** 2 जून (देशबन्धु)। सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम व थाना इंदिरापुरम पुलिस टीम ने रविवार को ओयो होटल क्यूबि इन में छापा मारकर देह व्यापार के अनैतिक कार्य में लिप्त चार लोगों को आपत्तिजनक सामान सहित गिरफ्तार किया। मौके से 3 महिलाओं को मुक्त कराया गया। एसीपी स्वतंत्र सिंह ने बताया कि 112 हेल्पलाइन के जरिए सूचना प्राप्त हुई कि शक्तिखंड 4 में स्थित ओयो होटल क्यूबि इन में महिलाओं को बहला फुसलाकर देह व्यापार कराया जा रहा है। प्राप्त सूचना पर वह थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम के साथ पहुंचे और छापामार करवाई की। मौके से लक्ष्य, अविनाश, अशोक व राहुल नामक युवकों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान पता चला कि होटल मालिक संचालक आनन्द कुमार द्वारा बहला फुसलाकर 3 महिलाओं से जबरन देह व्यापार कराया जा रहा था। जिनको रेस्क्यू किया गया है। होटल मालिक / संचालक कार्यवाही के दौरान छत के रास्ते से फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है।



पकड़े गए पुरुष व पीड़ित महिलाओं से पूछताछ की गई तो यह तथ्य प्रकाश में आये की ओयो होटल के मालिक / संचालक द्वारा ज्यादा कमाई के लालच में महिलाओं से देह व्यापार कराकर ग्राहको से रुपए लिए जाते है। होटल मालिक / संचालक द्वारा ओयो होटल में नौकरी के लालच मे आयी महिलाओ को बहला फुसलाकर उनकी आपत्तिजनक फोटो पूर्व मे खींच ली गई थी तथा उसे वायरल करने की धमकी देकर बार बार बुलाकर प्रतिदिन देह व्यापार कराया जा रहा था। यह कार्य करने में ग्राहको से भारी धनराशी लेकर कुछ रुपए महिलाओं को भरण पोषण के लिए दिया जाता था तथा मना करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी व बदनाम करने का भय दिखाकर देह व्यापार कराया जा रहा था।

होटल में मिली महिलाओं को प्रकरण में पीडित / गवाह मानकर उन्हें उनके परिवारजनो के सुपुर्द किया गया ताकि उनका उचित रिहैबिटेशन हो सके।

## प्रधानमंत्री का व्यक्तित्व हिमालय जैसा : रामदेव



- इंडोर स्टेडियम में 20 हजार बहनों की दी योग दीक्षा

**नोएडा,** 2 जून (देशबन्धु)। सेक्टर-21ए के इंडोर स्टेडियम में योग गुरु रामदेव ने महिला सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस सम्मेलन का नेतृत्व पतंजलि विश्वविद्यालय एवं महिला पतंजलि योग समिति की तरफ से किया गया। जिसमें दिल्ली एनसीआर की लगभग 20 हजार से अधिक महिलाएं शामिल हुई। महिला ने महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। वहीं, एग्जिट पोल पर अपना पक्ष रखा है।

रामदेव ने कहा कि भारत को मजबूत, समृद्ध और स्वस्थ बनाने के लिए 25 लाख बहनें सेवा कर रही हैं। यहां 20 हजार बहनों ने 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के लिए भाग लिया है। आने वाले समय में 2 करोड़ बहनें योग शिक्षिका के रूप में जुड़ेंगी। जब वे मुफ्त में शिक्षा देंगी, तो देश स्वस्थ और समृद्ध हो जाएगा। बाबा रामदेव ने कहा कि योग शिक्षिकाएं देश को निरोग और समृद्ध बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने समाज की बेटियों को सशक्त बनाने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और निर्णय क्षमता की भी बाबा रामदेव ने प्रशंसा की। एग्जिट पोल के नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की अगुवाई, उनकी नीतियां, चरित्र और व्यक्तित्व इतना बड़ा है कि यह उनके वर्षों के तपस्या के कारण है। ये सभी बातें एग्जिट पोल में दिख रही हैं और नतीजे भी लगभग ऐसे ही आएंगे। पीएम मोदी के सामने कोई नहीं टिक सकता, उनकी व्यक्तित्व हिमालय जैसी है।

## कर्म से है होती है व्यक्ति की पहचान नाम से नहीं : अनिल आर्य

**नोएडा,** 2 जून (देशबन्धु)। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में एमिटी कैम्पस, डॉ. अमिता चौहान व डॉ. अशोक कुमार चौहान के सानिध्य में सेक्टर-44,नोएडा में चल रहे विशाल युवक चरित्र निर्माण व व्यक्तित्व विकास शिविर के दूसरे दिन युवको को संबोधित करते हुए डॉ. अनिल आर्य (राष्ट्रीय अध्यक्ष) ने कहा कि व्यक्ति की पहचान उसके कर्मो से होती है नाम से नहीं महर्षि दयानंद सरस्वती का जीवन बहुत ही संघर्षमय रहा है उन्होंने देश की स्वतंत्रता महिलाओं के उत्थान, वेदों के प्रचार और प्रसार ओर समाज मे फैली पाखंड अंधविश्वास ओर कुरीतियों को दूर करने के लिए अपना सारा जीवन लगा दिया। शिविर संयोजक महेंद्र भाई ने युवको को संध्या एवं यज्ञ करना सिखाया और बताया जीवन में नियमित दिनचर्या का पालन सफलता का एक मूल रहस्य है जो बालक अनुशासन में रह कर अपने कर्तव्यों का पालन करता है उसके जीवन में कभी असफलता नहीं होती।

## शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा दिखाकर परिवार के तीन लोगों से ठगे 35 लाख ठगे

### पीड़िता ने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया

**नोएडा,** 2 जून (देशबन्धु)। साइबर अपराधियों ने शेयर ट्रेडिंग में कई गुना मुनाफा होने का झांसा देकर ग्रेटर नोएडा में रहने वाले परिवार के तीन लोगों से 35 लाख रुपए हड़प लिए। आरोपियों ने टेलीग्राम के ग्रुप में जोड़कर ठगी की। पीड़िता ने साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है।

ग्रेटर नोएडा की रहने वाली उर्वशी सक्सेना ने पुलिस को बताया कि उनके पास कुछ समय पहले व्हाट्सऐप पर मैसेज आया, जिसमें ऑनलाइन ट्रेडिंग करके लाखों रुपए कमाने की बात कही गई थी। उन्होंने जब उक्त व्हाट्सऐप नंबर पर बात की तो उनको टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया गया। इसके बाद उनको कुछ टास्क दिए गए, जिसको उन्होंने पूरा कर दिया। इस दौरान उनको कुछ फायदा हुआ। इसके बाद आरोपियों ने अगले टास्क में ऑनलाइन ट्रेडिंग करने के लिए कहा।

उर्वशी ने बताया कि जालसाजों के झांसे में आकर उन्होंने कई नामी कंपनियों के शेयर में निवेश किया। शेयर बाजार को लेकर उनको जालसाज ऑनलाइन लेक्चर भी देते थे। वे कंपनी के बारे में और शेयर बाजार से जुड़ी सारी जानकारी देते थे। उन्होंने जिन कंपनियों में निवेश किया था, जालसाजों ने उनके दस्तावेज भी उपलब्ध कराए। पीड़िता ने बताया कि संबंधित कंपनियों को लेकर मीडिया में भी काफी अच्छी रिपोर्ट थी। इसकी वजह से वह लगातार जालसाजों के बताए अनुसार रुपए का निवेश करती गईं। उन्होंने बताया कि उनके साथ ही उनके परिवार के सुप्रीत राय और संचिता राय ने भी शेयर बाजार में निवेश किया। इस दौरान उन लोगों ने कुल 35 लाख रुपए का निवेश कर दिया। आरोपियों द्वारा दिए गए ऐप में लगातार उनके निवेश किए गए रुपए बढ़ते दिख रहे थे। वह जब अपने मुनाफे की रकम को वापस लेने लगीं तो जालसाजों ने उनके ट्रेडिंग अकाउंट को बंद कर दिया। उन्होंने वापस से अकाउंट को खोलने के लिए कहा तो जालसाजों ने उनसे और रुपये निवेश करने के लिए कहा। जब उन्होंने जालसाजों से अपने निवेश किए रुपए वापस मांगे तो उनको टेलीग्राम ग्रुप से बाहर कर दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में दी गई शिकायत दर्ज कर ली गई है। पुलिस की टीम मामले की जांच कर रही है।

## खोड़ा में पानी का संकट हुआ विकराल

- पेयजल के साथ दैनिक कार्यों के लिए भी पानी नहीं

**खोड़ा,** 2 जून (देशबन्धु)। भीषण गर्मी में पेयजल के संकट का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में पानी की माग बढ़ने पर लोगों को शुद्ध पेयजल ही नहीं बल्कि नहाने कपड़े धोने आदि के लिए भी समस्याओं से दो चार होना पड़ता है। गर्मी आते ही तीन सौ फिट तक बोर सूखने लगते है। मजबूरी में लोगों को चार से पांच लाख खर्च करके पांच छह सौ फिट के बड़े बोर कराने पड़ते है। बोरो पर भारी भरकम रकम खर्च करने के बाद घर गृहस्थी का बजट भी बिगड़ जाता है। नगर पालिका परिषद की तरफ से टैंकरों से गंगाजल आपूर्ति की व्यवस्था है। टैंकरों के गंतव्य पर पहुंचने से पहले ही लोग कतार में लग जाते है। टैंकर का पानी खत्म हो जाने पर लोगो को निराश होकर घर वापस लौटना पड़ता है। मजबूरी में लोगो को निजी आर ओ प्लांटो से बोतलबंद पानी खरीदकर पीना पड़ता है। जिससे लोगों का बजट भी बिगड़ता है। खोड़ा में बारह लाख की आबादी है। यहां पाइपलाइन द्वारा गंगाजल सप्लाई की मांग लोग लंबे समय से कर रहे है।



गंगाजल सप्लाई के नाम पर नगर पालिका परिषद द्वारा टैंकरों से पानी सप्लाई दी जाती है। खोड़ा में 34 वार्ड है। प्रत्येक वार्ड में सुबह शाम एक टैंकर से पानी सप्लाई की व्यवस्था की गई है वार्डो के अंतर्गत भवनों की संख्या हजार से अधिक है। एक टैंकर से सैकड़ों घरों को भी पानी बमुश्किल ही मिलता है। शिव पार्क निवासी सूर्य नारायण मिश्र ने बताया कि टैंकरों से लोगो को केवल बीस से चालीस लीटर पानी ही मिलता है। बहुत लोग जब तक टैंकर तक पहुंचते है तब तक टैंकर खाली हो जाता है। आरोप है कि पेयजल के नाम पर नगर पालिका परिषद द्वारा कागजी खानापूर्ति की जा रही है। लोगो के सामने दिनों दिन पेयजल की समस्या विकराल रूप धारण कर रही है। नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी के के मिश्र का कहना है कि कालोनी में पाइपलाइन द्वारा गंगाजल की सप्लाई योजना वित्तीय स्वीकृति हेतु शासन के पास विचाराधीन है।जल्द ही स्वीकृति मिलने की संभावना है।

## खाली प्लॉट में लगी आग में जलकर राख हुई स्क्रैप कारें

**खोड़ा,** 2 जून (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-8 में बंद पड़े एक खाली प्लॉट में रविवार दोपहर को आग लग गई। घटना की सूचना पर थाना फेस 1 पुलिस और फायर की 6 गाड़ियां मौके पर पहुंची। जांच करने पर पता चला कि प्लॉट में स्क्रैप की गई 35 कारें खड़ी थी। जिसमें कई गाड़ियां जलकर राख हो गई। आग की वजह क्या थी इसकी जांच की जा रही है। फायर की टीम ने 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सीएफओ प्रदीप चौबे का कहना है कि सेक्टर-8 में एक प्लॉट पिछले कई सालों से बंद है। रविवार दोपहर करीब तीन बजकर 20 मिनट पर प्लॉट में आग लगने की सूचना मिली। इस पर फायर की 6 गाड़ियों को मौके पर रवाना किया। मौके पर जांच करने पर पता चला कि प्लॉट में स्कोडा कंपनी की स्क्रैप की गई करीब 35 कारें खड़ी हैं। जिसके बाद फायर की 6 गाड़ियों ने 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग से किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। इस संबंध में थाना फेस 1 पुलिस का कहना है कि प्लॉट मालिक से संपर्क किया जा रहा है। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।



उवाच

दो जून की मध्यरात्रि से 2.5 फीसदी प्रति किमी शुल्क बढ़ाया गया है। हल्के वाहनों कार, जीप के लिए अब तक वाहन चालक 1.73 रुपए प्रति किमी दे रहे हैं। दो जून की मध्य रात्रि से यह दर 1.77 रुपए प्रति किमी हो जाएगी। कॉमर्शियल वाहनों के लिए शुल्क 2.80 रुपए प्रति किमी से 2.87 रुपए प्रति किमी हो जाएगा।

विपिन शर्मा, केएमपी परियोजना प्रबंधक

# कैपिटल ज़ोन

## ग्रेनो वेस्ट की 14 सोसाइटियों में बिजली के आंतरिक इंफ्रास्ट्रक्चर को परखेगी विशेषज्ञों की टीम

**ग्रेटर नोएडा,** 2 जून (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की हाइराइज सोसाइटियों में रहने वाले लोगों को आंतरिक इंफ्रास्ट्रक्चर की वजह से बिजली कटौती का संकट न झेलना पड़े, इसके लिए नोएडा पॉवर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) की टीम सोसाइटियों में जाकर आंतरिक इंफ्रास्ट्रक्चर को परखेगी। इसमें विशेषज्ञों की मदद की जाएगी। इस सप्ताह 14 सोसाइटियों का निरीक्षण किया जााएगा। जिनकी सूची तैयार कर ली गई है। चरणबद्ध तरीके से सभी सोसाइटियों का निरीक्षण किया जाएगा। मानक के अनुसार इंफ्रास्ट्रक्चर न होने पर नोटिस जारी कर व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। अब तक सुपरटेक इकोविलेज और पंचशील हाइनीज का निरीक्षण किया जा चुका है।

दरअसल भीषण गर्मी में बिजली कटौती से लोगों का बुरा हाल है। पिछले करीब 20 दिनों से शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में बिजली संकट गहराया हुआ है। सबसे ज्यादा दिक्कत ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसाइटियों में हो रही है। यहां आंतरिक इंफ्रास्ट्रक्चर की वजह से परेशानी और अधिक बढ़ रही है। नाराज लोग सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसको देखते हुए नोएडा पॉवर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) ने हाइराइज सोसाइटियों में बिजली आपूर्ति को लेकर बिल्डर प्रबंधन द्वारा तैयार किए गए आंतरिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निरीक्षण करने का निर्णय लिया है। प्रथम चरण में ग्रेटर नोएडा वेस्ट की 14 सोसाइटियों को चिन्हित किया गया है, जहां इस सप्ताह विशेषज्ञों की टीम मौके पर जाकर व्यवस्था को परखेगी। सोसाइटी में लगे उपकरण मानक के अनुसार हैं या नहीं, जरुरत के हिसाब से लोड ले रखा या नहीं, जनरेटर सेट आदि की क्षमता को देखा जाएगा। चरणबद्ध तरीके से सभी सोसाइटियों के आंतरिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निरीक्षण किया जाएगा। खराब इंफ्रास्ट्रक्चर की वजह से पंचशील हाइनीज, सुपरटेक इकोविलेज व वेदांतम सोसाइटी में बिजली संकट सबसे अधिक हुआ है।



- **चरणबद्ध तरीके से सभी सोसाइटियों का निरीक्षण करेगी एनपीसीएल की टीम**
- **मानक के अनुसार आंतरिक इंफ्रास्ट्रक्चर न होने की वजह से भी ग्रेनो वेस्ट के निवासियों को झेलना पड़ रहा है बिजली संकट**
- **सोसाइटियों के निरीक्षण में खुल चुकी है पोल, अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को भी दुरुस्त करने में जुटी एनपीसीएल की टीम**

> सोसाइटी में आए दिन पैदा हो रहे बिजली संकट को देखते हुए विशेषज्ञ टीमों की मदद से आंतरिक इंफ्रास्ट्रक्चर की जांच की जाएगी। प्रथम चरण के लिए 14 सोसाइटियों को चिन्हित किया गया है। एक सप्ताह के अंदर निरीक्षण कर यह देखा जाएगा कि किस वजह से परेशानी हो रही है। सभी सोसाइटियों के इंफ्रास्ट्रक्चर की जांच की जाएगी। खामियां पाए जाने पर नोटिस जारी दुरुस्त करने के निर्देश दिए जाएंगे : **एसएन गांगुली, वाइस प्रेसिडेंट (ऑपरेशंस) एनपीसीएल**

**इस सप्ताह इन सोसाइटियों में होगा निरीक्षण**

जीसी-7 गौर सिटी, ऐस एस्पायर, लॉ सलोरा, पंचशील हाइनीज, निराला एस्पयार, पंचशील ग्रीन, पार्क एवेन्यू, स्काई गार्डन, 11वें एवेन्यू, जीसी-2, अरिहंत अंबर सेक्टर-1, ऐस डिवाइन, सुपरटेक इकोविलेज-1, एकेए ग्रीन आर्च, फ्यूजन होम्स।

## श्री राधा स्काई गार्डन सोसाइटी के निवासियों ने विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा,** 2 जून (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट में श्री राधा स्काई गार्डन सोसाइटी में सैकड़ों निवासियों ने लगातार पांचवें सप्ताह भी 45 डिग्री की चिलचिलाती धूप एवं कड़ी दोपहर में बिल्डर की नाजायज लूट, मूलभूत सुविधाओं को पूरा न करने एवं बिल्डर के द्वारा किए गए करोड़ो के घोटाले के खिलाफ मोर्चा खोला और निवासियों ने पूरी सोसाइटी में अपनी मांगों के लिए अपने फ्लैटों की बालकनियों में बैनर लगाए और प्रदर्शन किया। निवासियों ने बताया कि श्री राधा स्काई गार्डन सोसाइटी में मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है जिसकी मांग एवं शिकायत निवासी पिछले करीब 5-6 साल से करते आ रहे हैं लेकिन श्री ग्रुप बिल्डर ने आज तक न तो मूलभूत सुविधाओं एवं जानमाल से संबंधित पेंडिंग प्रोजेक्ट के काम को पूरा करने के लिए कोई काम नहीं किया और ना ही कोई इरादा दिखाया।



- **नाजायज लूट, मूलभूत सुविधाओं को पूरा न करने एवं बिल्डर के द्वारा किए गए करोड़ों के घोटाले के खिलाफ मोर्चा खोला**
- **विरोध प्रदर्शन में सोसायटी के सैकड़ों निवासियों पुरुष, महिला, बुजुर्ग एवं युवा शामिल**

निवासियों ने बताया कि करीब 8-10 सालों से सोसाइटी चल रही है, बावजूद इसके न तो सोसायटी में फायर फाइटिंग इक्विपमेंट्स है, पूरे बेसमेंट में सीपेज एवं लीकेज है जिससे सोसायटी के टावर कमजोर होते जा रहे है। इसके साथ ही बिल्डर ने निवासियों से बिजली कनेक्शन एवं नया डीजल जनरेटर पावर बैकअप खरीदने के नाम पर करोड़ो रुपए का घोटाला करके आधे से भी कम क्षमता का पावर कनेक्शन एवं किराए का डीजल जनरेटर लगवा दिया, जो कि निवासियों को बिजली एवं पावर बैकअप देने के लिए बिल्कुल उपयुक्त नहीं है। जिस बजह से एनपीसीएल की बिजली ट्रिप होती रहती है और एनपीसीएल की बिजली जाने की स्थिति में जेनरेटर बिल्कुल भी नहीं चल पाता है तथा पूरी सोसाइटी अन्धकारमय हो जाती है जिस बजह से न तो घरो में बिजली जलती है, न ही लिफ्ट चल पाती है। शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन में सोसायटी के सैकड़ों निवासियों पुरुष, महिला, बुजुर्ग एवं युवा शामिल हुए और अब यह शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन आगे भी ऐसे ही चलता रहेगा जब तक समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता, निवासियों ने अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए अपनी आवाज उठाते रहेंगे।

## रामईश संस्थान में पूर्व छात्रों का हुआ मिलन, पुरानी यादों को किया साझा

**ग्रेटर नोएडा,** 2 जून (देशबन्धु)। रामईश इंस्टीट्यूट, ग्रेटर नोएडा में पूर्व छात्र मिलन समारोह 2024 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम फार्मेसी स्नातकों (पूर्व छात्रों) को पुन: एकजुट करने, उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाने, तथा पूर्व छात्रों और संस्थान के बीच नेटवर्किंग को सुदृढ़ करने के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के अध्यक्ष डॉ. आर.सी. शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष आर.सी. शर्मा ने पूर्व छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप इस संस्थान के पिलर हैं, आज जिस मुकाम पर आप सभी पहुंचे हैं उसके लिए हमारे संस्थान को गर्व हैं कि रामईश के विद्यार्थी देश ही नहीं विदेश में भी कई बड़े संस्थानों में कार्यरत हैं। इस अवसर पर संस्थान की प्रबंध निदेशिका प्रतिभा शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्या डॉ. पल्लवी मनीष लाव्हाले ने पूर्व छात्रों को उनकी पुरानी स्मृतियों से रूबरू किया। कार्यक्रम में लगभग 400 पूर्व छात्रों ने कार्यक्रमों और विभिन गतिविधियों में भाग लिया और उनकी पुरानी यादें ताजा हो गईं। इस दौरान गीत संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शामिल होकर पूर्व छात्रों ने आनन्द उठाया और अपने अनुभव को भी साझा किया।



## गत्ता गोदाम में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी

**ग्रेटर नोएडा,** 2 जून (देशबन्धु)। भीषण गर्मी के साथ लगातार आग लगने की घटनाएं सामने आ रही है। रविवार को दादरी थाना क्षेत्र में एनटीपीसी के पास एक गोदाम में भीषण आग लग गई। जिससे आसपास के इलाके में अफरातफरी मच गई। आग इतनी भयंकर थी कि आसमान में चारों तरफ काले धुएं का गुबार छा गया। जानकारी के मुताबिक एनटीपीसी पाटड़ी रोड पर गत्ता फैक्ट्री का गोदाम बना है। इस गोदाम में रविवार करीब 10 बजे अचानक आग लग गई। गत्ते की वजह आग बहुत तेजी से फैलने लगी।

देखते-देखते ही आग ने पूरे गोदाम को अपने चपेट में लिया। आग की लपटों के साथ काले धुएं का गुबार उठने लगा। जिसकी वजह से आसमान में काला धुआं दिखाई देने लगा। धुएं को देखकर आसपास के लोग सहम गए। वहीं, सूचना पर पुलिस और दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, जिसकी पुलिस और दमकल विभाग जांच कर रहा है।



- **मौके पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने बड़ी मशक्कत से आग पर पाया काबू**

## फ्यूजन होम्स सोसाइटी में एओए पर निवासियों ने लगाया आरोप

**ग्रेटर नोएडा,** 2 जून (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित फ्यूजन होम्स सोसाइटी में एओए के खिलाफ निवासियों ने शनिवार रात से धरने पर बैठे गए। निवासियों का आरोप है कि एओए अपनी मनमानी पर उतारू है। निवासियों ने बताया कि एओए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष ने बाउंसरों, गुंडों और बंदूकधारियों को तैनात करके फ्यूजन होम्स सोसायटी पर जबरन कब्जा कर लिया है। सोसाइटी पर कब्जा करने के बाद एओए अध्यक्ष ने अपने निजी फायदे के लिए सुरक्षा एजेंसी और रखरखाव एजेंसी बदल दी, जबकि एओए की वैधता कुछ ही दिन बची थी। एजेंसी बदलने के पहले निवासियों के साथ कोई बैठक भी नहीं की। निवासियों ने बताया कि मौजूदा एओए का कार्यकाल अप्रैल 2024 में खत्म हो चुका है। निवासियों ने एओए अध्यक्ष पर अपनी मनमानी करते हुए इलेक्शन नहीं कराने आरोप लगाया है।

निवासियों ने एओए अध्यक्ष पर बेहद ही गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि एओए अध्यक्ष ने अपने और कोषाध्यक्ष के साथ 39 अन्य निवासियों की बिजली को मीटर से बायपास कर दिया था। बिजली बायपास होने से यह सभी लोग पिछले एक महीने से मुफ्त बिजली का आनंद ले रहे थे। निवासियों ने आरोप लगाया कि एओए अध्यक्ष ने पिछले 3-4 साल से रखरखाव शुल्क न देने वालों डिफाल्टरों का शुल्क माफ कर दिया है। निवासियों ने एओए पर बिना निवासियों की सहमति के बिजली मीटर से मेंटेनेंस शुल्क काटना चालू कर दिया है। निवासियों ने इसके खिलाफ बिसरख थाने में धोखाधड़ी की शिकायत भी दी है। निवासियों ने यह भी बताया कि एओए का कार्यकाल समाप्त होने और एओए की मनमानी के विरोध में कई एओए सदस्यों ने बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है।



- **निवासियों ने एओए पर कुछ लोगों के बिजली मीटर बायपास के खिलाफ धरने पर बैठे**

## भीषण गर्मी में राहगीरों को शरबत वितरण कर किया नेक कार्य

**ग्रेटर नोएडा,** 2 जून (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट सेक्टर 16-बी में भीषण गर्मी से राहत दिलवाने के लिए श्री राधा स्काई गार्डन सोसाइटी के निवासियों ने शरबत वितरण शिविर का आयोजन कर शीतल शरबत पेयजल का वितरण किया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने इस शिविर में गर्मी से बचाव के लिए शरबत का लुफ्त उठाया।

सोसायटी के निवासियों ने बताया कि इस सेवा कार्य में आकर उन्होंने अपना सामाजिक दायित्व निभाने में अपना योगदान दिया। जिससे करीब सात सौ से भी ज्यादा राहगीरो ने इसका लाभ लिया। साथ ही यह भी बताया कि यह नेक कार्य मौसम देखकर आगे भी समय-समय पर जारी रहेगा।

सोसायटी के निवासियों ने यह भी बताया कि निवासियों के सहयोग से यह एक छोटा सा प्रयास किया गया है। ताकि इस भीषण गर्मी में घूम रहे हर वर्ग के लोगों को राहत प्रदान किया जा सके। इसके लिए शर्बत का वितरण किया जा रहा। इस अवसर पर सोसायटी के सैकड़ों निवासियों पुरुष, महिला, बुजुर्ग एवं युवा साथी, आदि लोग मौजूद रहे।



## लुहारली टोल प्लाजा पर वाहनों का बढ़ा टोल दर

**ग्रेटर नोएडा,** 2 जून (देशबन्धु)। दादरी क्षेत्र के लुहारली और कुंडली-मानेसर-पलवल टोल प्लाजा पर रविवार की रात 12 बजे से टोल दरें बढ़ जाएंगी। दरें दो महीने पहले बढ़ गई थीं। लेकिन लोकसभा चुनाव की वजह से लागू नहीं हुई थीं। जीटी रोड पर लुहारली टोल प्लाजा और कुंडली-मानेसर-पलवल पर रविवार रात 12 बजे से टोल दरें बढ़ जाएंगी। बढ़ी दरों एक अप्रैल से लागू होनी थीं, लेकिन लोकसभा चुनाव की वजह से इसे लागू नहीं किया गया था। ग्रेनो क्षेत्र में दादरी में लुहारली, दनकौर में कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) का सिरसा कट और यमुना एक्सप्रेस वे पर जेवर टोल आते हैं। इनमें जेवर टोल को छोड़कर अन्य दो की दरों में वृद्धि की गई है। लुहारली टोल प्रबंधक बजरंग सैनी के मुताबिक लाइट मोटर व्हीकल (एलएमवी) के लिए पांच रुपए और व्यवसायिक वाहन के लिए 20 रुपए टोल शुल्क बढ़ाया गया है। केएमपी के परियोजना प्रबंधक विपिन शर्मा कहते हैं, दो जून की मध्यरात्रि से 2.5 फीसदी प्रति किमी शुल्क बढ़ाया गया है। हल्के वाहनों कार, जीप के लिए अब तक वाहन चालक 1.73 रुपए प्रति किमी दे रहे हैं। दो जून की मध्य रात्रि से यह दर 1.77 रुपए प्रति किमी हो जाएगी। कॉमर्शियल वाहनों के लिए शुल्क 2.80 रुपए प्रति किमी से 2.87 रुपए प्रति किमी हो जाएगा। यह टोल शुल्क एनएचएआई की गाइडलाइन के अनुसार लागू किए गए हैं। वहीं, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे टोल मैनेजर रामेंद्र यादव ने बताया कि आदेश आते ही नई दरों को लागू किया जाएगा।

## आठ लोगों को बंधक बनाकर पीटने के आरोपी दो बाउंसरों पर मुकदमा दर्ज

**दनकौर,** 2 जून (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र में स्थित नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के दो बाउंसरों पर 8 लोगों को बंधक बनाकर पीटने का आरोप लगा है। घायलों का पुलिस ने इलाज भी कराया है। इस संबंध में पीड़ित लोगों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रविवार को केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। रीलखा गांव के रहने वाले अमित, विकास, अनिल, विनोद, दीपक, नरेंद्र, उदय और बबलू क्षेत्र में स्थित एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी में वर्ष 2019 से गाड़ी चलाते हैं।

सभी का आरोप है कि दो बाउंसर उनको काफी समय से उन्हें प्रताड़ित कर रहे थे। आरोप है कि यूनिवर्सिटी में तैनात कुछ लोग बाउंसरों के साथ मिलकर उन पर गाड़ियों से तेल चोरी करने का आरोप लगाते हैं। उनका कहना है कि शनिवार को सभी लोगों में इसका विरोध किया जिसके चलते बाउंसरों ने उन्हें बंधक बना लिया।

आरोप है कि इसके बाद उनको कमरे में बंधक बनाकर लाठी डंडों और लात घूंसों से जमकर पिटाई की गई। घटना में सभी लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद सभी घायल कोतवाली पहुंचे और पुलिस से मामले की शिकायत की गई। इस संबंध में पुलिस ने पीड़ित लोगों की शिकायत पर रविवार को दादरी कोतवाली क्षेत्र के सदल्लापुर गांव निवासी अमित और कौशल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है कि पीड़ित लोगों की शिकायत के आधार पर दो बाउंसर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## मधुमेह रोग निवारण को लेकर पांच दिवसीय योग शिविर आयोजित





**ग्रेटर नोएडा,** 2 जून (देशबन्धु)। भारतीय योग संस्थान द्वारा पिछले 5 दिनों से चल रहा नि:शुल्क मधुमेह रोग निवारण शिविर का कार्यक्रम जलवायु विहार ग्रेटर नोएडा में रविवार को संपन्न हुआ। जिसमें भारतीय योग संस्थान के कुशल योग टीचरों ने मधुमेह रोग को योग के माध्यम से कैसे ठीक किया जाए उसी सम्बन्ध में लगातार पांच दिन योगाभ्यास करायें।

- **48 नए लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया, लिया योग करते रहने का प्रण**
- **अब साल भर जलवायु विहार में चलती रहेगी नि:शुल्क योग कक्षा**

जलवायु विहार के निवासियों ने इस शिविर में बहुत ही बढ़-चढ़कर भाग लिया इस शिविर में बहुत अधिक संख्या में लोग उपस्थित हुए। 48 नए लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया और हमेशा योग करते रहने का प्रण लिया लोगो के उत्साह को देखते हुए संस्थान के जिला प्रधान जितेंद्र भाटी ने जलवायु विहार में नि:शुल्क योग कक्षा खोलने का निर्णय लिया अब साल के 365 दिन जलवायु विहार में भारतीय योग संस्थान के द्वारा नि:शुल्क योग कक्षा चलती रहेगी।

इस दौरान बलजीत नागर, सीमा गुप्ता, अशोक अरोरा, रामवीर भाटी, बृजेश शर्मा, पीपी सिंह, गिरीश शर्मा, महेश शर्मा, सुखवीर, राकेश पंडित, पन्नालाल, राजेश भाटी, कंचन, रीता यादव, राजेश गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

## स्ट्रीट लाइट पोल पर खुले तार दे रहे हादसे को दावत

**ग्रेटर नोएडा,** 2 जून (देशबन्धु)। शहर में जगह-जगह पर लगे स्ट्रीट लाइट पोल पर खुले तार हादसे को दावत दे रहे हैं। सेक्टर के लोगों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से स्ट्रीट लाइट पोल पर खुले तार को बंद करने की मांग रखी है। शहर में स्ट्रीट लाइटों का टेंडर सूर्य कंपनी को दिया हुआ है। सेक्टर के लोगों की शिकायत है कि स्ट्रीट पोल की केबिल सेक्टर में बहुत ज्यादा खराब है, कंपनी के द्वारा लाइट का केबिल जमीन में न डालकर ऐसे ही ऊपर से तार डाले हुऐ है और न तारों पर टेप लगी है। ज्यादातर पोलो पर बॉक्स नहीं लगे हुए जिससे कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। शहर में कई जगह स्ट्रीट लाइट पोलो से हादसे हो चुके हैं। मानसून का समय आ रहा है ऐसे समय में जमीन पर करंट उतरने से किसी भी मनुष्य या जानवर के साथ हादसा हो सकता है, ऐसा हादसा न हो उसके लिए कंपनी ग्रेटर नोएडा शहर में जहां भी जमीन पर केविल डाले हुए हैं उनको नीचे जमीन में किया जाए ताकि कोई हादसा न हो।



## उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने रोजगार बढ़ाने की रणनीति को किया साझा

**ग्रेटर नोएडा,** 2 जून (देशबन्धु)। जीएनआईओटी एमबीए संस्थान में कार्पोरेट काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। संस्थान के निदेशक डॉ. अंशुल शर्मा ने बैठक में आये हुए उद्योग जगत की सभी हस्तियों का स्वागत किया। बैठक में संदीप अग्रवाल (सीईओ बेस्ट कोकी आटोमेटिव प्रा. लि.), डॉ. बिरेन्द्र प्रसाद (एमडी-निर्गम लर्निंग एडवाइजरी सर्विस), विरेन्द्र सिंह (जीएम-एचआर फोरम इंडिया प्रालि.), अटानू राय चौधरी (फाउंडर-कैंपस्थलू लैबस), यशपाल सिह नेगी (चीफ आपेरेटिंग आफिसर- सुबरोस इण्डिया लि.), दिव्या मिश्रा (काउंटरी एचआर हेड- लैडिस जीवाईआर) ने अपने महत्वपूर्ण विचार रखें तथा अपने सुझाव दिए।



कार्पोरेट वक्ताओं ने वर्तमान उद्योगों की जरूरत, औद्योगिक प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, रोजगार बढ़ाने की रणनीति पर विचार साझा किये। उन्होंने कोर्पोरेट जगत और शिक्षा जगत के बीच की खाई को पाटने के गुरु मंत्र दिये जिससे आज के गतिशील वातावरण में सफलता के लिए विद्यार्थियों के करियर पथ को आकार दिया जा सकें। बैठक में ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट की निदेशक डॉ. बबीता कटारिया, डीन डॉ. पंकज सिन्हा, विभागाध्यक्ष डॉ. राजकुमार, डॉ. सुशील मौर्य तथा सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

देशबन्धु

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, सोमवार 3 जून 2024

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन



# अब नतीजों का इंतज़ार

लोकसभा चुनाव के सातवें व अंतिम चरण का मतदान शनिवार को सम्पन्न हो जाने के बाद विभिन्न न्यूज़ चैनलों एवं सर्वे एजेंसियों ने उसी शाम 6.30 बजे के बाद से अपने एक्ज़िट पोल्स दिखला दिये हैं और अपने-अपने अनुमानों के अनुसार सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी प्रणीत नेशनल डेमोक्रेटिक एलाएंस यानी एनडीए अथवा उसके खिलाफ कांग्रेस के नेतृत्व में लामबन्द हुए इंडिया को जीतता हुआ बतला रहे हैं। भाजपा के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी के बहुप्रचारित खुद की पार्टी के बल पर 370 और एनडीए के बूते 400 पार के नारे की तो बात अब हो नहीं रही है लेकिन ट्रेंड यह दिख रहा है कि सत्ता के नज़दीक माना जाने वाला मुख्यधारा का मीडिया एनडीए को तथा स्वतंत्र व डिजिटल मीडिया, जिनमें ज्यादातर यू ट्यूबर हैं- इंडिया की जीत का अनुमान जाहिर कर रहे हैं। जो भी हो, मंगलवार को स्थिति साफ हो जायेगी जब परिणाम सामने आ जायेंगे।

यह चुनाव जिस तरीके से लड़ा गया है, वह कई सवाल खड़े करता है। पहला तो यही कि केन्द्रीय निर्वाचन आयोग, जिस पर निष्पक्षतापूर्वक व भयरहित वातावरण में चुनाव कराने की जिम्मेदारी थी, वह ऐसा करने में पूरी तरह से नाकाम रहा है। जिस दिन से इसकी घोषणा हुई थी, तभी से उसने अपनी आंखें, कानों और मुंह को बन्द कर रखा है। गहन संदेहों के घेरे में आई हुई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के जरिये ही चुनाव कराने पर सरकार के इशारे पर आमादा निर्वाचन आयोग 2019 के चुनाव के समय से ही सरकार के पक्ष में खड़ा दिखा था। उसने अपना वही रवैया इस बार भी बनाये रखा। ईवीएम के साथ ही इलेक्टोरल बॉन्ड्स के कारण विपक्षी आलोचना के केन्द्र में रही भाजपा सरकार पर यह भी आरोप लगा कि उसने अपनी जांच एजेंसियों के जरिये खूब चुनावी चंदा बटोरा है और उसके बल पर वह न केवल चुनाव लड़ रही है बल्कि उसने कथित 'ऑपरेशन लोटस' के माध्यम से विरोधी दलों को कमजोर किया, उसकी राज्य सरकारें गिराईं और एक तरह से संघवाद को कुचल दिया है।

इसके अलावा भाजपा ने कई प्रकार से आचार संहिता का उल्लंघन किया जिसमें निर्वाचन आयोग ने भरपूर साथ दिया। मोदी के चुनावी भाषणों में आचार संहिता के किसी भी नियम का ख्याल नहीं रखा गया। उन्होंने अलग-अलग सन्दर्भों में खूब हिन्दू-मुसलमान किया, कांग्रेस व अन्य विरोधी दलों के नेताओं के खिलाफ आधारहीन व अमर्यादित टिप्पणियां कीं। पहले तो उन्होंने इंडिया गठबन्धन को अपमानजनक शब्दों से सम्बोधित किया, फिर कांग्रेस के घोषणापत्र पर 'मुस्लिम लीग की छाया' बतलाई तथा उलजुलूल आरोप लगाये। गैरजिम्मेदारीपूर्ण व्यवहार का परिचय देते हुए उन्होंने यह कहा कि कांग्रेस की सरकार बनी तो वह लोगों के मंगलसूत्र छीनकर 'कई बच्चे वालों' को दे देगी। उनका संकेत मुस्लिमों की ओर था। उन्होंने इंडिया सरकार द्वारा एक्सरे कर लोगों के घरों का सोना छीन लेने और सबकी बिजली-पानी काट देने का डर भी दिखाया। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक भाषण को गलत उद्धृत करते हुए मोदी ने कह डाला कि यूपीए सरकार का मानना था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुस्लिमों का है। मोदी इस दौरान भविष्य में विकसित भारत बनाने की तो बातें करते रहे परन्तु वे अपने 10 वर्ष के कार्यकाल के दौरान क्या विकास कर सके, इस बाबत चुप्पी साधे रखी। मोदी व भाजपा ने प्रतिपक्ष के कई नेताओं को अपमानित किया। ओडिशा के सुसंस्कृत मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के बारे में अभद्र बातें कहीं। हालांकि उनकी कुछ टिप्पणियां ऐसी थीं कि स्वयं मोदी ही हास्य के पात्र बन गये।

भारत के इतिहास में यह पहला चुनाव है जिनमें कई घटनाएं पहली बार हुईं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया। इसका मकसद दोनों को चुनाव प्रचार से रोकना था। हेमंत तो मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर जेल गये पर केजरीवाल ने पद नहीं छोड़ा। इतना ही नहीं, उन्होंने जमानत पाकर करीब दो हफ्ते जमकर प्रचार किया और अब फिर रविवार को उन्होंने जेल जाने के लिए समर्पण कर दिया। यह कदम भाजपा के लिये आत्मघाती साबित होता दिख रहा है क्योंकि इससे इंडिया और भी मजबूत बन गया तथा दोनों राज्यों में सहानुभूति लहर चल पड़ी। अन्य मामलों की तरह ही निर्वाचन आयोग इस मामले पर भी मौन बना रहा। शनिवार को कांग्रेस के जयराम रमेश ने यह कहकर सनसनी फैलाई कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कलेक्टरों को व्यक्तिगत रूप से फोन कर धमका रहे हैं। ये वही शाह हैं जिनका दावा है कि पांचवें चरण के बाद ही एनडीए को 300 से 310 सीटें मिल चुकी हैं। यानी वह सत्ता बनाने की स्थिति में आ गया है। ऐसा है तो शाह के लिये क्या ज़रूरत है कि वे कलेक्टरों को धमकियां दें? यह इस बात की ओर स्पष्ट संकेत है कि शाह जो कह रहे हैं वैसा कुछ है नहीं। यानी एनडीए सरकार बनाने की स्थिति में नहीं आया है।

जिस प्रकार मोदी 2019 के चुनाव प्रचार के दौरान अपने निर्वाचन क्षेत्र में मतदान के पहले एक गुफा में ध्यान लगाने चले गये थे और उन्होंने इसका लगातार प्रसारण कराया, वैसा ही उन्होंने इस बार भी किया। अबकी उन्होंने कन्याकुमारी के प्रसिद्ध स्वामी विवेकानंद स्मारक में ध्यान लगाया और अनेक कैमरों द्वारा वीडियो बनवा कर उसका लगातार प्रसारण कराया। यह भी आचार संहिता का उल्लंघन था। इसके विपरीत कांग्रेस व इंडिया गठबन्धन ने मजबूती से मिलकर चुनाव लड़ा। जन सरोकार के मुद्दों को अपने विमर्श का हिस्सा बनाये रखा तथा इस चुनाव को लोकतंत्र व संविधान की लड़ाई में बदल दिया।

अब देखना होगा कि चार जून को आने वाले नतीजों में लोकतंत्र व संविधान की रक्षा की गुंजाइश कितनी बचती है और तानाशाही की आशंकाएं खत्म होती हैं या नहीं।

# इस चुनाव के दो खलनायक : गोदी मीडिया और चुनाव आयोग

क्या गोदी मीडिया के एक्जिट पोल सही साबित होंगे? हो सकते हैं, अगर चुनाव मशीनरी उससे मिली हुई हो! ज़मीन पर तो कहीं मोदी के जीतने के संकेत नहीं थे। हर जगह बेरोजगारी, महंगाई, अग्निवीर में युवाओं की जवानी बर्बाद होने की चिंता और संविधान बचाने की बातें थीं।

जो हिन्दू=मुसलमान मोदी ने किया, मंदिर- मस्जिद लाए, मंगलसूत्र और भैंस तक छीनने की बात ले आए उसका तो जमीन पर कहीं असर दिखा नहीं। अपने काम की बात उन्होंने की नहीं। कांग्रेस ने यह किया कांग्रेस ने यह नहीं किया ही बोलते रहे। दस साल में आपने क्या किया इसके बारे में एक भी शब्द नहीं। बेरोजगारी, महंगाई शब्द ही एक बार भी मुंह से नहीं निकला। फिर ये 350 से 400 तक के आंकड़े कैसे? कोई एक आदमी ऐसा मिलता नहीं जो बताता हो कि एक्जिट पोल वाले उसके पास आए थे। फिर ये पोल किसका?

रविवार सुबह के अखबार देखे। कुछ संयमित लगे। लिखा अनुमान हैं ये। पहले की तरह दावा नहीं लिखा। जाहिर है अखबारों के पास भी माहौल समझने का कुछ विवेक है। उसके संवाददाता भी जगह-जगह घूमे हैं। जिला स्तर पर और ब्लाक तक अभी भी अखबारों के संपर्क हैं। उनके संवाददाता हैं। यह अलग बात है कि उनकी खबरें पूरी तरह अब नहीं छपतीं। मगर संपादक और दूसरे वरिष्ठ पत्रकारों के आंखों के सामने से गुजरती हैं।

एक उदाहरण देते हैं। ग्वालियर में एक अख़बार हुआ करता था- स्वदेश। अभी भी है। 45 साल पहले वह ग्वालियर शहर और पूरे संभाग का प्रमुख अख़बार हुआ करता था। संघ का अख़बार था। स्टाफ भी सारा संघ का ही होता था। जिला और तहसील तक सारे संवाददाता भी प्रचारक या संघ के आदमी होते थे। लेकिन जब भी चुनाव आते थे। खबरें विश्लेषण तो वह भाजपा, जनसंघ के हिसाब से करता था। मगर मालूम उसे सब होता था। बड़ा अखबार होने की वजह से हर वर्ग के लोगों के संपर्क में रहता था। तो करना कुछ भी पड़ता हो मगर जानता सब था कि चल क्या रहा है। जनता क्या सोच रही है। चुनावों के बारे में जो दूसरे अख़बार समझते थे उनकी सूचनाएं होती थीं वही उसकी होती थी। संवाददाता संघ का होता था खबर उसके एंगल से लिखता था। मगर संपादक को बता देता था कि क्षेत्र की सही तस्वीर क्या है।

ऐसा आज भी है। अखबारों को मालूम है कि जमीन पर क्या हुआ। इसलिए उन्होंने उछल कर नहीं दबा कर एक्जिट पोल पर लिखा। और अख़बार क्या खुद एक्जिट पोल करने वाले टीवी भी पहले की तरह नहीं फुदक रहे थे। उनके मुख्य एंकर अपने जोश पर बार-बार ब्रेक लगाते थे। और संवाददाताओं की आवाज में तो कहीं उत्साह था नहीं। पहले तो वे इस तरह खबर बताते थे जैसे मोदी जी का दिग्विजय


शकील अख्तर

> चार जून को देखा जाएगा। विपक्ष ने यह चुनाव बहुत अच्छा लड़ा है। जनता के मुद्दे उठाए। जनता को भरोसा दिया कि आने के बाद वह उनकी सुनेगा। अपने मन की बात नहीं करेगा। जनता ने भी इस बार विपक्ष को खूब सुना। माहौल वह बिल्कुल नहीं है जो एक्जिट पोल बता रहा है। सारी जिम्मेदारी चुनाव आयोग पर जिलों के चुनाव अधिकारियों पर है कि वह पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता और बिना किसी डर के काम करें। जनता से पंगा अच्छी बात नहीं है!

अभियान पूरा होने वाला हो। तो मतलब कहानी इतनी आसान नहीं है।

जनता ने क्या फैसला दिया है। यह उसकी बातों उसकी समस्याओं से मालूम पड़ता है। घर-घर में बेरोजगारी वाली जनता घर-घर मोदी वाला नारा सुनने को तैयार नहीं थी। महंगाई से पीड़ित जनता कांग्रेस यह ले जाएगी वह ले जाएगी सुनना नहीं चाहती थी। बचा क्या है जो कांग्रेस ले जाएगी?

यह सारे सवाल थे। मगर एक्जिट पोल इसके ठीक विपरीत हैं। वे मोदी मोदी कर रहे हैं। इसलिए जनता को शक है कि गोदी मीडिया से माहौल बनवाकर कहीं चुनाव आयोग उसी के अनुसार नतीजे न दे दे।

कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने बड़ा सनसनीखेज खुलासा किया है कि इस बार प्रत्याशी के मतगणना एजेंट को मतगणना टेबल तक नहीं जाने दिया जाएगा। मतलब चुनाव अधिकारी को खुली छूट होगी कि वह जो चाहे करे। माकन ने अपने इस खुलासे पर चुनाव आयोग से स्पष्टीकरण मांगा है मगर वह नहीं आया।

1977 से हमने सब चुनाव देखे हैं। 77 से ही मतगणना केन्द्र में ही रहकर गिनती भी देखी है। मगर ऐसा कभी नहीं हुआ कि प्रत्याशियों के अधिकृत एजेंटों को मतगणना टेबल से दूर रखा जाए। फिर वह देखेगा क्या? पत्रकार भी अंदर होते हैं वे भी देखते हैं। प्रत्याशी के एजेंट, पत्रकार अगर वोट से ही दूर रहेंगे तो मतगणना केन्द्र में उनके जाने का फायदा क्या? बहुत गंभीर सवाल है। इससे पहले एक करोड़ सात लाख से ऊपर जाली वोट ईवीएम में करवाने का आरोप चुनाव आयोग पर है। पहले फेज के मतदान के बाद 11 दिन तक कितना मतदान हुआ इसका आंकड़ा सार्वजनिक नहीं किया गया था। बाद में मतदान प्रतिशत बढ़ाकर दिखाया गया। यह जो अतिरिक्त वोट दिखाए गए। जिन्हें विपक्ष एक करोड़ सात लाख से ज्यादा बता रहा है वह किसके खाते में गए?

चुनाव आयोग बहुत संदेह के घेरे में है। इसलिए कहा जा रहा है कि गोदी मीडिया से ऐसा एक्जिट पोल करवाया गया कि वह आयोग के चार जून के बताए जाने वाले नतीजों के अनुरूप हो। पहले गोदी मीडिया से कहलवा दो फिर वैसा ही नतीजा बता दो। जनता मान जाएगी।

लेकिन अब जनता सवाल कर रही है कि यह गोदी मीडिया जब खबरें गलत बताता है। तो एक्जिट पोल सही कैसे बता देगा?

जब रोजगार का सवाल चला तो मोदी ने तो एक बार भी उसका नाम नहीं लिया। मगर गोदी मीडिया ने बता दिया कि मोदी ने दो करोड़ प्रतिवर्ष रोजगार देने के अपने वादे के अनुरूप 20 करोड़ रोजगार लोगों को दे दिए हैं। लोग हैरान कि यह रोजगार कहां गए? हमारे परिवार में एक भी नहीं आया। गांव में भी किसी को नहीं मिला। फिर ये गए कहां? तो लोगों को गोदी मीडिया की खबरों पर ही जब भरोसा नहीं है तो एक्जिट पोल पर कैसे बनेगा?

नतीजे कुछ भी हों मगर इस चुनाव में दो खलनायक सामने आ गए हैं। एक गोदी मीडिया और दूसरा चुनाव आयोग। जन विरोधी। दोनों ने अपनी विश्वसनीयता तो पूरी तरह खतम की ही है जनता को ऐसा लगने लगा है कि दोनों मिलकर उसका अस्तित्व भी खतम कर रहे हैं। वोट ही तो उसकी ताकत है। वही अगर उसने दिया किसी को चला कहीं और जाए तो उसका क्या महत्व रहेगा?

लोकतंत्र में निष्पक्षता, पारदर्शिता बहुत जरूरी है। इसी से जनता का विश्वास बना रहता है। अभी इतने एक्जिट पोल आए जनता का सवाल बिल्कुल जायज है कि कभी आज तक कोई भी उनसे पूछने नहीं आया कि किसे वोट दिया है? और साथ ही लोग यह भी कहते हैं कि वोट डालने के बाद क्या कोई इनको बता देगा कि फलाने को वोट डालकर आए हैं।

एक्जिट पोल एक खेल की तरह, धंधे की तरह भी ठीक था। मगर अब यह जनादेश बदलने के लिए उपयोग में लाया जा रहा है। पहले कहा चार सौ पार। फिर उसका माहौल बनाया। एक्जिट पोल लाया। और फिर आगे?

चार जून को देखा जाएगा। विपक्ष ने यह चुनाव बहुत अच्छा लड़ा है। जनता के मुद्दे उठाए। जनता को भरोसा दिया कि आने के बाद वह उनकी सुनेगा। अपने मन की बात नहीं करेगा। जनता ने भी इस बार विपक्ष को खूब सुना। माहौल वह बिल्कुल नहीं है जो एक्जिट पोल बता रहा है। सारी जिम्मेदारी चुनाव आयोग पर जिलों के चुनाव अधिकारियों पर है कि वह पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता और बिना किसी डर के काम करें। जनता से पंगा अच्छी बात नहीं है!

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# चाबहार बंदरगाह भारत, ईरान और अफ़गानिस्तान के लिए एक रणनीतिक जरूरत

■ गिरीश लिंगन्ना

भारत आज ईरान में लंबे समय से लंबित चाबहार बंदरगाह परियोजना को पुनर्जीवित करने के लिए काम कर रहा है। 13 मई को, इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड (आईपीजीएल) और ईरान के बंदरगाह और समुद्री संगठन ने 10 साल के समझौते पर हस्ताक्षर किये। यह सौदा भारत को चाबहार बंदरगाह को विकसित करने और संचालित करने की अनुमति देता है।

आईपीजीएल लगभग 120 मिलियन डॉलर का निवेश करेगा, जिसमें अतिरिक्त 250 मिलियन डॉलर का वित्तपोषण होगा, जिससे अनुबंध का कुल मूल्य 370 मिलियन डॉलर हो जायेगा।

भारत, अफ़गानिस्तान और ईरान को जोड़ने वाला परिवहन और पारगमन मार्ग बनाने के लिए 'चाबहार समझौता' मूलरूप से मई 2016 में हुआ था। इस समझौते का उद्देश्य भारत, अफ़गानिस्तान और ईरान के बीच माल और यात्रियों को ले जाने के लिए बंदरगाह का उपयोग करना था। इससे अन्य देशों से माल और यात्रियों को आकर्षित करने की भी उम्मीद थी।

उस समय ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी ने दिसंबर 2017 में चाबहार बंदरगाह के पहले चरण का शुभारंभ किया। आईपीजीएस ने 2018 के अंत में बंदरगाह संचालन का प्रबंधन शुरू किया। तब से, इसने 90,000 टीईयू (ट्वेंटी फुट इक्विवेलेंट यूनिट्स) से अधिक कंटेनर ट्रैफ़िक और 8.4 मिलियन टन से अधिक बल्क और सामान्य कार्गो को संभाला है। 2018 में, ट्रम्प प्रशासन ने एक छूट दी, जिसने चाबहार को अमेरिकी प्रतिबंधों से बाहर रखा, जिससे बंदरगाह का उपयोग अफ़गान पुनर्निर्माण प्रयासों का समर्थन करने के लिए किया जा सके। विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि- राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 'दक्षिण एशिया रणनीति अफ़गानिस्तान की आर्थिक वृद्धि और विकास के लिए हमारे निरंतर समर्थन को उजागर करती है, साथ ही भारत के साथ हमारी मजबूत साझेदारी भी', जैसा कि द डिप्लोमैट की एक रिपोर्ट में बताया गया है।

अमेरिकी प्रवक्ता ने कहा कि यह अपवाद अफ़गानिस्तान के लिए पुनर्निर्माण सहायता और आर्थिक विकास से जुड़ा है, जो देश के विकास का समर्थन करने और मानवीय राहत प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। हाल ही में हुए समझौते के जवाब में, संयुक्त राज्य अमेरिका ने एक चेतावनी जारी की है। उसने संकेत दिया कि अगर भारतीय कंपनी आईपीजीएल निवेश के साथ आगे बढ़ती है तो उसे प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है।

अगस्त 2021 में अमेरिका के अफगानिस्तान छोड़ने के बाद से चाबहार पर अमेरिकी दृष्टिकोण बदल गये हैं। वाशिंगटन तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार को मान्यता देने की योजना नहीं बना रहा है जिसने गणराज्य से सत्ता संभाली है और उसने तालिबान की प्रतिबंधात्मक नीतियों को बदलने की कोशिश करने के लिए वित्तीय दबाव का उपयोग करने की रणनीति लागू की है। भले ही यह रणनीति अब तक काम नहीं आई है, लेकिन चाबहार को तालिबान को लाभ पहुंचाने वाला एक प्रमुख व्यापार और पारगमन केंद्र बनाना अमेरिकी रणनीति के सफल होने की संभावनाओं को कमजोर कर सकता है।

हालांकि, भारत के लिए चाबहार कई फायदे प्रदान करता है। यह ईरान के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को बनाये रखने में मदद करता है, जो भारत द्वारा ईरानी तेल आयात करना बंद करने और विभिन्न मुद्दों पर उनकी नीतियों के अलग होने के कारण तनावपूर्ण हो गया था। चाबहार निष्क्रिय अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (आईएनएसटीसी) को पुनर्जीवित करने के लिए भी महत्वपूर्ण है, जिसका उद्देश्य भारत, ईरान, रूस और कई मध्य और पश्चिम एशियाई देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देना है। भारत-मध्य पूर्व आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना, जिसे 2023 में बहुत उत्साह के साथ लॉन्च किया गया था, अब गाजा में इजरायल के युद्ध के कारण लगभग छोड़ दिया गया है, और यूरोपीय संघ और यू.के. के साथ मुक्त व्यापार समझौते की वार्ता ठप हो गयी है, और भारत की वैकल्पिक व्यापार मार्गों की आवश्यकता भी काफी बढ़ गई है।

चाबहार भारत के अफगानिस्तान में अपनी उपस्थिति को फिर से स्थापित करने के बारे में भी है, ठीक उसी तरह जैसे उसने 2001 और 2021 के बीच गणतंत्र सरकार और अफगान लोगों के साथ मजबूत संबंध बनाये थे। 2016 के चाबहार समझौते का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पाकिस्तान के कराची और ग्वादर बंदरगाहों से बचते हुए भूमि से घिरे अफगानिस्तान को समुद्र तक पहुंच देना था। कई वर्षों से, पाकिस्तान ने अक्सर अफगानिस्तान के लिए अपनी सीमाओं को बंद कर दिया है, जिससे देश की समुद्र तक पहुँच अवरुद्ध हो गयी है और भारत और दक्षिण एशिया के साथ व्यापार और पारगमन में बाधा उत्पन्न हुई है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण संबंधों के कारण यह एक बार फिर प्रासंगिक हो गया है।

> चाबहार भारत के अफगानिस्तान में अपनी उपस्थिति को फिर से स्थापित करने के बारे में भी है, ठीक उसी तरह जैसे उसने 2001 और 2021 के बीच गणतंत्र सरकार और अफगान लोगों के साथ मजबूत संबंध बनाये थे। 2016 के चाबहार समझौते का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पाकिस्तान के कराची और ग्वादर बंदरगाहों से बचते हुए भूमि से घिरे अफगानिस्तान को समुद्र तक पहुंच देना था।

चाबहार को वैकल्पिक मार्ग के रूप में फिर से सक्रिय करने के प्रयासों को कई खुली और पर्दे के पीछे की बातचीत के माध्यम से गति दी गयी है। हाल के महीनों में, भारत तालिबान के करीब आ गया है, जबकि अफ़गानिस्तान और पाकिस्तान के बीच संबंध खराब हो गये हैं, और तेहरान और इस्लामाबाद के बीच तनाव बढ़ गया है। तालिबान के अधिकारियों ने सार्वजनिक रूप से खुद को 'एक ऐसे देश पाकिस्तान से दूर रखने का उल्लेख किया है जो अफ़गानिस्तान के मामलों में बहुत अधिक शामिल रहा है।'

मार्च 2024 में, तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी और भारत के विदेश मंत्रालय के अफ़गानिस्तान और पाकिस्तान प्रभाग के प्रमुख जे.पी. सिंह के बीच काबुल में एक बैठक के दौरान, उन्होंने चाबहार पर चर्चा की। 28 मार्च को, तालिबान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी किया जिसमें चाबहार बंदरगाह के माध्यम से दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने के लिए भारत के समर्थन पर प्रकाश डाला गया। उस महीने की शुरुआत में, तालिबान ने चाबहार बंदरगाह में लगभग 35 मिलियन डॉलर का निवेश करने की योजना की घोषणा की। भारत और ईरान दोनों ने तालिबान के साथ जुड़ने के लिए अपनी रणनीतियों को सरेखित किया है। यह स्पष्ट है कि नई दिल्ली, तेहरान और काबुल मूल चाबहार योजना को पुनर्जीवित करने और पिछली चुनौतियों से आगे बढ़ने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका से स्पष्ट स्वीकृति के बिना आगे बढ़ने के कारण, ये क्षेत्रीय खिलाड़ी क्षेत्रीय मंच पर जोखिम उठाने को तैयार हैं।

अमेरिका के साथ बैक चैनल कूटनीति और मजबूत रणनीतिक संबंधों ने पहले भारत को रूस से एस-400 मिसाइल और तेल आयात करते समय अमेरिकी प्रतिबंधों को दरकिनार करने में सक्षम बनाया है। इस बार, नई दिल्ली को विश्वास है कि वह, जैसा कि भारतीय विदेश मंत्री ने कहा, चाबहार सौदे पर संयुक्त राज्य अमेरिका से 'संवाद कर सकता है, समझा सकता है और चुपचाप स्वीकृति प्राप्त कर सकता है', इसलिए आईपीजीएल को प्रतिबंधों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

चीन के साथ प्रतिस्पर्धा में नई दिल्ली अमेरिका के लिए एक महत्वपूर्ण भागीदार है, और वाशिंगटन द्वारा कठोर उपायों से बचने की संभावना है, खासकर चुनावी वर्ष के दौरान। इसके अलावा, क्षेत्रीय गठबंधनों को बदलने के साथ, भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका को एक जटिल परिदृश्य को नेविगेट करने की आवश्यकता होगी क्योंकि वे अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करना चाहते हैं।

## गुरवाणी विचार

### मेरा मुझ में किछ नहीं जो किछ है सो तेरा

सो किओ बिसरे जिघाल न भाणें सो किओ बिसरे जिकीआ जानै
सो किओ बिसरे जिनि सब किछ दीआ सो किओ बिसरे जिनि जीवन दीआ
सो किओ बिसरे जि अगनि महि राखे-गुरु प्रसादि को बिरला लाखे
सो किओ बिसरे जि बिखते काढ़े जनम जनम का टूटा गाढ़े
गुरु पूरे तत इही बुझाइआ प्रभु अपना नानक जनधिआइया।

सुखमनी साहिब इन पंक्तियों द्वारा पांचवे नानक गुरु अर्जुन देव जी मानव मन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि ऐ इंसान हर वक्त सिमरन बंदगी में लगा रहा कर मन में राम नामा जाप जो भी जीव प्रभु परमात्मा की सिमरन बंदगी करना विसार देते हैं वे मानव जनम पाकर भी पशु के समान उससे भई बढ़कर है क्योंकि पशु तो रूखी सूखी घास खाकर भी दिन-रात मानव सेवा में लगा रहता है। मगर इंसान छत्तीस प्रकार के भोजन खाकर भी अपने जनक प्रभु परमात्मा को भी बिसार बैठा है। प्रभु इंसान द्वारा किये गए मेहनत को कभी व्यर्थ नहीं जाने देता। मनुष्यों द्वारा की गई कमाई को कभी भूलता नहीं है। परमात्मा इंसान को कुछ न कुछ देते रहता है बदले में वह कुछ भी नहीं चाहता। चाहे कोई आस्तिक हो या नास्तिक। हर एक को बिना भेदभाव के दिये जा रहा है-

पाल रहा अपनी धरती पर वो सबकी जिंदगानी।
बदले में न लेता किसी से एक भी कौड़ी कानी।।

इस तरह वह निरंतर दे ही रहा है। हर किसी के जिंदगी का सहारा है। उसके द्वारा दी गई सांसों की पूंजी के कारण ही इंसान दुनिया में मौजूद है। हमें थोड़ा सा प्रयास करना है और उसे प्राप्त कर लेना है- पुहप मध जिओं बास बसत है- मुकर माहे जैसी छाई।

तैसे ही हरि बसै रिदतंर-घटि ही खोजो भाई।।

इस तरह तीव्र बिरहा की भावना जागृत होने पर प्रभु परमात्मा हमें अपने अंदर बिराजमान दिखाई देने लगेंगे। इसके लिए हमें केवल मैं-मेरी की भावना को मिटाकर जो कुछ है सो तेरा की तरफ ध्यान लगाना पड़ेगा।

मेरा मुझ में किछ नहीं जो किछ है सो तेरा।
तेरा तुझको सौंपते किआ लागै मेरा।।

इसी बात पर दृढ़ रहकर प्रभु परमात्मा की बंदगी में हमें लग जाना है। पभु मूरत का हर वक्त ध्यान लगाना है। सांसारिक मोह, माया, विषय विकारों से ध्यान हटाकर प्रभु भक्ति में ध्यान लगाना है तभी हमारा मन निर्मल हो पायेगा और मन निर्मल होने पर ही हमें प्रभु मूरत के दर्शन हो सकेंगे। अगर हमने मानव जीवन पाकर भी प्रभु बंदगी नहीं की तो हमारा संसार में मानव देही पाना व्यर्थ ही चला जायेगा। चौथे नानक तो हमें चेतावनी तक दे रहे हैं-

जिननि ऐसा हरि नाम ने चेतिओ से काहे जग आए राम राजे।
हुन वते हरि नाम ने बीजिओ़ अगे भुखां किआ खाये।।
जिन हरि हिरदे नाम न बसिओ तिनि मात कीजै हरि बांझा।

इसलिए मानव जीवन पाकर हमें प्रभु प्राप्ति हेतु हर वक्त लगे रहना चाहिए। प्रभु से मिलाप की तड़प और प्रभु परमात्मा के प्रति पूर्ण रूप से समर्थन की भावना। हाथी सीधी राह चल पड़े ठीक इसी तरह हमें सिमरन रूपी अंकुश का प्रयोग करना पड़ेगा। जैसे हमारा मन कभी नहीं चाहेगा कि वह अमृत वेले सुबह चार बचे उठकर सिमरन बंदगी में लग जाए। हमें जबरदस्ती चार बजे घड़ी में अलार्म लगाकर उठना पड़े। उठना है प्रभु बंदगी में मन रमाना है। पहले तो कठिन लगेगा पर धीरे-धीरे बिना अलार्म के भी हम उठने लगेगें। फिर प्रभु में ध्यान लग जाएगा। और एक बार मन लग गया तो फिर हटने का नाम ही नहीं लगेगा जिस तरह एक गूंगा मिठाई खाकर स्वाद बताने में असमर्थ रहता है ठीक उसी तरह हमें प्रभु सिमरन में आनंद आने लगेगा।

जिनि ऐह चाखी सोई जाने गूंगे की मिठिआई।
रतन लुकाये लूके नाहीं जे को रहे लुकाई।।

जिस संसार की प्रभु ने रचना की है और उसके बाद स्वर्णकार या कुम्हार सरीखे उस वस्तु से अपना मोह भंग नहीं कर लिया बल्कि वह प्राणी के भीतर बैठकर उसकी संभाल कर रहा है और अपने सारा संसार विनाशी है केवल प्रभु परमात्मा के।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### श्रम, साहस और संयम जीवन मे सफलता के महत्वपूर्ण घटक

जहां सफलता की संभावना एकदम कम तथा न्यून हो और सफलता मिल जाए तो भाग्य को श्रेय दिया जाता है। वास्तव में जो सफलता के चरम पर होता है, वह खुद ही जानता है कि भाग्य जैसी कोई चीज नहीं होती है पर सफल व्यक्ति से जुड़े हुए लोग उनके साहस और श्रम को श्रेय देने के बजाय व्यक्ति के भाग्य पर जोर देने लगते हैं। इस दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं, जो सफलता को कुछ निश्चित गुणों पर आधारित मानते हैं। असफल व्यक्ति ही भाग्य पर ज्यादा भरोसा करते हैं, असफल होने पर अपने भाग्य को कोसते हैं। वस्तुत: भाग्य नाम की कोई चिड़िया होती ही नहीं है। भाग्य साहस और मेहनत की परिणति है। जिसके भीतर साहस और श्रम करने की प्रवृत्ति होती है, वही व्यक्ति सफल होता है। भाग्य उसका सदैव साथ देता है। साहसी व्यक्ति मेहनत से नहीं डरता, चुनौतियां स्वीकार करता है, और निडर होकर हर चुनौती का डटकर मुकाबला करता है। साहसी व्यक्ति कांटों से भरे पथ पर चलने के लिए तत्पर रहता है, डर नामक चीज़ से वह परिचित नहीं होता है। और अपनी मेहनत और साहस के बल पर बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त करता है, वही व्यक्ति भाग्यवान कहलाता है। मशहूर मुक्केबाज मोहम्मद अली उर्फ कैशियस क्ले ने एक महत्वपूर्ण मुक्केबाजी की स्पर्धा जीतकर कहा था,

'जो व्यक्ति जीवन में ज्यादा खतरे नहीं उठाता वह एक साधारण जिंदगी जीने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकता।' मोहम्मद अली के इस कथन में कई सफलता के तत्व छुपे हुए हैं, यदि आपने अपनी जिंदगी में साहस नहीं दिखाया तो निश्चित तौर पर आप कुछ भी उल्लेखनीय नहीं कर सकते हैं, साहस एक ऐसा माननीय गुण है जो व्यक्ति की सफलता को दुगना कर देता है। साहस और श्रम ही जीवन का पर्याय है, और ऐसे व्यक्ति भीड़ में अलग दिखाई देते हैं। उन्हें ही समाज सफल व्यक्ति एवं भाग्यवान होने की श्रेणी में रखता है। साहसी व्यक्ति के मन में हिचक नहीं होती वह किसी भी निर्णय लेने में कभी किंकर्तव्यविमूढ़ नहीं होता, अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए वह अपने साहस और श्रम पर विश्वास रख आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहता है। नेपोलियन बोनापार्ट के अनुसार- भाग्य केवल सक्रिय मस्तिष्क का साथ देता है, इसीलिए मनुष्य को अपना मस्तिक सदैव क्रियाशील व सक्रिय रखना चाहिए।' वास्तव में हम जैसे विचार रखते हैं, हम जैसा सोचते हैं, हम वैसे ही बन जाते हैं, जिसने विचारों की ऊर्जा को पहचाना, उसका जीवन सकारात्मक तथा सफलता के कदम चूमता है। अपने लक्ष्य के बारे में सदैव विचार करते रहें एवं उपलब्ध संसाधनों का रोना रोने के बजाय यह सोचना आवश्यक होगा कि हम अपना सर्वोत्तम कैसे दे सकते हैं। ऐसे विचारों और साहस के बहुत बड़े उदाहरण मीराबाई चानू, बजरंग पूनिया और गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा हैं, जो देश के लिए बहुत बड़े उदाहरण हैं। इसके अलावा अन्य भी जिन्होंने ओलंपिक 2020 जापान में देश के लिए खेल में चार और मेडल प्राप्त किया और देश का गौरव बढ़ाया। इन सब को बधाइयों के साथ शुभकामनाएं भी हैं, इनकी मेहनत लगन और साहस को देश के 135 करोड़ आवाम का अभिनंदन तथा वंदन है।

**संजीव ठाकुर**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## अफगानिस्तान में हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत, 21 घायल

**काबुल,** 2 जून (एजेंसियां) दक्षिण अफगानिस्तान के कंधार प्रांत में एक राजमार्ग पर हुई दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 21 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी प्रांतीय पुलिस विभाग के प्रवक्ता मुल्ला असदुल्ला जमशेद ने दी। अधिकारी ने कहा कि यह घातक दुर्घटना कंधार को पश्चिमी हेरात प्रांत से जोड़ने वाले राजमार्ग पर मैवांड जिले में हुई जब एक कार एक रिक्शा से टकरा गई। उन्होंने कहा कि दुर्घटना का कारण लापरवाही से वाहन चलाना हो सकता है। अधिकारी ने कहा कि घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। जिनमें कई की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

# हमास व इजरायल से युद्ध समाप्त करने की अपील

### कतर, अमेरिका व मिस्र ने संयुक्त रूप से जारी किया प्रस्ताव

**दोहा,** 2 जून (एजेंसियां)। कतर, अमेरिका और मिस्र ने संयुक्त रूप से जारी किए गए एक बयान में हमास और इजरायल से अमेरिकी प्रस्ताव पर एक समझौते को अंतिम रूप देने का आह्वान किया है। कतर के विदेश मंत्रालय ने ये संयुक्त बयान जारी किया है।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि गाजा में युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई के लिए इजरायल और हमास बातचीत करें।

शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि सभी पक्षों की मांगों को एक ऐसे समझौते में लाया गया है, जो दोनों के हितों की पूर्ति करता है। गाजा में पीड़ित लोगों के साथ-साथ बंधकों और उनके परिवारों दोनों को तत्काल राहत पहुंचाएगा। इसमें कहा गया कि यह सौदा स्थायी युद्ध विराम और संकट को समाप्त करने के लिए एक रोडमैप है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को इस प्रस्ताव का खुलासा किया था, जिसके तहत गाजा संघर्ष को समाप्त किया जाएगा और सभी बंधकों को रिहा किया जाएगा। इस बीच, वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनी सूत्रों ने बताया कि जेरिको के दक्षिण में अकाबत जाबेर



**सभी पक्षों की मांगों को एक ऐसे समझौते में लाया गया है, जो दोनों के हितों की पूर्ति करता है : कतर**

शरणार्थी शिविर में इजरायली सेना की गोलीबारी में एक फिलिस्तीनी लड़के की मौत हो गई।

फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने शनिवार को सिन्हुआ समाचार एजेंसी को बताया कि इजरायली सेना ने शिविर पर धावा बोला और शिविर में पश्चिमी कब्रिस्तान के पास दो लोगों पर गोली चलाई। बाद में, फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने शनिवार को एक संक्षिप्त बयान में कहा कि उसे दक्षिणी चेकपॉइंट पर 15 साल के एक लड़के का शव मिला। गोलीबारी में एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना के बारे में इजरायली सेना ने कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन इजरायली सेना ने अक्सर कहा है कि वेस्ट बैंक में उसके छापे आतंकवाद विरोधी अभियान होते हैं।

फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पिछले अक्टूबर से अब तक वेस्ट बैंक और यरुशलम में 500 से अधिक फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं।

इधर, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उन्होंने वाशिंगटन में अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। इजरायली प्रधानमंत्री ने शनिवार को एक बयान में कहा कि वह कांग्रेस के दोनों सदनों में इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष पर सच्चाई बताएंगे।

## हूती ने लाल सागर में अमेरिकी विमानवाहक पोत पर किया हमला



**सना।** यमन के अंसार अल्लाह आंदोलन जिसे आमतौर पर हूती के नाम से भी जाना जाता है, ने लाल सागर में एक अमेरिकी विमान वाहक पोत और कई जहाजों पर हमला किया। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या साड़ी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

प्रवक्ता ने कहा, हूती नौसेना की मिसाइल इकाइयों और ड्रोन ने छह अभियान चलाए हैं। साड़ी ने कहा कि अमेरिकी विमानवाहक पोत ड्वाइट आइजनहावर पर उत्तरी लाल सागर में मिसाइलें और ड्रोन के साथ कई लोगों ने हमला किया था। इसके अलावा लाल सागर में एक अमेरिकी विध्वंसक पर भी हमला किया गया। प्रवक्ता ने कहा कि आंदोलन की ताकतों ने लाल सागर, अरब सागर और हिंद महासागर में उन जहाजों पर हमला किया जो उन कंपनियों से संबंधित थे जिन्होंने [इजरायली] बंदरगाहों पर जाने पर प्रतिबंध लगाने के फैसले का उल्लंघन किया था।

## आइसलैंड के राष्ट्रपति चुनाव में टॉमसडॉटिर आगे



**हेलसिंकी,** 2 जून (एजेंसियां)। आइसलैंड के राष्ट्रपति चुनाव में महिला कारोबारी हल्ला टॉमसडॉटिर पूर्व प्रधानमंत्री कैटरीन जैकब्सडॉटिर से आगे चल रही है। यह जानकारी रविवार को प्रकाशित सभी निर्वाचन क्षेत्रों के आंशिक परिणामों के अनुसार दी गई।

राष्ट्रीय प्रसारक आरयूवी की रिपोर्ट के अनुसार लगभग 1 लाख 60 हजार वोटों में से 86 हजार 551 वोटों की गिनती के साथ सुश्री टॉमसडॉटिर को 32.4 प्रतिशत वोट मिले, जबकि सुश्री जैकब्सडॉटिर को 26.3 प्रतिशत वोट मिले।

## ईरान ने स्वीडन के राजदूत को किया तलब

**तेहरान,** 2 जून एजेंसियां)। ईरान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को तेहरान के खिलाफ अपने देश के 'निराधार और पक्षपातपूर्ण' आरोपों पर स्वीडन के राजदूत को तलब किया। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने यह जानकारी दी।

एजेंसी ने बताया कि विदेश मंत्रालय ने स्वीडिश दूत के साथ बैठक के दौरान स्टॉकहोम में एक स्वीडिश अधिकारी द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणियों के खिलाफ तेहरान के विरोध से अवगत कराया। इरना के अनुसार यह टिप्पणी 'दुष्प्रचार पर आधारित और इजरायल के प्रभाव में' की गई थी।

## सुडोकू 6574

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 3 | | | | | |
| 7 | | | | 1 | 4 | | 8 | |
| 6 | | | | | | | | |
| 1 | 8 | | | 4 | | | 5 | |
| 2 | | | 1 | | 5 | | | 6 |
| | 9 | | | 8 | | | 2 | 3 |
| | | | | | | | | 2 |
| | 1 | | 4 | 5 | | | | 9 |
| | | | | | 7 | | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

# दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : सोमवार 3 जून , 2024 ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 11**

## राशिफल

मेष - आज का दिन आपके लिए बेहद अनुकूल रहेगा। आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी।

वृषभ - आज आपको सावधान रहने की सलाह दी जाती हैं। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

मिथुन - आज आपका दिन बहुत लाभदायी है। अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा।

कर्क - आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे। नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा।

सिंह - आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा। आपका व्यवहार न्यायपूर्ण रहेगा। आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी।

कन्या - आज का दिन किसी भी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा है। हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है।

तुला - आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा। मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे।

वृश्चिक - आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा। आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी।

धनु - आज आपको यात्रा ना करने की सलाह दी जाती है। संतान के स्वास्थ्य और पढ़ाई के संबंध में चिंता रह सकती है। मेहनत करने पर भी आज काम में सफलता नहीं मिलेगी। क्रोध पर संयम रखें।

मकर - आपको कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ सकता है। पारिवारिक समस्याओं का प्रभाव आपके मस्तिष्क पर पड़ेगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता होगी। समाज में अपमानित होने का डर लगा रहेगा।

कुंभ - आज आपको मानसिक राहत मिलेगी। शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होने के कारण आपका उत्साह बढ़ेगा। दोस्तों और पड़ोसियों के साथ रिश्ते बेहतर होंगे। घर में रिश्तेदार और मित्रों के आने से खुशी का अनुभव करेंगे।

मीन - नकारात्मक विचारों को अपने मन से हटाएं। क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। किसी से वाद-विवाद या झगड़े को हर संभव टालने का प्रयास करें। खान-पान पर संयम बरतने की जरुरत है। शारीरिक स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# जर्मनी में बाढ़ के बीच 600 लोगों को निकाला

**फ्रैंकफर्ट,** 2 जून (एजेंसियां)। दक्षिणी जर्मनी में भारी बारिश के कारण आई विनाशकारी बाढ़ के कारण 600 से अधिक लोगों को उनके घरों से निकालना पड़ा है। उन्होंने बताया कि कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण डोनौ, नेकर और गुएन्ज़ सहित कई नदियों में जल स्तर बढ़ गया है, जिससे तटीय शहरों और कस्बों में बड़े पैमाने पर बाढ़ आ गई है। कई क्षेत्रों में जल स्तर एक सदी में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। स्थानीय प्राधिकारी ने कहा कि रविवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर दो बजे तक बवेरिया के 10 जिलों ने आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है। न्यूबर्ग-श्रोबेनहौसेन जिले के 670 से अधिक निवासियों को निकाला गया है। उन्होंने बताया कि जर्मनी के दो दक्षिणी राज्य बवेरिया और बाडेन-वुर्टेमबर्ग सबसे अधिक प्रभावित हैं। जर्मन मौसम सेवा ने दक्षिणी जर्मनी के कई जिलों के लिए उच्चतम स्तर की गंभीर मौसम चेतावनी जारी की है।




## श्रीलंका में भारी बारिश, बाढ़ की चेतावनी

**कोलंबो।** श्रीलंका के आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने रविवार को देश भर में हो रही भारी बारिश के कारण राजधानी कोलंबो के बाहरी क्षेत्रों और अन्य इलाकों में बाढ़ की बड़ी चेतावनी जारी की। सिंचाई विभाग ने कहा कि रविवार तड़के से हो रही भारी बारिश के कारण कोलंबो के बाहरी इलाकों में केलानी नदी और श्रीलंका के दक्षिण में गिन नदी में जलस्तर बढ़ गया है। डीएमसी ने कहा कि उसने निचले इलाकों में रहने वाले परिवारों को ऊंचे इलाकों में जाने की सलाह दी है। मौसम विज्ञान विभाग ने आज मौसम अलर्ट में कहा कि देश के पश्चिमी और दक्षिणी प्रांतों में 150 मिलीमीटर से अधिक बारिश होने की उम्मीद है।

## शेख मिशाल ने की नए क्राउन प्रिंस की नियुक्ति

**कुवैत सिटी,** 2 जून (एजेंसियां)। कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने शेख सबा अल-खालिद अल-सबा को नया क्राउन प्रिंस नियुक्त करने का फरमान जारी किया है। कुवैत के सरकारी टेलीविजन ने शनिवार को यह जानकारी दी।



1953 में कुवैत में जन्मे शेख सबा ने पहले 2019 से 2022 तक देश में प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। कुवैत विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में डिग्री के साथ स्नातक होने के बाद, नए राजकुमार ने एक बार संयुक्त राष्ट्र में कुवैत के स्थायी प्रतिनिधि, सऊदी अरब में राजदूत और विदेश मंत्री के रूप में भी कार्य किया।

शेख मिशाल 16 दिसंबर, 2023 को कुवैत के 17वें शासक बने। वह अपने सौतेले भाई शेख नवाफ अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के उत्तराधिकारी बने। उनका 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

## वेम्बली स्टेडियम में 50 से अधिक लोगों को किया गिरफ्तार

**लंदन,** 2 जून (एजेंसियां)। लंदन के वेम्बली स्टेडियम में यूईएफए चैंपियंस लीग फाइनल के दौरान सुरक्षा उपायों का उल्लंघन करने के प्रयास के आरोप में 50 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लंदन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। वेम्बली स्टेडियम में शनिवार को रियल मैड्रिड और बोरूसिया डॉर्टमुंड के बीच चैंपियंस लीग फुटबॉल मैच हुआ, जो पहले टीम के पक्ष में समाप्त हुआ। पुलिस ने एक बयान में कहा कि अधिकारियों ने वेम्बली में 53 गिरफ्तारियां की हैं-पांच पिच पर आक्रमण के लिए और अधिकांश अन्य सुरक्षा उल्लंघन के प्रयासों के लिए। पुलिस ने कहा कि स्टेडियम में अवैध रूप से प्रवेश करने के अधिकांश प्रयास कानून प्रवर्तन अधिकारियों और स्टेडियम के कर्मचारियों के काम के कारण 'असफल' रहे।



## दक्षिण कोरिया में उत्तर कोरिया के कचरा ढोने वाले 600 से अधिक गुब्बारे गिरे

**सोल,** 2 जून (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के कचरा ढोने वाले छह सौ से अधिक गुब्बारे लगातार पांच दिनों से जीपीएस सिग्नल जाम होने के बीच दक्षिण कोरिया में गिरे है। सोल की सेना ने रविवार को यह जानकारी दी।

योनहाप समाचार एजेंसी ने बताया कि दक्षिण कोरिया का राष्ट्रपति कार्यालय जवाबी कदम उठाने पर विचार कर रहा है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि उसने 600 से अधिक गुब्बारों का पता लगाया है जो दोनों कोरिया को अलग करने वाली सैन्य सीमांकन रेखा के पार तैरते हुए शनिवार रात आठ बजे से रविवार सुबह दस बजे के बीच देश के विभिन्न हिस्सों में गिरे थे। जेसीएस के अनुसार गुब्बारों में पिछले गुब्बारों की तरह ही सिगरेट के टुकड़े, कागज और प्लास्टिक की थैलियां जैसे कचरे के विभिन्न टुकड़े थे।

दक्षिण कोरिया के कार्यकर्ताओं द्वारा भेजे गए प्योंगयांग विरोधी पर्चों के खिलाफ 'जैसे को तैसा कार्रवाई' की चेतावनी देने के बाद उत्तर कोरिया ने इससे पहले मंगलवार और बुधवार को कचरा और मलमूत्र से भरे लगभग 260 गुब्बारे दक्षिण में भेजे थे। जेसीएस ने लोगों को वस्तुओं को न छूने और नजदीकी सैन्य या पुलिस अधिकारियों को इसकी सूचना देने की सलाह दी। योनहाप रिपोर्ट में कहा गया है कि इसमें गुब्बारों से संभावित खतरे की भी चेतावनी दी गई है। सोल शहर की सरकार ने रविवार को कहा कि वह ऐसी घटनाओं पर प्रतिक्रिया देने के लिए 24 घंटे एक आपातकालीन केंद्र संचालित करेगी। उत्तर कोरिया का गुब्बारा प्रक्षेपण हाल ही में कई उत्तेजक कदमों के बाद हुआ है, जिसमें सोमवार को एक जासूसी उपग्रह लॉन्च करने का असफल प्रयास भी शामिल है।



■ **उत्तर कोरिया ने पहले कचरा व मलमूत्र से भरे लगभग 260 गुब्बारे दक्षिण में भेजे थे**

## वर्ग पहेली 6574

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | ■ | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. राज्याभिषेक. राजतिलक (उर्दू)
३. एक वाद्य यंत्र
५. पाप धर्म विरुद्ध
६. नौ सैनिक, जल सेना का सिपाही
७. संबंधी, परिजन(उर्दू)
९. किसी की स्मृति में बना भवन आदि
१०. शायद
१२. चटनी, अवलेह(उर्दू)
१३. चौकीदार, प्रहरी
१४. प्रशंसित
१६. धक्का, रगड़ा, दबान, संकट की स्थिति, चपत, तमाचा
१८. दुख, कष्ट, उदासी, चिड़चिड़ापन
२०. तीव्र इच्छा
२१. रसीला
२३. सृजनत्मक

**ऊपर से नीचे:-**

१. दो वस्तुओं के परस्पर घट-बढ़ होने का भाव
२. तालाब
३. वज्राजनक (उर्दू)
४. प्राचीन कालीन एक विश्वविद्यालय
५. अचानक, सहसा
८. होंठ
१०. भैंस का नर बच्चा
११. जिस पर निशान लगा हो
१२. रामायण में उल्लेखित एक मायावी
१३. पूरा किया हुआ, समृद्ध, धनी
१४. मिलना, सभा, जलसा
१५. उपयोगी लाभप्रद
१७. जटिल, घुमावदार (उर्दू)
१८. कली का विकसित होना, फूलना
१९. नक्षत्र, आंख की पुतली
२२. किरण

### वर्ग पहेली-6573

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ज | न्म | २ दि | व | स | ■ | ३ वि | डं | ४ ब | ना |
| म | ■ | शा | ■ | ५ म | स्त | क | ■ | टो | ■ |
| ६ द | बा | व | ■ | झ | ■ | ७ ल | ज्जा | ही | ८ न |
| ग्नि | ■ | का | ■ | ९ दा | स | ता | ■ | ■ | य |
| ■ | १० अं | श | ११ ध | र | ■ | ■ | १२ दु | र्ज | न |
| ■ | ग | ■ | र | ■ | १३ जी | वा | श्म | ■ | ज |
| १४ कु | द | १५ र | ती | ■ | व | ■ | १६ न | १७ के | ल |
| र्क | ■ | ज | ■ | १८ कं | ट | १९ क | ■ | व | ■ |
| २० ना | दा | नी | ■ | च | ■ | २१ ब | दौ | ल | २२ त |
| मा | ■ | २३ श | ब | न | म | ■ | ■ | ■ | था |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1867- भारत के प्रसिद्ध शिक्षाविद, राजनेता, समाज सुधारक, न्यायविद और लेखक हरविलास शारदा का जन्म।

1901 - ज्ञानपीठ पुरस्कार के प्रथम विजेता महाकवि जी शंकर कुरूप का जन्म।

1915 - ब्रिटिश सरकार ने रविंद्रनाथ टैगोर को नाइटहुड की उपाधि से नवाजा।

1918- महात्मा गांधी की अध्यक्षता में इन्दौर में 'हिन्दी साहित्य सम्मेलन' का आयोजन।

1924- तमिलनाडु के पांच बार मुख्यमंत्री रहे एम करुणानिधि का जन्म।

1930- पूर्व रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस का जन्म।

1943- संयुक्त राष्ट्र संघ ने राहत और पुनर्वास प्रशासन की स्थापना की।

1947- ब्रिटिश राज में भारत के आखिरी वायसरॉय लॉर्ड माउंटबेटन ने भारत के बंटवारे का ऐलान किया।

1959- सिंगापुर को सेल्फ गवर्निंग स्टेट घोषित किया गया।

1972 - देश के पहले आधुनिक युद्धक पोत नीलगिरी को देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जलावतरित किया।

1974- बिहार के मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी कृष्ण बल्लभ सहाय का निधन।

1985 - भारत सरकार ने पांच दिन का कार्य दिवस सप्ताह शुरू किया।

**विरोध** *विश्व स्वास्थ्य सभा में अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियम 2005 में संशोधन स्वीकृत*

# प्रस्ताव तैयार करने में रही भारत की विशेष भूमिका

**नई दिल्ली, 2 जून (एजेंसियां)। वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात और महामारी संबंधी स्थितियों से निपटने में सभी देशों की क्षमता में सुधार करने के उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य सभा ने 300 प्रस्तावों के साथ अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियम 2005 में संशोधन स्वीकार किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को यहां बताया कि स्विट्जरलैंड की जिनेवा में 77 वीं विश्व स्वास्थ्य सभा की छह दिन तक चले अधिवेशन में स्वीकृत प्रस्ताव में स्वास्थ्य आपात स्थितियों के दौरान प्रासंगिक स्वास्थ्य उत्पादों तक समान पहुंच की।**

सुविधा के साथ-साथ आवश्यक मुख्य सुविधाओं के निर्माण, सुदृढ़ीकरण और रखरखाव में विकासशील देशों को सहयोग देने के लिए वित्तीय संसाधन जुटाने के प्रावधान शामिल हैं।

मंत्रालय ने कहा है कि इस प्रस्ताव को तैयार करने में भारत के विशेष भूमिका रही है और केंद्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्रा ने विश्व स्वास्थ्य सभा की महत्वपूर्ण समिति 'ए' के अध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

संशोधनों को अंतिम रूप देने के लिए, 28 मई को विश्व स्वास्थ्य सभा की समिति 'ए' के अध्यक्ष के रूप में श्री चंद्रा ने श्वेत पत्र के रूप में एक प्रस्ताव रखा। इसमें एक एकल मसौदा समूह की स्थापना का प्रस्ताव रखा गया। इस प्रस्ताव को सभी सदस्य देशों ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE
सत्यमेव जयते

■ **अपूर्व चंद्रा ने विश्व स्वास्थ्य सभा की महत्वपूर्ण समिति 'ए' के अध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया**

इसके बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन सचिवालय और सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ 77 वीं विश्व स्वास्थ्य सभा के समापन सत्र में संशोधनों में आम सहमति बनाई गई। परिणामस्वरूप, एक जून को 77 वीं विश्व स्वास्थ्य सभा में सर्वसम्मति से (2005) में संशोधन का प्रस्ताव अपनाया गया।

वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंडे में एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में, 77 वीं विश्व स्वास्थ्य सभा ने कोविड-19 महामारी के बाद सदस्य देशों के 300 प्रस्तावों के आधार पर अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियम (आईएचआर 2005) में संशोधनों पर सहमति व्यक्त की।

अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियमन पर कार्य समूह और महामारी पर अंतर-सरकारी वार्ता निकाय ने विभिन्न राष्ट्रों के प्रतिनिधियों के साथ लगभग दो साल पहले दो अलग-अलग समूहों में वार्ता प्रक्रिया शुरू की और इस मुद्दे पर कई बार फिर से शुरू किए गए सत्रों सहित कई बार बैठकें कीं।

## दुनिया को जानें

### छांग अ-6 ने चंद्रमा के सुदूर हिस्से पर नमूना संग्रह मिशन किया लॉन्च

**बीजिंग,** 2 जून (एजेंसियां)। छांग अ-6 रविवार सुबह चंद्रमा के सुदूर हिस्से पर अंटार्कटिक-ऐटकेन बेसिन पूर्व-चयनित लैंडिंग क्षेत्र पर सफलतापूर्वक उतरा, जिसने चंद्रमा के सुदूर हिस्से पर मानव जांच द्वारा किया गया पहला नमूना संग्रह मिशन लॉन्च किया।

चंद्रमा पर मानव अन्वेषण के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है। 3 मई को कक्षा में लॉन्च होने के बाद से छांग अ-6 जांच ने पृथ्वी-चंद्रमा स्थानांतरण, निकट-चंद्रमा ब्रेकिंग और चंद्रमा की परिक्रमा जैसी प्रमुख गतिविधियों के बाद चंद्रमा की लगभग 30 दिनों की यात्रा का अनुभव किया है। इसने एक 'अद्भुत लैंडिंग' पूरी की जिसने दुनिया भर का ध्यान आकर्षित किया। चंद्रमा के सामने वाले हिस्से पर उतरने की तुलना में चंद्रमा के पिछले हिस्से पर उतरना एक महत्वपूर्ण कदम है। यह प्रक्रिया चीनी एयरोस्पेस कर्मियों की बुद्धिमत्ता और रचनात्मकता से भरी है। चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतरना तो बस शुरुआत है। उसके बाद, लैंडर आधिकारिक तौर पर चंद्र बैकसाइड सैंपलिंग का काम शुरू करेगा जो लगभग 2 दिनों तक चलेगा और चंद्र नमूनों को अलग से एकत्र करेगा।

# प्रादेशिकी

## हेलीकॉप्टर से चंबा पहुंचाई गई ईवीएम मशीनें

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि चंबा जिला सहित जनजातीय उपमंडल पांगी में शनिवार को हुए लोकसभा चुनावों के उपरांत ईवीएम मशीनों को रविवार को सुबह मतगणना के लिए हेलीकॉप्टर के माध्यम से जिला मुख्यालय चंबा में पहुंचाया गया तथा हेलीपैड से सड़क मार्ग द्वारा सरोल स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित पहुंचाया। रेपसवाल ने कहा कि इसके अलावा भटियात, सलूणी तथा भरमौर से ईवीएम मशीनों को सड़क मार्ग द्वारा जिला मुख्यालय चंबा के सरोल स्थित बहुतकनीकी संस्थान भवन में वनाए स्ट्रांग रूम में सुरक्षित पहुंचा दिया गया है। ईवीएम मशीनों की शिफ्टिंग के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सुरक्षा मापदंडों का पूर्णतया पालन किया गया है। श्री रेपसवाल ने बताया कि ईवीएम मशीनों को राजकीय बहुतकनीकी संस्थान भवन सरोल में बने स्ट्रांग रूमज में थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था के बीच कड़ी सुरक्षा में रखा गया है।

# प्रधानमंत्री मोदी का 400 पार का नारा हुआ असफल : प्रतिभा सिंह



**शिमला,** 2 जून (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं मण्डी संसदीय क्षेत्र से निवर्तमान सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा है कि लोकसभा के चुनाव परिणाम एग्जिट पोल के विपरीत आएंगे और देश मे इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा है कि प्रदेश के चारों लोकसभा व छह विधानसभा चुनाव परिणाम

**■ प्रदेश में लोगों ने कांग्रेस के पक्ष में भारी मतदान किया**

भी कांग्रेस के पक्ष में आएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 400 पार का नारा असफल हो गया है और भाजपा 200 पार भी नहीं कर पाएगी। उन्होंने कहा कि चुनावों में भाजपा ने मुद्दों पर कोई बात नहीं की। बढ़ती मंहगाई व बेरोजगारी पर पूरी तरह खामोश रही। प्रतिभा सिंह ने कहा है कि प्रदेश में लोगों ने कांग्रेस के पक्ष में भारी मतदान किया है। उन्होंने कहा कि 4 जून चुनाव परिणाम पूरी तरह कांग्रेस के पक्ष में ही आएंगे। प्रतिभा सिंह ने भाजपा पर आरोप लगाया कि उन्होंने चुनाव परिणाम प्रभावित करने के लिये जो हतकंडे अपनाएं है वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। अनाप शनाप बयानबाजी कर लोगों में भय पैदा करने का असफल प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को धनबल से कमजोर करने की कोशिश की गई है पर जनबल ने इसे पूरी तरह नकार दिया है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस ने इन चुनावों को बड़ी मजबूती के साथ लड़ा है और प्रदेश के लोगों ने कांग्रेस के पक्ष में ही भारी मतदान किया है। उन्होंने कहा कि अगर ईवीएम से कोई छेड़छाड़ नही की गई होगी तो देश के साथ साथ प्रदेश के सभी चुनाव नतीजे कांग्रेस के पक्ष में अप्रत्याशित चौकाने वाले होंगे। प्रतिभा सिंह ने दावा किया कि उनकी मण्डी संसदीय सीट पर विक्रमादित्य सिंह की जीत पक्की है और वह रिकार्ड मतों से अपनी जीत का परचम लहराएंगे। उन्होंने कहा कि मण्डी संसदीय क्षेत्र के लोग पहले भी कांग्रेस के साथ थे और इस बार भी पूरी तरह कांग्रेस के ही साथ है। विक्रमादित्य सिंह ने मण्डी के विकास का जो विजन लोगों के समक्ष रखा है लोगों ने अपने मत के द्वारा उन्हें अपना पूरा समर्थन दिया है ऐसा उन्हें पूरा विश्वास हैं।

# 800 कर्मचारी संभालेंगे शिमला लोस सीट की मतगणना का जिम्मा

**शिमला,** 2 जून (एजेंसियां)। हिमाचल में लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद अब सबकी निगाहें चार जून को होने वाली मतगणना पर है। शिमला (सुरक्षित) लोकसभा सीट में मतगणना के लिए 800 कर्मचारियों को तैनात किया गया है। शिमला संसदीय क्षेत्र के लिए तैनात सामान्य पर्यवेक्षक जंग बहादुर यादव की निगरानी में मतगणना कर्मियों की दूसरी रेंडमाइजेशन रविवार को उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी कक्ष में की गई, जिसकी अध्यक्षता रिटर्निंग अधिकारी शिमला (सु.) संसदीय क्षेत्र एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम कश्यप ने की।

श्री कश्यप ने बताया कि लोकसभा चुनाव की मतगणना चार जून को होगी जिसमें शिमला संसदीय क्षेत्र की मतगणना लगभग 800 कर्मचारियों द्वारा की जाएगी। दूसरी रेंडमाइजेशन में जिला शिमला के 304, जिला सोलन के 256 और जिला सिरमौर के 243 मतगणना कर्मियों की रेंडमाइजेशन की गई और मतगणना पार्टियों का गठन किया गया है जिन्हे काउंटिंग टेबल 4 जून को मतगणना शुरू होने से पूर्व आवंटित किए जायेंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय यादव, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (प्रोटोकॉल) शिमला ज्योति राणा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी शिमला पंकज गुप्ता, तहसीलदार निर्वाचन शिमला राजेन्द्र शर्मा सहित जिला शिमला, सोलन और सिरमौर के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि शिमला संसदीय क्षेत्र में 71.26 प्रतिशत मतदान हुआ है। सिरमौर जिला के नाहन में सबसे ज्यादा और शिमला जिला के कसुम्पटी में सबसे कम मतदान हुआ। श्री कश्यप ने कहा कि शिमला लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत 3 जिलों के 17 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 71.26 प्रतिशत लोगों ने अपने मत का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि शिमला संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कुल 13 लाख 46 हजार 369 मतदाता है, जिसमे 6 लाख 91 हजार 889 पुरुष मतदाता एवं 6 लाख 55 हजार 921 महिला मतदाता शामिल है। संसदीय क्षेत्र में कुल 2083 मतदान केंद्र बनाए गए थे। सभी मतदान केंद्रों में मतदान को सफलतापूर्ण तरीके से संपन्न करवाया गया।

# उत्तराखण्ड कांग्रेस ने एग्जिट पोल के आंकड़ों को नकारा, नतीजों को बताया प्रायोजित

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 2 जून (देशबन्धु) लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने के बाद विभिन्न न्यूज चैनलों और एजेंसियों ने शनिवार को एग्जिट पोल जारी किये। जिसमें एनडीए को जबरदस्त बहुमत मिलता दिख रहा है। एग्जिट पोल्स में इंडिया गठबंधन कहीं



से भी एनडीए के सामने टिकता नहीं दिख रहा है। बात अगर उत्तराखंड की करें तो अधिकतर एग्जिट पोल्स में बीजेपी क्लीन स्वीप करती नजर आ रही है। कल देर शाम एग्जिट पोल्स के बाद इस पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया भी आई है। कांग्रेस ने एग्जिट पोल्स को सरकार का प्रायोजित बताया है।

कांग्रेस का कहना है कि जो एग्जिट पोल जारी किए गए हैं वह अप्रत्याशित नहीं हैं। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल बिष्ट ने कहा इस बात की पहले से ही उम्मीद थी कि शनिवार को जारी किए गए एग्जिट पोल सरकार द्वारा प्रायोजित किए गए हैं। ये एक तरह से सरकारी एग्जिट पोल हैं। सभी एग्जिट पोल में भाजपा की बढ़त दिखाई गई है, जबकि जनता का एग्जिट पोल 4 जून को आने वाला है।

शीशपाल बिष्ट ने कहा देश की जनता सरकार को बदलने के मूड में है, इसलिए निश्चित तौर पर इंडिया गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिलने जा रहा है।

**देश की जनता सरकार को बदलने के मूड में है, इसलिए निश्चित तौर पर इंडिया गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिलने जा रहा है : शीशपाल बिष्ट**

4 जून के बाद इंडिया गठबंधन कि देश में सरकार बनने जा रही है। कांग्रेस का मानना है कि कांग्रेस तमिलनाडु में मात्र 9 सीटों पर लड़ी, लेकिन एग्जिट पोल 13 से 15 सीटें दिखा रहे हैं। ऐसे में शनिवार को जारी किए गए एग्जिट पोलों पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। कांग्रेस का कहना है एग्जिट पोल एसी कमरों में बैठकर बनाए गए हैं, इसलिए एग्जिट पोलों की विश्वनीयता संदिग्ध है।

दरअसल, बीते रोज विभिन्न न्यूज चौनलों और एजेंसियों ने एग्जिट पोल जारी किए। इनमें से ज्यादातर एग्जिट पोल में एनडीए को जबरदस्त बहुमत दिया गया है। एजेंसियों के हिसाब से तीसरी बार फिर देश में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। अधिकतर एग्जिट पोल में एनडीए को 350 से अधिक सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। ऐसे में कांग्रेस ने सभी एग्जिट पोल्स को सरकार द्वारा प्रायोजित बताया है।

**सार संक्षेप**

## विधायक शीतल अंगुराल ने अपना इस्तीफा वापस लिया

**जालंधर।** पंजाब में लोकसभा चुनाव खत्म होते ही दलबदल कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए विधायक शीतल अंगुराल ने पार्टी से किनारा कर लिया है। अंगुराल ने रविवार को विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवान को पत्र लिखकर जालंधर (पश्चिम) विधायक पद से अपना इस्तीफा वापस लेने की मांग की है। पंजाब में लोकसभा चुनाव के एक दिन बाद और जालंधर (पश्चिम) विधायक पद से इस्तीफा देने के दो महीने बाद, आप के पूर्व नेता शीतल अंगुराल ने विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवान से अनुरोध किया है कि उन्हें अपना इस्तीफा वापस लेने की अनुमति दी जाए। श्री अंगुराल 27 मार्च को जालंधर के सांसद सुशील कुमार रिंकू के साथ भाजपा में शामिल हुए थे, जिन्होंने आप से इस्तीफा दे दिया था। श्री अंगुराल ने पत्र में कहा है कि अगर अब तक उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया जाता तो पश्चिम क्षेत्र में दोबारा चुनाव करवाने पड़ते, जिससे सरकार का चुनाव खर्च भी बढ़ जाता। यही वजह है कि वह अपना इस्तीफा वापस ले रहे हैं।

## उत्तरी राज्यों में मई में बिजली की मांग चरम सीमा पर

**जालंधर।** उत्तर-पश्चिम भारत में भीषण गर्मी के कारण बिजली की मांग चरम पर पहुंच गई है। गत 30 मई को उत्तरी क्षेत्र बिजली की मांग 86.7 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर पर और अधिकतम खपत 250 गीगावाट तक पहुंच गई। पंजाब में बिजली की मांग पिछले साल की अधिकतम मांग 11987 मेगावाट के मुकाबले 14509 मेगावाट तक पहुंच गई है। मई में बिजली की मांग पिछले साल से 20 फीसदी से अधिक बढ़ी है। पंजाब स्टेट पावॅर कार्पोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) द्वारा औसत दैनिक आपूर्ति भी पिछले साल की 1700 लाख यूनिट प्रतिदिन की आपूर्ति के मुकाबले करीब 37 फीसदी बढ़कर 2338 एलयू प्रतिदिन हो गई है। पिछले साल 23 मई को पीएसपीसीएल द्वारा की गई अधिकतम दैनिक बिजली आपूर्ति 2333 लाख युनिट थी और इस साल 31 मई को बिजली आपूर्ति 2839 लाख युनिट तक पहुंच गई है।

## हिमाचल में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत, दो घायल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिमला जिला में हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने हादसे के संदर्भ में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी जुन्गा के तहत जुन्गा-छलांडा-पीरन मार्ग पर एक कार (एचपी 52सी-1536) चायल की ओर से पीरन जा रही थी। कार में पीरन गांव के निवासी तीन लोग जोगिंद्र (44), साहिल शर्मा (31) और नीता राम (30) सवार थे।

## सुडोकू 6574 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 1 | 3 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 |
| 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 |
| 6 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 7 |
| 2 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 8 | 4 | 6 |
| 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 2 |
| 8 | 1 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 3 | 5 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 |

# प्रदेश में संसदीय क्षेत्रों में लगभग 71 प्रतिशत लोगों ने किया मतदान

**शिमला,** 2 जून (देशबन्धु)। निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि एक जून, 2024 को हुए मतदान में संसदीय क्षेत्रों की मतदान प्रतिशतता लगभग 71 प्रतिशत रही। उन्होंने बताया कि संसदीय क्षेत्र मण्डी में मत प्रतिशतता लगभग 73, हमीरपुर में 72, शिमला में 71 तथा कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में 68 प्रतिशत रही। उन्होंने संसदीय क्षेत्रों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मण्डी संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र आनी में लगभग 73 प्रतिशत, बल्ह में 75, बंजार में 70, भरमौर में 62, द्रंग में 74, जोगिन्द्रनगर में 68, करसोग में 72, किन्नौर में 70, कुल्लू में 71, लाहौल-स्पिति में 75, मनाली में 72, मण्डी में 75, नाचन में 77, रामपुर में 74, सरकाघाट में 67, सिराज में 75 तथा सुन्दरनगर में



76 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र बड़सर में लगभग 70 प्रतिशत, भोरंज में 69, बिलासपुर में 71, चिंतपूर्णी में 71, देहरा में 63, धर्मपुर में 63, गगरेट में 73, घुमारवीं में 72, हमीरपुर में 68, हरोली में 70, जसवां-परागपुर में 68, झण्डूता में 72, कुटलैहड़ में 76, नादौन में 72, श्रीनयना देवी जी में 73, सुजानपुर में 74, ऊना में 74 प्रतिशत मतदान हुआ। शिमला संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र अर्की में लगभग 68 प्रतिशत, चौपाल में 67, दून में 74, जुब्बल-कोटखाई में 75, कसौली में 75, कसुम्पटी में 61, नाहन में 78, नालागढ़ में 71, पच्छाद में 72, पांवटा साहिब में 74, रोहड़ू में 74, शिलाई में 71, शिमला में 63, शिमला ग्रामीण में 65, सोलन में 69, श्री रेणुका जी में 69, ठियोग में लगभग 66 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। इसी प्रकार कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र बैजनाथ में लगभग 62 प्रतिशत, भटियात में 65, चम्बा में 67, चुराह में 70, डलहौजी में 66, धर्मशाला में 70, फतेहपुर में 67, इंदौरा में 69, जयसिंहपुर में 62, जवालामुखी में 69, जवाली में 65, कांगड़ा में 70, नगरोटा में 71, नुरपूर में 67, पालमपुर में 69, शाहपुर में 68 तथा सुलह में लगभग 67 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

प्रवक्ता ने छः विधानसभा क्षेत्रों के लिए हुए उप-चुनावों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में लगभग 76 प्रतिशत, लाहौल-स्पिति 75 व गगरेट में 73 प्रतिशत, सुजानपुर में 74, धर्मशाला में 70 तथा बड़सर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 69 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि प्रपत्र 12डी के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले मतदाताओं की संख्या 41924 रही, जिनमें 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 29879, दिव्यांगजन मतदाता 10634, जिन्होंने घर से मतदान किया तथा मतदान के दिन आवश्यक सेवाओं पर तैनात 1411 मतदाताओं ने अपने गृह विधानसभा क्षेत्र में स्थापित पोस्टल वोटिंग सेंटर (पीवीसी) पर मतदान किया।

# सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग ने फाइनेंशियल ईयर 24 के लिए शानदार आय की घोषणा की

**देहरादून,** 2 जून (देशबन्धु)। सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड (बीएसईरू 540642, एनएसई सालासर), एक वन-स्टॉप इंजीनियरिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर सॉल्यूशंस प्रोवाइडर है। कंपनी रेलवे और पावर सेक्टर्स के लिए टर्नकी ईपीसी सेवाएं प्रदान करने में लगी हुई है और टेलीकॉम टॉवर्स, मोनोपोल्स और अन्य हैवी स्टील स्ट्रक्चरर्स के डिज़ाइन और निर्माण में भी लगी हुई है। परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, सालासर की मैनेजमेंट टीम ने कहा कि हमें फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही और फाइनेंशियल ईयर 24 के लिए अपने व्यवसाय और वित्तीय प्रदर्शन को साझा करते हुए खुशी हो रही है। हमारा ऑपरेशनल रेवेन्यू फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही में 3,673.3 मिलियन रुपए तक पहुंच गया, जो फाइनेंशियल ईयर 23 की चौथी तिमाही में 2,947 मिलियन रुपये से अधिक था और कुल ऑपरेशनल रेवेन्यू फाइनेंशियल ईयर 23 के 10,049.0 मिलियन रुपये की तुलना में फाइनेंशियल ईयर 24 के




**हमें फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही और फाइनेंशियल ईयर 24 के लिए अपने व्यवसाय और वित्तीय प्रदर्शन को साझा करते हुए खुशी हो रही है : मैनेजमेंट टीम, सालासर**

लिए 12,084.3 मिलियन रुपये रहा। यह वृद्धि पावर, रेलवे और टेलीकॉम में हमारे विविध ईपीसी सॉल्यूशंस की बढ़ती मांग से प्रेरित थी। हमारा एबिटा फाइनेंशियल ईयर 23 की चौथी तिमाही में 298.5 मिलियन रुपये से फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही के लिए 364.6 मिलियन रुपये से बढ़ा और फाइनेंशियल ईयर 24 के लिए यह 1,224.2 मिलियन रुपये से ऊपर पहुंच गया।

# नगर निकायों में प्रशासकों का कार्यकाल तीन माह के लिए बढ़ाया

**देहरादून,** 2 जून (देशबन्धु)। उत्तराखंड में नगर निकाय के चुनाव को लेकर लगातार संशय बना हुआ है। पिछले कई महीनों से राज्य में निकायों के चुनाव पर कसरत चल रही है, लेकिन सरकार अब तक इसके लिए फाइनल स्टेज तक औपचारिकताओं को नहीं पहुंचा पाई है। इसका नतीजा यह रहा कि




लगातार नगर निकाय के चुनाव पर संशय बना हुआ है और सरकार अब तक इस पर चुनाव कराने की कोई तारीख तय नहीं कर पाई है। बड़ी बात यह है कि यह मामला हाई कोर्ट तक भी पहुंचा है। हाई कोर्ट की तरफ से भी निकाय चुनाव कराए जाने से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए हैं। करीब 2 महीने पहले ही हाईकोर्ट में निकाय चुनाव को जल्द से जल्द कराए जाने की बात आई थी। इस दौरान प्रशासकों का कार्यकाल भी नहीं बढ़ाए जाने से जुड़ी बात रखी गई थी। उत्तराखंड में नगर निकाय के चुनाव पर अब फिलहाल प्रशासकों का कार्यकाल अगले 3

**राज्य में आचार संहिता लागू होने के कारण चुनाव कराना संभव नहीं हो पा रहा है**

महीने या बोर्ड के गठन होने तक के लिए बढ़ा दिया गया है। बताया गया है कि राज्य में आचार संहिता लागू होने के कारण फिलहाल नगर निकाय के चुनाव करवाना संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि प्रशासकों के अगले 3 महीने तक बढ़ाए गए कार्यकाल के दौरान नगर निकाय के चुनाव को करवाने का प्रयास सरकार की तरफ से किया जाएगा।

# सालाना 1 करोड़ यूनिट खून की है जरूरत : डा. डीपी गोयल

**गुरुग्राम,** 2 जून (देशबन्धु)। कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल ने रविवार को पटौदी रोड स्थित उमंग अस्पताल में ब्लड बैंक का उद्घाटन किया। इस दौरान रक्त दान शिविर भी लगाया गया। इस अवसर पर डा. डीपी गोयल ने कहा कि कैनविन फाउंडेशन के माध्यम से रक्त दान का कार्य निरंतर जारी रहता है। कोरोना काल हो या उससे पहले या बाद का समय, कैनविन से जुड़े रक्तदानी हर समय दूसरों का जीवन बचाने के लिए रक्त दान करने को तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि रक्त का जितना अधिक दान किया जाए, उतना कम है। हर दो सेकेंड में किसी न किसी को खून की जरूरत पड़ती है। प्रतिदिन 38,000 से अधिक रक्त दान की जरूरत होती है। इसलिए हर किसी को रक्तदान को लेकर आगे



आना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में सालाना एक करोड़ यूनिट रक्त की जरुरत होती है, लेकिन 75 प्रतिशत रक्त ही उपलब्ध हो पाता है। जिसके कारण लगभग 25 लाख यूनिट खून के अभाव में हर साल सेंकड़ों मरीजों की जान चली जाती है। इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक अनूप सिंह, चेयरमैन करन, पैथोलॉजी एमडी डा. बलिंद्र सिंह सोढ़ी, टेक्नीकल आफिसर धर्मबीर सिंह, सुपरवाइजर जयभगवान समेत काफी संख्या में स्टाफ मौजूद रहा।

# मौकापरस्त इंडी गठबंधन जनता के साथ तालमेल बिठाने में विफल : बिहारी लाल

**शिमला,** 2 जून (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि मौकापरस्त इंडी गठबंधन देश की जनता के साथ तालमेल बिठाने में पूरी तरह विफल रहा। बिहारी लाल ने भाजपा के समस्त परिवार की ओर से देश की जनता को मतदान में बढ़चढ़कर भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, पूरा इंडी गठबंधन जातिवादी, सांप्रदायिक व भ्रष्ट है। मुट्ठी भर परिवारों की रक्षा करने के उद्देश्य से बनाया गया गठबंधन देश के लिए भविष्य का दृष्टिकोण पेश करने में विफल रहा, जनता सब समझती है। उसने गठबंधन को नकार दिया। उन्होंने सिर्फ एक चीज पर अपनी विशेषज्ञता बढ़ाई, वह है पीएम नरेंद्र मोदी की आलोचना। ऐसी प्रतिगामी राजनीति को लोगों ने खारिज कर दिया है। पूरे विश्वास से कह सकता हूं कि जनता ने एनडीए सरकार को तीसरी बार चुनने के लिए रिकॉर्ड वोटिंग की है। बिहारी ने कहा, जनता ने भाजपा और मोदी के ट्रैक रिकॉर्ड को देखा है। जिस तरह भाजपा के काम ने गरीबों और दलितों के जीवन में गुणात्मक बदलाव किया, उसे जनता ने सराहा है। पीएम मोदी के सुधारों ने भारत को पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बना दिया है। पीएम मोदी की बनयाई गई हर योजना बिना किसी पक्षपात के लक्षित लाभार्थियों तक पहुंची है।

# कोई भी बच्चा आलय से विद्यालय तक न छूटे : सीमा त्रिखा

***चंडीगढ़, 2 जून (देशबन्धु)। हरियाणा सरकार में नवनियुक्त कैबिनेट शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा की प्रदेश में शिक्षा नीति को लेकर देशबन्धु के हरियाणा प्रभारी अमित नेहरा से विस्तृत चर्चा हुई।***

## इस बात के मुख्य अंश

**सवाल : शिक्षा विभाग मिलने पर क्या महसूस हो रहा है**

**जवाब :** मैं खुद शिक्षिका रही हूँ। मैंने फरीदाबाद के सेंट जोसेफ कान्वेंट स्कूल में अध्यापन का कार्य किया है। मुझे मेरी पसंद और मेरी योग्यतानुसार ही मंत्रालय मिल गया इससे बड़ी खुशी की बात क्या हो सकती है। कान्वेंट स्कूल में अध्यापन करने के कारण मेरी पुरजोर कोशिश रहेगी कि हरियाणा के स्कूलों में पढ़ाई का स्तर कान्वेंट स्कूलों जैसा हो जाए।

**सवाल : आपकी सबसे बड़ी प्राथमिकता क्या है?**

**जवाब :** मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि प्रदेश का कोई भी बच्चा आलय से विद्यालय तक न छूटे। शिक्षा हर बच्चे का जन्मसिद्ध अधिकार है। हरियाणा सरकार इस पर संजीदगी से कार्य कर रही है। हम हर बच्चे को शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी लगातार अपना ध्यान केंद्रित किये हुए हैं।

**सवाल : इसके लिए सरकार की योजना क्या है?**

**जवाब :** शिक्षा के अभावग्रस्त क्षेत्रों में नजदीकी सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ-साथ जनता का सहयोग भी लिया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों व सिविल सोसाइटीज को भी इस मुहिम में जोड़ा जा रहा है।

**सवाल : आप प्रदेश के छात्रों के साथ अपने आपको किस तरह कनेक्ट करेंगी।**

**जवाब :** शिक्षा विभाग हरियाणा की एक मासिक पत्रिका है शिक्षा सारथी, इसके लिए मैंने इस पत्रिका में कुछ



बदलाव करने की योजना तैयार की है।

**सवाल : ये बदलाव क्या होंगे?**

**जवाब :** इस पत्रिका में अभी तक शिक्षकों व छात्रों के विचारों व लेखों को प्रकाशित किया जा रहा है। मैंने इसमें तीन सेगमेंट और सम्मलित करने की सिफारिश की है। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के मुख्य अंश शामिल होंगे। एक पेज पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी छात्रों को प्रोत्साहित करते नजर आएंगे और एक पेज पर मैं खुद छात्रों के नाम सन्देश लिखा करूंगी।

**सवाल : शिक्षा सारथी की प्रकाशन संख्या क्या है?**

**जवाब :** अभी यह 21 हजार की मात्रा में छप रही है। जल्द ही इसे 30 हजार तक बढ़ाया जायेगा। प्रदेश में साढ़े 14 हजार सरकारी स्कूल हैं। हर स्कूल की लाइब्रेरी में दो-दो प्रतियां भेजी जाएंगी। इस पत्रिका में केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी छात्रों को जानकारी दी जाएगी। इससे ज्यादा से ज्यादा लोग इन सुविधाओं का फायदा उठा सकेंगे।

**सवाल : आप स्कूलों में किस तरह की शिक्षा चाहती हैं?**

जवाब : मैं भारत के पुरातन वैभव को वापस लाना चाहती हूं। नालन्दा, तक्षशिला, वल्लभी व विक्रमशिला आदि विश्वविद्यालय हमारी शान रहे हैं। मेरी कोशिश रहेगी कि प्रदेश के छात्रों का सम्पूर्ण बौद्धिक व मानसिक विकास हो। वे बड़े होकर नए भारत की ताकत बनें व देश के स्वाभिमान के लिए जियें। हर छात्र को भारतीय संस्कृति पर गर्व हो व आधुनिक शिक्षा में भी हर छात्र पारंगत हो, इस दिशा में कार्य जारी है।

**सवाल : इसके क्रियान्वयन के लिए क्या योजना है?**

**जवाब :** जल्द ही सभी सरकारी शिक्षकों के लिए कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। आध्यात्मिक ज्ञान के लिए प्रतिष्ठित विद्वानों से बातचीत की जा रही है कि वे भी छात्रों को मानव मूल्यों की सीख दें और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए और विकसित भारत की संकल्पना को मूर्त रूप दे सकें।

**सवाल : इस तरह की योजनाओं पर कितना खर्च आयेगा?**

**जवाब :** इस योजना को मूर्त रूप देने में सरकार का एक भी पैसा खर्च नहीं किया जाएगा। सभी धर्मगुरुओं, सामाजिक संस्थाओं व कारपोरेट घरानों से अपील की जाएगी कि वे आगे आकर राष्ट्रनिर्माण के यज्ञ में अपनी आहुति डालें। मेरा तो पत्रकारों से भी अनुरोध है कि वे भी अपने ज्ञान को छात्रों के साथ साझा करें ताकि देश के भावी नागरिकों का सर्वांगीण विकास हो सके।

# प्रादेशिकी

## दुग्ध वाहन की चपेट में आकर राजमिस्त्री की मौत

**फर्रुखाबाद,** 2 जून (देशबन्धु)। फर्रुखाबाद जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र में रविवार को एक दुग्ध वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार राज मिस्त्री की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम फतनपुर का निवासी राज मिस्त्री भगवान दास रविवार सुबह ग्राम बमरुलिया के निवासी अपने बहनोई के यहां मकान निर्माण करने के लिए एक मोटर साइकिल से रवाना हुआ। इसके कुछ ही समय बाद राज मिस्त्री गांव से कुछी दूर पर निकल पाया था कि तब ही तेज रफ्तार दुग्ध वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। घटना के सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना करने वाले दुग्ध वाहन को अपने कब्जे में ले लिया और मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवाया।

# पूरब की अरुणिमा से आलोकित होगा देश : योगी

## एग्जिट पोल के आंकड़ों में भाजपा की जीत की संभावना पर जताई खुशी

**लखनऊ,** 2 जून (देशबन्धु)। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रचंड जीत पर खुशी का इजहार करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चार जून को केंद्र में भी प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। योगी ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट किया अरुणाचल प्रदेश विधानसभा में प्रचंड बहुमत से फिर एक बार मोदी सरकार का संकल्प पूरा हो गया है।

पूर्व दिशा से आ रही इस अरुणिमा से 4 जून को पूरा देश आलोकित होगा। कांग्रेस नेतृत्व वाले इंडी गठबंधन का 4 जून को चारों खाने चित होना सुनिश्चित है। उल्लेखनीय है कि रविवार को अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती पूरी हो गई है। नतीजों में भाजपा को बंपर बहुमत मिला है और पार्टी ने 46 सीटों पर जीत दर्ज की है। कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और पार्टी राज्य में महज एक सीट ही जीत सकी है। बता दें कि पांच जून को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन है। चार जून को लोकसभा चुनाव समेत उत्तर प्रदेश के विधानसभा उपचुनाव का भी परिणाम घोषित होगा। अगर एग्जिट पोल के आंकड़ों पर भरोसा करें तो योगी को जन्मदिन के पहले



अरुणाचल प्रदेश विस में प्रचंड बहुमत से फिर एक बार मोदी सरकार का संकल्प पूरा हो गया : योगी आदित्यनाथ

जीत का तोहफा मिल सकता है। दरअसल, लोकसभा चुनाव के साथ उत्तर प्रदेश विधानसभा की चार सीटों पर उपचुनाव हुए हैं। जिन चार सीटों पर उपचुनाव हुए हैं, उनमें से तीन पर भाजपा और एक पर सपा ने विधानसभा चुनाव-2022 में जीत हासिल की थी। हाल के उपचुनावों के परिणाम पर नजर डालें तो गोला गोकर्णनाथ, रामपुर और छानबे विधानसभा सीट पर मतदाताओं ने योगी के विकास पर बटन दबाया तो लोकसभा उपचुनाव में एक तरफ आजम का गढ़ ढहाया। 2022 विधानसभा चुनाव में ददरौल से मानवेंद्र सिंह ने कमल के निशान पर जीत हासिल की थी। उनके निधन के उपरांत यहां उपचुनाव में पार्टी ने उनके पुत्र अरविंद सिंह को मैदान में उतारा है। योगी ने अरविंद के लिए चुनाव प्रचार भी किया।

लखनऊ पूर्वी से विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री व भाजपा के कद्दावर नेता आशुतोष टंडन गोपाल के निधन से यह सीट रिक्त हो गई। पार्टी ने यहां से ओपी श्रीवास्तव को प्रत्याशी बनाया तो योगी ने उनका हाथ थामकर मतदाताओं से कमल खिलाने की अपील की। आमचुनाव में सोनभद्र की दुद्धि सीट भी भाजपा के रामदुलार पर मतदाताओं ने दुलार दिखाया, लेकिन यह सीट रिक्त होने से यहां भी उपचुनाव हुआ। यहां से भाजपा प्रत्याशी श्रवण कुमार गोंड के लिए भी मुख्यमंत्री ने पसीना बहाते हुए दो-दो बार जनसभा की। वहीं गैंसड़ी विधानसभा से सपा विधायक शिवप्रताप यादव के निधन के उपरांत हुए उपचुनाव में भाजपा ने पूर्व विधायक शैलेष कुमार सिंह शैलू को टिकट दिया। योगी ने विकास के बलबूते उनके लिए वोट मांगा। गोला गोकर्णनाथ, रामपुर, स्वार टांडा और छानबे विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुआ।

### मुख्यमंत्री ने की गौसेवा व बच्चों से मुलाकात

**गोरखपुर।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान समाप्त होने के अगले दिन रविवार को जहां कई राजनेता चुनावी गणित समझने में उलझे रहे होंगे तो वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में प्रवास के दौरान रविवार को गौसेवा और बच्चों से मुलाकात की। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की प्रात:कालीन दिनचर्या में बदलाव नहीं होता है। लोकसभा चुनाव को लेकर दो महीने की व्यस्तता के बीच सीएम जब भी मंदिर आए तो दर्शन.पूजन के साथ उन्हें बेहद आत्मीय संतोष देने वाली गौसेवा और बच्चों से संवाद उनकी दिनचर्या का अपरिहार्य हिस्सा बनी रही। योगी शुक्रवार शाम से गोरखनाथ मंदिर प्रवास पर हैं। रविवार उनकी दिनचर्या परंपरागत रही। शिवावतार गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन.पूजन कर उन्होंने लोकमंगल की कामना की। फिर अपने ब्रह्मलीन गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर जाकर मत्था टेका और उनका आशीर्वाद लिया।

## स्पाइडर मैन का 17 हजार का चालान

**मेरठ,** 2 जून (देशबन्धु)। मेरठ में हाईवे पर चली बाइक पर स्टंट करते हुए वीडियो बनाने वाले स्पाइडरमैन को ट्रैफिक पुलिस ने खोज निकाला है। हाईवे पर ट्रैफिक रूल्स तोड़ने पर पुलिस ने युवक को 17 हजार का चालान थमाया है। जिस बाइक पर चढ़कर स्टंट की गई है वो बाइक सागर सिंह, पुत्र गुड्डू सिंह के नाम पर रजिस्टर है। जो मेरठ के इंदिरा नगर का रहने वाला है। पुलिस ने बिना अनुमति पब्लिक प्लेस पर रेसिंग और स्पीड व्हीकल का ट्रायल करने, यातायात नियमों का उललंघन करने सहित कुल 3 धाराओं को लगाते हुए युवक पर 17 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। शुक्रवार देर रात सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। मेरठ में युवक का हाईवे पर चलती बाइक पर स्टंट करते हुए वीडियो सामने आया था। वीडियो दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे का बताया जा रहा था। वायरल वीडियो में युवक हाईवे पर बाइक के ऊपर खड़ा होकर वीडियो बना रहा है। लगभग 13 सेकेंड का यह वीडियो है।

## तन और मन को स्वस्थ रखने की कुंजी है योग : प्रो.राकेश



**मेरठ,** 2 जून (देशबन्धु)। नित्य निशुल्क योगशाला के द्वारा योग जन जागरूकता अभियान के द्वितीय दिन योग अभ्यास करने के लिए बड़ी संख्या में योग अभ्यर्थी राजा महेंद्र प्रताप पुस्तकालय के प्रांगण में पहुंचे योग अभ्यास का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित डॉक्टर वैशाली पाटील शोभा चौहान प्रतिमा चौबे मंजू वशिष्ठ अंजू सिंह सरलेश त्यागी मधुलिका संतोष निशा आदि ने कर मां सरस्वती से आशीर्वाद लिया योग अभ्यास योग विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अमरपाल आर्य ने मोटापे से किस प्रकार छुटकारा पाया जाता है उसके लिए योगिन जॉगिंग सूर्य नमस्कार धनुरासन उत्तानपादासन अर्ध हलासन कपालभाति अनुलोम विलोम उज्जाई प्राणायाम शीतली शेतकरी भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया कुलानुशासक प्रोफेसर वीरपाल प्रोफेसर अशोक चौबे सुरक्षा अधिकारी डॉक्टर दुष्यंत चौहान प्रशासनिक व योजना अधिकारी डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार पूरे समय योग अभ्यास किया हॉस्टल व योग विज्ञान विभाग के सभी विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे योग विज्ञान विभाग के समन्वयक प्रोफेसर राकेश कुमार शर्मा ने सभी से नित्य प्रति योग अभ्यास करने के लिए अपील की इस अवसर पर डॉक्टर नवज्योति सिद्धू सत्यम कुमार सिंह ईशा पटेल अंजू मालिक डॉक्टर कमल शर्मा साक्षी मावि बड़ी संख्या में योग अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### हीटवेव से बचाव को वन विभाग ने किया छतों का वितरण



**मवाना/हस्तिनापुर।** हीटवेव लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। इसके बावजूद भी 2024 में होने वाले पौधारोपण के लिए मजदूरों को धूप में बाहर निकलना पड़ता है। गर्मी के कहर को देखते हुए रविवार को रेंजर रविराणा ने मजदूरों को छतों का वितरण किया। बता दे कि जुलाई 2024 के पहले सप्ताह में होने वाले पौधरोपण-2024 के तहत प्रदेश भर में 35 करोड़ पौधे लगाए जाने का लक्ष्य है। प्रदेश भर में होने वाले वृहद पौधारोपण अभियान-2024 में होने वाले पौधारोपण की पौध तैयार करने के जिम्मेदारी वन विभाग के पर है। हीटवेव के चलते भी पौधारोपण से पूर्व हस्तिनापुर वन विभाग की राजकीय पुशधन एंव कृषि प्रक्षेत्र सहित कई जगहों पर पौधाशालाओं में पौध तैयार कर रहे मजदूरों को रविवार को रेंजर रविकांत राणा ने गर्मी से बचाव के लिए छतों का वितरण किया।

### एग्जिट पोल को नकारने लगा विपक्ष

**मेरठ।** दूसरे चरण को हुए मतदान के बाद अब सभी को नतीजों का इंतजार है। चार जून को मतगणना होनी है। मतगणना से पहले आए एग्जिट पोल को विपक्षियों ने नकार दिया है। विपक्षी दलों के नेताओं ने कहा एग्जिट पोल के आंकड़े गुमराह करने वाले हैं। सही नजीता एक दिन बाद 4 जून का आ रहा है। जिसमें इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। ये जनता का चुनाव है। वहीं एग्जिट पोल में भाजपा की जीत दिखाई गई है, इससे भाजपाई गदगद है।

### श्री शांतिनाथ विधान से अनेक रोग दूर होते है : भूषण महाराज

**मवाना/हस्तिनापुर।** प्राचीन जैन तीर्थ नगरी स्थित श्री दिग्मबर जैन प्राचीन बड़ा मंदिर में चल रहे 40 दिवसीय श्री शांतिनाथ विधान के 19वें दिन मुख्य मंदिर में विभिंन प्रांतो से आये 130 परिवारों ने भगवान का अभिषेक कर विधान की शुरूआत की। तदोपरांत हंस कुमार जैन ने भंगवतो की शांतिधारा कर धर्मलाभ अर्जित किया। विधान की समस्त क्रियाएं बाल बृ. सुनीता दीदी व पं. आशीष जैन शास्त्री मत्रोचार के साथ सम्पन्न कराई। विधान के मध्य आयोजित धर्मसभा में आचार्य भाव भूषण महाराज ने कहा कि हे गुणसागर प्रभु आपके चन्द्र समान उज्वल गुणों को बृहस्पति के समान बुद्धिमान विद्वान भी अपनी बुद्धि से आपके गुणों का वर्णन नहीं कर सकता। जैसे की प्रलय काल की वायु से उद्धेलित मगरमच्छों से भरे हुए समुन्द्र को कौन व्यक्ति अपनी भुजाओं से पार कर सकता है अर्थात कोई भी नहीं ऐसे जिनेन्द्र भगवान की जो व्यक्ति पूर्ण श्रद्धा व भक्ति से स्तुति करता है। महाराज ने बताया कि पूजन, विधान, जाप करता है तो उसके बात पित्त रूप सभी जनित रोग मिट जाते है। साय कालीन सभा में विनोद एंड पार्टी की मधुर संगीतमय महाआरती के मध्य भक्तों ने जैन धर्म के भजनों पर खूब भक्ति नृत्य भी किया।



## जनहित संघर्ष समिति के कार्यालय का उद्घाटन



**किठौर,** 2 जून (देशबन्धु)। कस्बे के मेरठ गढ़ रोड स्थित कार्यालय का उद्घाटन किया गया जिसमें क्षेत्र व आसपास के सम्मानित लोगों ने भाग लिया। मेरठगढ़ रोड पर जनहित संघर्ष समिति कार्यालय का उद्घाटन कांग्रेस की किठौर विधानसभा प्रत्याशी रही डॉक्टर बबीता सिंह गुर्जर वह अन्य सम्मानित लोगों के साथ किया गया कस्बे में जनहित संघर्ष समिति के कार्यालय का उद्घाटन इस विषय से किया गया है कि जिससे जनता की आवाज को सुनकर जनता के हित में कार्य कराए जाएं इस अवसर पर डॉक्टर बबीता सिंह गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के बैनर तले वह जनता की सेवा समय-समय पर करती आ रही हैं और हमेशा करती रहेंगे। जनता की सेवा करने के उपरांत उनको आनंद की प्राप्ति होती है और वह हर समय किठौर विधानसभा के हर व्यक्ति के साथ कंधे से कंधा मिलाने के लिए हर समय तैयार हैं आज इस उद्घाटन के समय क्षेत्र के लोग भारी संख्या में मौजूद रहे।

# मवाना में ओवरहेड टैंक का निर्माण थमा, जांच शुरू

## भाकियू कार्यकर्ताओं ने एसडीएम से की शिकायत

**मवाना,** 2 जून (देशबन्धु)। मवाना कौ-मुबारिकपुर मार्ग पर जल निगम द्वारा बनाया जा रहा ओवरहेड टैंक रास्ते की जमीन पर बनाया जा रहा है। एसडीएम ने जांच पूरी होने तक ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य रूकवा दिया गया है। इस मामले की शिकायत भारतीय किसान यूनियन के एनसीआर महासचिव नरेश चौधरी ने एसडीएम से की। एसडीएम ने राजस्व विभाग की दो सदस्यीय टीम से इस मामले की जांच कराई है। जांच में खुलासा हुआ है कि कौल-मुबारिकपुर रोड पर बनाया जा रहा ओवरहेड टैंक का कुछ हिस्सा रास्ते की जमीन पर है। वहां पर नगर पालिका मवाना और रास्ते की जमीन हैं। अमृत 2.0 (अटल मिशन फॉर रिजूवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन) योजना के तहत शहरी क्षेत्र के हर घर को नल यानी पानी कनेक्शन देने की तैयारियां हैं। इस योजना के तहत मवाना नगर को पांच जोन में बांटा गया है। पहले जोन में ढिकौली कालोनी के प्राइमरी स्कूल में दो



हजार किलोलीटर क्षमता का ओवरहेड टैंक व टयूबवेल, जोन दो में मवाना नगर में ढिकौली गेट के पास नगर पालिका की भूमि पर ओवरहेड टैंक व टयूबवेल, जोन तीन में नगर पालिका आवास परिसर में बनी पुराने ओवरहेड टैंक की मरम्मत व अन्य कार्य होने हैं। गाजियाबाद उत्तर प्रदेश जल निगम के अफसरों के अनुसार इसी योजना में पांचों ओवरहेड टैंकों को भरपूर मात्रा में पानी की उपलब्धता कराने को 15 नए नलकूप बनाए जा रहे हैं। नगर में 138 किमी नई पाइप लाइन बिछाई जा रही है, जिस कारण पूरे मवाना को खोद डाला गया। रास्ते की जमीन पर बनाए जा रहे ओवरहेड टैंक का विरोध करते हुए पालिका कार्यालय में धरना देकर विरोध किया था।

### गत वर्ष 14 जनवरी को ओवरहेड टैंक के निर्माण का हुआ था शुभारंभ

मवाना कौल-मुबारिकपुर रोड पर पुनर्गठन पेयजल योजना के तहत पालिका चेयरमैन अखिल कौशिक व अधिशासी अधिकारी राजीव जैन ने 14 जनवरी 2023 को इस ओवरहेड टैंक के निर्माण का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया था। यहां पर 2500 किलोलीटर क्षमता का ओवरहेड टैंक बनाया जाना था। इस ओवरहेड टैंक के निर्माण को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने अब दूसरी बार आपत्ति जताई है।

## किशोरी के साथ छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**मवाना,** 2 जून (देशबन्धु)। मवाना नगर के एक मोहल्ला निवासी एक महिला ने बेटी के साथ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में आरोपी को नामजद किया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मवाना नगर के एक महोल्ला निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह एक जून को हापुड़ गई थी। घर पर 17 वर्षीया उसकी बेटी अकेली थी। मौका पाकर नालंदा कालोनी निवासी एक युवक घर में घुस आया और उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। छेड़छाड़ करने पर उसकी बेटी ने शोर मचाया तो उसके लड़के और पड़ोसी मौके पर आ गए।

# मेरठ में मतगणना की तैयारियां पूरी

## मेरठ-हापुड़ की चार सीटों पर कल होगी मतगणना

**मेरठ,** 2 जून (देशबन्धु)। रविवार को जिलाधिकारी कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा ने मीडिया को लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। मेरठ-हापुड़ लोकसभा की 4 विधानसभा सीट की ईवीएम की मतगणना कृषि विश्वविद्यालय में होगी। जबकि हापुड़ विधानसभा सीट की मतगणना हापुड़ में होगी। वहां के रिटर्निंग ऑफिसर समय से जानकारी देते रहेंगे। मोदीपुरम स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को मतगणना केंद्र बनाया गया हैं। जहां मेरठ विधानसभा की सात सीटों की ईवीएम रखी है। मेरठ की बिजनौर लोकसभा हस्तिनापुर विधानसभा, मुजफ्फरनगर लोकसभा सरधना विधानसभा, बागपत लोकसभा सिवालखास विधानसभा सीट आती हैं। मतदान के



बाद तीनों लोकसभा सीट की एक एक विधानसभा की ईवीएम कृषि विश्वविद्यालय बने स्ट्रांग रूम में रखी है। आगामी चार जून को मतगणना होनी हैं। ससमय मतगणना होने के साथ-साथ संबंधित लोकसभा के निर्वाचन अधिकारी को सूचना दी जाएगी। मतदान स्थल पर ऑब्जर्वर और आरओ के लिए व्यवस्थाएं, मतगणना की समय से फीडिंग तथा उसका एनाउन्समेंट, रूट के अनुसार साईनेज, प्रत्याशी एजेंट के पास एवं बैठने की व्यवस्था, जलपान, मतगणना स्थल पर विद्युत की आपूर्ति, पंखे व कूलर की व्यवस्था, वाहन पार्किंग, एंबुलेंस, स्वास्थ्य विभाग की टीम, एजेंट के आने-जाने की व्यवस्था।

मीडिया सेंटर पर समुचित व्यवस्थाएं, सीसीटीवी, वीडियोग्राफी, बैलेट पेपर की गिनती के लिए मतगणना टेबल व कर्मचारियों का प्रशिक्षण, कम्युनिकेशन सेंटर, साफ-सफाई, मोबाइल टॉयलेट समेत इंटरनेट की व्यवस्था की गई है।

## जल जीवन मिशन ने राहगीरों को पिलाया जल

**मेरठ,** 2 जून (देशबन्धु)। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जल सेवा केन्द्र शास्त्री नगर एल ब्लाक मेरठ. संचालित किया गया। पहली बार शहरी क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल मुहैया कराएगा। जल जिवन मिशन हर जिले मे संचालित करेगा। लगभग 40 जल सेवा केंद्र, सौजन्य संस्था चाइल्ड एण वेल्फेयर सोसाइटी जिला मेरठ के जिला कॉर्डिनेटर निशांन्त शर्मा उपस्थित रहे। बता दें कि बढ़ती गर्मी मं सार्वजनिक स्थानों और भाड़ वाले क्षेत्रों में राहगीरों को शुद्ध पेयजल महैया कराने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश के सभी शहरों में करीब 3 हजार से अधिक जल सेवा केंद्रों पर इस अभियान को चलाने की मुहिम जारी है। ये जल सेवा केन्द्र एक बड़े प्याऊ की तरह कार्य कर रहे हैं। ये अभियान अधिकतर अस्पतालों, रेलवे स्टेशनों, बस अड्डे बाजारों मंदिरों और धार्मिक स्थानों पर चलाया जा रहा है।




## चुनाव के बाद जातिगत आंकड़ों का आंकलन करने में जुटे समर्थक

### भाजपा-सपा के बीच होगी कड़ी टक्कर

**फर्रुखाबाद,** 2 जून (देशबन्धु)। चार जून को होने वाली फर्रूखाबाद सांसद पद की मतगणना पर जिले में लाखों लोगों की निगाह टिकी हुई हैं। बैचेनी से रिजल्ट की प्रतीक्षा कर रहे लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत सपा प्रत्याशी डा.नवल किशोर शाक्य के समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ रही है। कौन जीतेगा, कौन हारेगा यह तो 4 जून को होने वाले मतगणना परिणाम में सामने आ जाएगा, लेकिन सपा व भाजपा समर्थक हमारे संवाददाता के मोबाईल की घंटी बजाकर लगातार एक्जिट पोल जानने का प्रयास कर रहे हैं। जातिगत आंकड़ों के मकड़जाल में उलझे तमाम लोग दोनों प्रत्याशियों के समर्थन में जीत के दावों पर दम भर रहे है। डा.नवल किशोर शाक्य पहली बार मैदान में है। तो वही मुकेश राजपूत वर्तमान सांसद है तथा तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की टिकट पर प्रत्याशी है।

गौरतलब है कि फर्रुखाबाद लोकसभा चुनाव पर मतदान 13 मई को हुआ है। जिसमे भाजपा से मुकेश राजपूत सपा से डा.नवल किशोर शाक्य बसपा से क्रांति पाण्डेय मैदान में थे। मतदान होने के बाद से हजारों की तादाद में लोग सपा व भाजपा उम्मीदवार की जीत के दावे करने लगे थे। जातिगत आंकड़ों में उलझे पार्टी के पदाधिकारी तथा नेता गणित लगाकर जीत के दावे करने लगे थे।

**आयोजन** — *शोभित विश्वविद्यालय में बहु उद्योग रोजगार मेले का हुआ आयोजन*

# सैकड़ों छात्र-छात्राओं का बहुराष्ट्रीय कंपनियों में हुआ चयन

**मेरठ, 2 जून (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय के कॉर्पोरेट रिसोर्स सेंटर द्वारा टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल तथा अर्णव इन्फोसॉफ्ट के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में बहु उद्योग रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में देश की बहुराष्ट्रीय कंपनियां जैसे टेक महिंद्रा, एयू बैंक, विश्वास ट्रैक्टर्स, जस्ट डायल, सत्य माइक्रो कैपिटल, अकाशा फाइनेंस, अर्णव इन्फोसॉफ्ट, वाईएसएफ, हाइक एड्यूटेक, पुखराज आयुर्वेदिक, गौतम सोलर, रैंडस्टैड, फोनपे, भारतपे, एसबीआई कार्ड, स्मार्ट ब्रेन टेक्नोलॉजी,**

शिव शक्ति बायोटेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड,जीएस फार्माबिटर्स, धरती क्रॉप साइंस, इनड्रो, एजीआईआर आइ, ईएसएसजेएवाई टेलीकॉम ने हिस्सा लिया और बीटेक, बीसीए, एमसीए, एमबीए, बीबीए, बीकॉम ऑनर्स, बीएससी एग्रीकल्चर, एमएससी आदि कोर्स के लगभग 500 से अधिक सक्षम छात्र-छात्राओं का मूल्यांकन कर योग्य विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए। शोभित विश्वविद्यालय द्वारा इस रोजगार मेले के लिए क्षेत्र के सभी विश्वविद्यालयों तथा इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फार्मेसी के संस्थानों के छात्रों को आमंत्रित किया गया था, जिसके चलते अलग-अलग शिक्षण संस्थाओं एवं विश्वविद्यालयों ने इस रोजगार मेले में हिस्सा लिया। इस रोजगार मेले में कानपुर, प्रयागराज तक के छात्रों ने सहभागिता की और 250 से अधिक छात्र-छात्राओं को जॉब ऑफर दिया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार त्यागी ने कहा कि हमारे छात्रों की सफलता और उनके उज्वल भविष्य की दिशा में यह रोजगार मेला एक महत्वपूर्ण कदम है। हम अपने छात्रों को विश्वस्तरीय अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस दिशा में हमेशा प्रयासरत रहेंगे। विश्वविद्यालय के वरिष्ठ निदेशक, कॉर्पोरेट रिलेशन एवं रोजगार मेले के संयोजक देवेंद्र नारायण ने कहा कि यह रोजगार मेला न केवल छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर है, बल्कि कंपनियों के लिए भी सक्षम और योग्य प्रतिभाओं की पहचान का माध्यम है। हम सभी कंपनियों और सहयोगी संस्थाओं का धन्यवाद करते हैं जिनके समर्थन से यह आयोजन सफल हो सका। रोजगार मेले के समापन सत्र में रोजगार मेले के संयोजक देवेंद्र नारायण, सह संयोजक डॉ. अभिषेक कुमार डबास ने सभी कंपनी के पदाधिकारियों का धन्यवाद करते हुए उन्हें विश्वविद्यालय का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया एवं दूसरे शिक्षण संस्थानों को रोजगार मेले में सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया। रोजगार मेले को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. गणेश भारद्वाज, अर्णव इन्फो सॉफ्ट से अमित सिन्हा एवं विभिन्न संकायों के डीन, निदेशक, शिक्षकगण एवं कॉर्पोरेट रिसोर्स सेंटर का विशेष योगदान रहा।




- नामचीन कंपनियों ने लिया था हिस्सा
- कुलपति ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

## दो मोटर साइकिलों की भिड़ंत में दो की मौत

**फर्रुखाबाद,** 2 जून (देशबन्धु)। फर्रुखाबाद जिले के राजेपुर थाना क्षेत्र मे रविवार को दो मोटर साइकिलों की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में दो की मौत हो गई जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार मऊ दरवाजा थाना क्षेत्र के ग्राम टिकुरिया नगला सत्येंद्र रविवार को राजेपुर थाना क्षेत्रके ग्राम रमपुरा में अपने ननिहाल से वापस कर लौट रहा था जब यह थाना क्षेत्र के चाचूपुर तिराहे के समीप तेज रफ्तार से गुजर रहा था तो इस समय सामने से आ रही दूसरी मोटर साइकिल जोरदार भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए तीन लोगों को अचेता वस्था में फर्रुखाबाद के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल लाया गया, जहां सरकारी चिकित्सक ने सत्येंद्र व विनीत को मृत घोषित कर दिया। जबकि इनके एक साथी का अचेतावस्था में उपचार किया जा रहा है।

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु नई दिल्ली, सोमवार, 3 जून, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

### मैं हार मानने में विश्वास नहीं करता : भरत अहलावत

**मुंबई।** पॉपुलर शो 'चाहेंगे तुम्हें इतना' में एक्टर भरत अहलावत सिद्धार्थ का किरदार निभा रहे हैं। एक्टर ने अपने और किरदार के बीच समानता बताई। उन्होंने कहा कि दोनों भावुक हैं और किसी भी स्थिति में हार नहीं मानते हैं। आने वाले एपिसोड में दर्शक आशी के प्रति सिद्धार्थ (सिड) के अटूट प्यार का दमदार प्रदर्शन देखेंगे। आशी के प्रति अपने स्नेह को साबित करने के लिए, सिद्धार्थ अपने कमरे को उसकी फोटोज से सजाता है। हालांकि, उसके सच्चे प्यार को आशी की हरकतें नकार देती हैं। इसके बाद तब भावुक पल आता है जब वह सभी फोटोज को जला देती है। भरत अहलावत ने बताया कि मेरा किरदार सिद्धार्थ, आशी से बहुत प्यार करता है। उससे मिलने के बाद वह पूरी तरह बदल गया।

वैज्ञानिकों ने अध्ययन में किया खुलासा

## मधुमेह, तनाव व कैंसर का जोखिम आपकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर निर्भर

**नई दिल्ली,** 2 जून (एजेंसियां)। एक अध्ययन में रविवार को खुलासा हुआ है कि डायबिटीज, डिप्रेशन और कैंसर का जोखिम आपकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर निर्भर कर सकता है।

एजुकेशनल अचीवमेंट और व्यवसाय के आधार पर कमजोर (निम्न) सामाजिक-आर्थिक स्थिति वाले लोगों में डायबिटीज और कार्डियोवैस्कुलर डिजीज जैसी जटिल बीमारियां होने की संभावना ज्यादा होती है।

उनमें रूमेटोइड गठिया, फेफड़े के कैंसर, डिप्रेशन और शराब सेवन विकार जैसी कई अन्य जटिल बीमारियों के विकसित होने की आनुवंशिक (जेनेटिक) संवेदनशीलता (ससेप्टिबिलिटी) भी अधिक थी।

फिनलैंड के हेलसिंकी यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के शोध के अनुसार, उच्च स्तर वाले लोगों में कुछ प्रकार के ब्रेस्ट और प्रोस्टेट कैंसर विकसित होने का खतरा ज्यादा होता है।

फिनलैंड के लगभग 2 लाख 80 हजार व्यक्तियों के जीनोमिक्स, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और स्वास्थ्य डेटा पर आधारित उनके निष्कर्ष, जर्मनी में चल रहे यूरोपीय सोसायटी ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्स के वार्षिक सम्मेलन में पेश किए गए। अध्ययन में सिफारिश की गई है कि पॉलीजेनिक जोखिम स्कोर को स्क्रीनिंग प्रोटोकॉल में जोड़ने से अनेक रोगों का पता लगाने में मदद मिल सकती है। यह समझना कि रोग जोखिम पर पॉलीजेनिक स्कोर का प्रभाव संदर्भ पर निर्भर है, आगे स्तरीकृत स्क्रीनिंग प्रोटोकॉल की ओर ले जा सकता है।

यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट फॉर मॉलिक्यूलर मेडिसिन फिनलैंड (एफआईएमएम) में पोस्ट डॉक्टरल शोधकर्ता फियोना हेगेनबीक ने कहा कि यह समझना कि डिजीज रिस्क पर पॉलीजेनिक स्कोर का प्रभाव संदर्भ पर निर्भर करता है और आगे स्ट्रेटिफाइड स्क्रीनिंग प्रोटोकॉल को जन्म दे सकता है।



**ब्रेस्ट और प्रोस्टेट कैंसर विकसित होने का खतरा ज्यादा**

**स्ट्रेटिफाइड स्क्रीनिंग प्रोटोकॉल को दे सकता है जन्म**

## नया इन्फ्लूएंजा बी एंटीबॉडी यूनिवर्सल वैक्सीन विकसित करने में करेगा मदद

**नई दिल्ली**, 2 जून (एजेंसियां)। अमेरिकी वैज्ञानिकों ने इन्फ्लूएंजा बी के खिलाफ ह्यूमन मोनोक्लोनल एंटीबॉडी को अलग कर लिया है। यह एक ऐसी बीमारी के लिए यूनिवर्सल वैक्सीन का मार्ग प्रशस्त कर सकती है जो मुख्य रूप से बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्यून सिस्टम वाले लोगों को प्रभावित करती है।


वांडरबिल्ट यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर (वीयूएमसी) के शोधकर्ताओं ने इन्फ्लूएंजा के खिलाफ पहले से वैक्सीन (टीका) लगाए गए एक व्यक्ति के अस्थि मज्जा (बोन मैरो) से मोनोक्लोनल एंटीबॉडी के दो समूहों को अलग किया, जो इन्फ्लूएंजा बी की सतह (सरफेस) पर इन्फ्लूएंजा वायरस के एक प्रमुख सतह ग्लाइकोप्रोटीन, न्यूरामिनिडेस के अलग-अलग हिस्सों से जुड़े थे।

इम्यूनिटी जर्नल में प्रकाशित शोध दल ने बताया कि फ्लूबी-400 नामक एंटीबॉडी ने ह्यूमन रेस्पिरेटरी एपिथेलियल सेल की लेबोरेटरी कल्चर में वायरस रेपलिकेशन को व्यापक रूप से बाधित किया।

शोधकर्ताओं को पता चला कि यह एंटीबॉडी इंजेक्शन या नाक के जरिए दिए जाने पर जानवरों में इन्फ्लूएंजा बी से भी सुरक्षा प्रदान कर सकती है।

शोधकर्ताओं के अनुसार, नाक के अंदर बूंदें डालना ज़्यादा कारगर हो सकता है। इसके साथ ही, नसों में इंजेक्शन या मांसपेशियों में इंजेक्शन लगाने की तुलना में इसके कम सिस्टमिक साइड इफेक्ट होने की संभावना है। ऐसा इसलिए क्योंकि नाक के अंदर एंटीबॉडी नाक के बलगम में वायरस को फंसा सकती है, जिससे अंडरलाइंग एपिथेलियल सरफेस के संक्रमण को रोका जा सकता है।

टीम ने अपने शोध पत्र में कहा कि ये निष्कर्ष इन्फ्लूएंजा बी की रोकथाम और इलाज के लिए फ्लूबी-400 के विकास का समर्थन करते हैं और यूनिवर्सल इन्फ्लूएंजा वैक्सीन विकसित करने के प्रयासों को दिशा देने में मदद करेंगे। वांडरबिल्ट वैक्सीन सेंटर के निदेशक और बाल चिकित्सा के प्रोफेसर जेम्स क्रो जूनियर ने कहा कि वायरल संक्रमण को रोकने या उसका इलाज करने के लिए एंटीबॉडीज तेजी से एक मेडिकल टूल बन गए हैं।



**बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्यून सिस्टम वाले लोग प्रभावित**

## जुनैद खान ने अपने जन्मदिन पर नहीं ली छुट्टी, एक्ट्रेस खुशी के साथ कर रहे काम



**मुंबई,** 2 जून (एजेंसियां)। बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान के बेटे जुनैद खान का रविवार को जन्मदिन है। इसके लिए उन्होंने छुट्टी नहीं ली है। वह अपने अगले प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं जिसका टाइटल अभी तय नहीं हुआ है। इस फिल्म में वह एक्ट्रेस खुशी कपूर के साथ नजर आएंगे।

जुनैद खान बहुत बिजी हैं। उन्होंने एक के बाद एक अपने प्रोजेक्ट पूरे किए हैं। उनकी पहली फिल्म 'महाराज' बड़े पर्दे पर रिलीज नहीं हो रही है। वह 14 जून को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है।

एक्टर के एक करीबी सूत्र ने बताया कि जुनैद खुशी के साथ अपने अनटाइटल्ड प्रोजेक्ट के लिए पूरे दिन शूटिंग करेंगे। दोनों को पहली बार स्क्रीन शेयर करते और अपना टैलेंट दिखाते देखना दिलचस्प होगा। फिलहाल, जुनैद का पूरा ध्यान खुशी के साथ अपनी फिल्म पर है। इस फिल्म का निर्देशन अद्वैत चंदन कर रहे हैं। इन दो फिल्मों के अलावा, जुनैद के पास साई पल्लवी के साथ एक और प्रोजेक्ट भी है। इस प्रोजेक्ट की शूटिंग जापान में हुई है।

## अपने जन्मदिन पर फिल्म की शूटिंग कर रही हैं सोनाक्षी सिन्हा



**मुंबई,** 2 जून (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा का आज जन्मदिन है। लेकिन वो अपने काम की प्रतिबद्धताओं के चलते अपना जन्मदिन छोड़ कर फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। काफी लंबे समय बाद सोनाक्षी सिन्हा अपने जन्मदिन पर शूटिंग कर रही हैं। आमतौर पर वह अपने जन्मदिन पर कहीं जाती हैं या कोई यात्रा करती हैं। लेकिन इस साल उनके मन में काम सबसे पहले है। वह करण रावल के निर्देशन और इचेलॉन प्रोडक्शंस में बन रही एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म पर काम कर रही हैं और शूटिंग में व्यस्त हैं।

प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि सोनाक्षी सिन्हा रविवार को उत्तरी मुंबई के नायगांव में फिल्म की शूटिंग कर रही हैं।

सोनाक्षी सिन्हा को स्ट्रीमिंग सीरीज़ 'हीरामंडी- द डायमंड बाजार' में अपने काम के लिए काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। 'हीरामंडी- द डायमंड बाजार' में शाही महल की पूर्व मुख्य तवायफ रेहाना और उनकी बेटी फरीदन के रूप में वो दोहरी भूमिकाओं में नजर आईं।

इस सीरीज के साथ भारतीय फिल्मकार संजय लीला भंसाली ने ओटीटी पर डेब्यू किया। नेटफ्लिक्स सीरीज में अदिति राव हैदरी, मनीषा कोइराला, ऋचा चड्ढा, शर्मिन सहगल और संजीदा शेख भी हैं। यह लाहौर के हीरामंडी की तवायफों की कहानी है और यह भारत के स्वतंत्रता संग्राम की पृष्ठभूमि पर आधारित है। सोनाक्षी सिन्हा ने 2005 में कॉस्ट्यूम डिजाइन कर अपने पेशे की शुरुआत की। फिर वो लैक्मे फैशन वीक में रैंप पर भी चलीं। उन्होंने अपने अभिनय की शुरुआत सलमान खान के साथ फिल्म दबंग से की।

## सोनू सूद की फिल्म फतेह में हुई नसीरउद्दीन साह की एंट्री

मुंबई, 2 जून (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की आने वाली फिल्म फतेह में नसीरउद्दीन साह की एंट्री हो गई है। सोनू सूद काफी दिनों से फिल्म फतेह को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म फतेह में नसीरुद्दीन शाह की एंट्री हो गई है। सोनू सूद ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है, साथ ही उन्होंने नसीरुद्दीन के साथ काम करने को लेकर अपनी राय रखी हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में सोनू सूद ने लिखा, नसीर सर आपका तहे दिल से स्वागत है। जिस शख्स की पूरी जिंदगी मैंने सिर्फ और सिर्फ तारीफ की है, उसका निर्देशन करना मेरे लिए बेहद खास रहा। आपको फतेह पर काफी गर्व होगा सर। फिल्म फतेह में सोनू सूद के साथ जैकनील फर्नांडीस अहम रोल में नजर आने वाली हैं।



## भारतीय सिनेमा जगत के पहले शो मैन थे राज कपूर

**मुंबई,** 2 जून (एजेंसियां)। भारतीय सिनेमा में राजकपूर को पहले शो मैन के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने अपनी फिल्मों के जरिये दर्शकों के दिलों में खास पहचान बनाई। 14 दिसम्बर 1924 को पेशावर 'अब पाकिस्तान' में जन्मे राजकपूर जब मैट्रिक की परीक्षा में एक विषय में फेल हो गये तब अपने पिता पृथ्वीराज कपूर से उन्होंने कहा 'मैं पढ़ना नहीं चाहता' मैं फिल्मों में काम करना चाहता हूं मैं एक्टर बनना चाहता हूं। फिल्मे बनाना चाहता हूं राजकपूर की बात सुनकर पृथ्वीराज कपूर की आंख खुशी से चमक उठी। राजकपूर ने अपने सिने करियर की शुरूआत बतौर बाल कलाकार वर्ष 1935 में प्रदर्शित फिल्म 'इंकलाब' से की। बतौर अभिनेता वर्ष 1947 में प्रदर्शित फिल्म 'नीलकमल' उनकी पहली फिल्म थी। राज कपूर का फिल्म नीलकमल में काम करने का किस्सा काफी दिलचस्प है।

पृथ्वीराज कपूर ने अपने पुत्र राज को केदार शर्मा की यूनिट में क्लैपर ब्वॉय के रूप में काम करने की सलाह दी। फिल्म की शूटिंग के समय वह अक्सर आइने के पास चले जाते थे और अपने बालो में कंघी करने लगते थे। क्लैप देते समय इस कोशिश में रहते कि किसी तरह उनका भी चेहरा कैमरे के सामने आ जाए। एकबार फिल्म विषकन्या की शूटिंग के दौरान राजकपूर का चेहरा कैमरे के सामने आ गया और हड़बडाहट में चरित्र अभिनेता की दाढी क्लैप बोर्ड में उलझकर निकल गई। बताया जाता है केदार शर्मा ने राजकपूर को अपने पास बुलाकर जोर का थप्पड़ लगाया। हालांकि केदार शर्मा को इसका अफसोस रात भर रहा। अगले दिन उन्होंने अपनी नई फिल्म नीलकमल के लिये राजकपूर को साइन कर लिया।

राजकपूर फिल्मों मे अभिनय के साथ ही कुछ और भी करना चाहते थे। वर्ष 1948 में आर.के.फिल्मस की स्थापना कर 'आग' का निर्माण किया। वर्ष 1952 में प्रदर्शित फिल्म 'आवारा' राजकपूर के सिने करियर की अहम फिल्म साबित हुई। फिल्म की सफलता ने राजकपूर को अंतरराष्ट्रीय ख्याति दिलाई। फिल्म का शीर्षक गीत 'आवारा हूं या गर्दिश में आसमान का तारा हूं' देश-विदेश में बहुत लोकप्रिय हुआ। राजकपूर के सिने करियर में उनकी जोड़ी अभिनेत्री नरगिस के साथ काफी पसंद की गई। दोनों ने सबसे पहले वर्ष 1948 में प्रदर्शित फिल्म बरसात में नजर आयी। इसके बाद अंदाज-जान पहचान-आवारा- अनहोनी-आशियाना-अंबर-आह-धुन-पापी - श्री 420 जागते रहो और चोरी चोरी जैसी कई फिल्मों में भी दोनों कलाकारों ने एक साथ काम किया। श्री 420 फिल्म में बारिश में एक छाते के नीचे फिल्माये गीत-प्यार हुआ इकरार हुआ में नरगिस और राजकपूर के प्रेम प्रसंग के अविस्मरणीय दृश्य को सिने दर्शक शायद ही कभी भूल पायें।

राज कपूर ने अपनी बनायी फिल्मों के जरिए कई छुपी हुई प्रतिभा को आगे बढ़ने का मौका दिया इनमे संगीतकार शंकर जयकिशन, गीतकार हसरत जयपुरी 'शैलेन्द्र और पार्श्वगायक मुकेश जैसे बड़े नाम शामिल है।वर्ष 1949 में राजकपूर की निर्मित फिल्म 'बरसात' के जरिये राजकपूर ने गीतकार के रूप में शैलेन्द्र -हसरत जयपुरी और संगीतकार के तौर पर शंकर जयकिशन ने अपने करियर की शुरूआत की थी। वर्ष 1970 में राजकपूर ने फिल्म 'मेरा नाम जोकर' का निर्माण किया जो बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह नकार दी गई। अपनी फिल्ममेरा नाम जोकर की असफलता से राजकपूर को गहरा सदमा पहुंचा। उन्हें काफी आर्थिक क्षति भी हुई। उन्होंने निश्चय किया कि भविष्य में यदि वह फिल्म का निर्माण करेगे तो मुख्य अभिनेता के रूप में काम नहीं करेगे। मुकेश को यदि राजकपूर की आवाज कहा जाए तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। मुकेश ने राजकपूर अभिनीत सभी फिल्मों में उनके लिए पार्श्वगायन किया। मुकेश की मौत के बाद राजकपूर ने कहा था लगता है मेरी आवाज ही चली गई है। राजकपूर को अपने सिने करियर में मानसम्मान खूब मिला। वर्ष 1971 में राजकपूर पदमभूषण पुरस्कार और वर्ष 1987 में हिंदी फिल्म जगत के सवोच्च सम्मान दादा साहब पाल्के पुरस्कार से भी सम्मानित किए गए। बतौर अभिनेता उन्हें दो बार जबकि बतौर निर्देशक उन्हें चार बार पिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।वर्ष 1985 में राजकपूर निर्देशित अंतिम फिल्म राम तेरी गंगा मैली प्रदर्शित हुई। इसके बाद राजकपूर अपने महात्वाकांक्षी फिल्म हिना के निर्माण में व्यस्त हो गए लेकिन उनका सपना साकार नहीं हुआ और 02 जून 1988 को इस दुनिया को अलविदा कह गए।



**पुण्यतिथि के अवसर पर**

## सुनीता को स्पेस-स्टेशन ले जाने वाला मिशन दूसरी बार टला

**अब कल हो सकता है बोइंग का ये लॉन्च**

**वॉशिंगटन,** 2 जून (एजेंसियां)। भारतीय मूल की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन ले जाने वाला बोइंग का स्टारलाइनर मिशन दूसरी बार टल गया। इसे LA के एटलस - रॉकेट से आज रात 9:55 बजे फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से लॉन्च किया जाना था। ग्राउंड लॉन्च सीक्वेंसर ने लिफ्टऑफ से 3 मिनट 50 सेकंड पहले काउंटडाउन क्लॉक को ऑटोमेटिक होल्ड कर दिया। इंजीनियर्स अब ये पता लगाने में जुटे हैं कि ग्राउंड लॉन्च सीक्वेंसर ने मिशन को ऑटोमेटिक होल्ड क्यों किया। अब 2 जून को मिशन लॉन्च हो सकता है। इससे पहले 7 मई को भी इस मिशन को रोकना पड़ा था। इंजीनियर्स को चेक के दौरान रॉकेट की सेकेंड स्टेज में ऑक्सीजन रिलीफ वॉल्व में समस्या मिली थी। ऐसे में टीम ने मिशन को लॉन्च से 2 घंटे 1 मिनट पहले टालने का फैसला लिया था।




**मिशन सफल हुआ तो, नासा के पास पहली बार 2 स्पेसक्राफ्ट होंगे**

इस मिशन के सफल होने पर इतिहास में पहली बार अमेरिका के पास एस्ट्रोनॉट को स्पेस में भेजने के लिए 2 स्पेसक्राफ्ट हो जाएंगे।

## सचिन-जिगर ने फिल्म 'ज़रा हटके ज़रा बचके' के एक साल पूरे होने का जश्न मनाया

**मुंबई,** 2 जून (एजेंसियां)। संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर ने फिल्म 'ज़रा हटके ज़रा बचके' के एक साल पूरे होने का जश्न मनाया। संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर ने सैबो, अपना बना ले, बेज़ुबान, जीना जीना और डांस बसंती जैसी फ़िल्मों के लिए कई लोकप्रिय साउंड्ट्रैक बनाए हैं। 'ज़रा हटके ज़रा बचके' की रिलीज़ को एक साल हो गये हैं। इस रोमांटिक कॉमेडी फ़िल्म में विक्की कौशल और सारा अली ख़ान ने एक छोटे शहर के विवाहित जोड़े की भूमिका निभाई थी।सचिन-जिगर ने इस फिल्म के लिये नोखा एल्बम दिया जो फ़िल्म का सार बन गया। एल्बम को न केवल संगीत प्रेमियों द्वारा सराहा गया, बल्कि बिलबोर्ड इंडिया टॉप 25 सूची 2023 में नंबर 1 स्थान भी मिला। सचिन-जिगर ने साझा किया, ऐसा लगता है कि यह कल की ही बात है जब गाना रिलीज़ हुआ था। यह एल्बम हमारे दिलों में एक खास जगह रखता है, और हमें प्रत्येक गीत को बनाने का उत्साह याद है। शुरू से ही, हम ऐसे गाने बनाना चाहते थे जो मज़ेदार हों और युवाओं से जुड़े हों। यह सुनकर कि लोगों ने एल्बम को कितना पसंद किया, सारी मेहनत सार्थक हो जाती है। हम प्यार और समर्थन के लिए आभारी हैं और चाहते हैं कि हमारा संगीत सभी के जीवन में खुशियाँ लाता रहे। संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर जून के महीने में निर्धारित अपने पहले ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड दौरे 2024 के लिए तैयार हैं। यह जोड़ी हॉरर कॉमेडी 'मुंज्या' के लिए अपना नया एल्बम भी लेकर आ रही है।



## गर्मी के मौसम में मटके की बढ़ी डिमांड, डॉक्टरों ने भी की सिफारिश

■ हरियाणा के कई इलाकों में तापमान 49 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा ■ मटके में मृदा के खास गुण होने के कारण पानी की अशुद्धियां होती है दूर

**नूंह,** 2 जून (एजेंसियां)। भीषण गर्मी के चलते मेवात जिले में इन दिनों देसी फ्रिज यानि मिट्टी के मटके की मांग बढ़ गई है। शहरों के साथ-साथ गांव में भी लोग मिट्टी के मटके खरीद रहे हैं। हर साल की तरह इस बार भी मटके की दुकानों पर महंगाई का असर देखने को मिल रहा है। हालांकि, इसके बावजूद भी लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। इसके चलते मटके बनाने वाले कुम्हारों के चेहरों पर खुशी है।

दरअसल, इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है, हरियाणा के कई इलाकों में तापमान 49 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। ऐसे में गर्मी की तपिश से गला तर करने के लिए लोग मिट्टी के मटके और सुराही आदि की खरीदारी करने में लगे हुए हैं। फिलहाल फ्रिज के ठंडे पानी से परहेज कर अधिकतर लोग ठंडे पानी के लिए मिट्टी के मटकों का ही सहारा ले रहे हैं। इससे इन मिट्टी के बर्तनों की बिक्री में अच्छी खासी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

मिट्टी का मटका इन दिनों 80 रुपए से लेकर 200 रुपए तक बिक रहा है। बाजार में मटके और नल लगे मयूर जग जैसे डिजाइन के मटके भी उपलब्ध हैं। सामान्य और छोटे मटके की कीमत कम है तो वहीं नल लगे मटकों की कीमत ज्यादा है। गांव के लोग सामान्य मटका खरीद रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शहरों में मयूर जग जैसे दिखने वाले नल वाले मटकों की मांग बढ़ी हुई है।



डॉक्टर इलियास ने बताया कि देसी मटका में मिट्टी की खुशबू आती है जो बहुत अच्छी लगती है। मटके का पानी गले से लेकर आंतों के लिए अच्छा होता है। मटके के पानी को बीमार व्यक्ति भी पी सकता है। इसके साथ ही मिट्टी के कारण इसमें काफी पोषण तत्व भी होते हैं।

उन्होंने बताया कि मटके में मृदा के खास गुण होने के कारण पानी की अशुद्धियां दूर हो जाती हैं। मटके का पानी शरीर को विषैले तत्वों से मुक्त कर प्रतिरोध प्रणाली को बेहतर करता है। लोगों ने बताया कि इस समय मिट्टी के बर्तन लोगों की पहली पसंद बने हुए हैं। फ्रिज के पानी से गला खराब व अन्य प्रकार की बीमारियां हो जाती हैं, इसलिए मटके का पानी पीना लोग पसंद कर रहे हैं।

देशबन्धु

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 1.80 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.32 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.07 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 0.96 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.92 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 2.08 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.77 प्रतिशत |
| मारुति | 1.51 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 1.37 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.82 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 74,220 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

# [अर्थ जगत]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## बीते वित्त वर्ष में 18 सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनियों ने संपत्तियां बेचीं

**नई दिल्ली,** 2 जून (एजेंसियां)। पिछले वित्त वर्ष (2023-24) के दौरान 18 प्रमुख सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनियों ने 1.17 लाख करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियां बेचीं हैं। इसमें गोदरेज प्रॉपर्टीज 22,527 करोड़ रुपए की बिक्री बुकिंग के साथ सबसे बड़ी कंपनी रही।

कुछ रियल एस्टेट कंपनियों को छोड़कर सभी प्रमुख डेवलपर्स की 2023-24 में बिक्री बुकिंग वित्त वर्ष 2022-23 के आंकड़ों से ज्यादा रही है। इसका मुख्य कारण प्रमुख शहरों में आवासीय संपत्तियों, विशेषकर बड़े और महंगे घरों की मजबूत मांग थी। उपभोक्ता मांग में उछाल के कारण कई डेवलपर्स ने वित्त वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड ऑर्डर बिक्री दर्ज की।

शेयर बाजार को दी गई सूचनाओं के अनुसार, 18 प्रमुख सूचीबद्ध रियल्टी कंपनियों ने वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग 1,16,635 करोड़ रुपए की संयुक्त बिक्री बुकिंग दर्ज की है, जो इसके पिछले वर्ष के लगभग 88,000 करोड़ रुपए से 33 प्रतिशत अधिक है। लगभग 1.17 लाख करोड़ रुपए की इन संयुक्त बिक्री बुकिंग में से अधिकांश आवासीय क्षेत्र से हैं।

उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि प्रमुख सूचीबद्ध कंपनियों की बिक्री बुकिंग में इस उछाल का कारण कोविड-19 महामारी के बाद मजबूत आवास मांग और उन कंपनियों और ब्रांड की ओर मांग का स्थानांतरण है, जिनके पास परियोजनाओं को क्रियान्वित करने का



■ गोदरेज प्रॉपर्टीज 22,527 करोड़ रुपए की बिक्री बुकिंग के साथ सबसे बड़ी कंपनी रही

बेहतर रिकॉर्ड है। बिक्री बुकिंग के मामले में, गोदरेज प्रॉपर्टीज 22,527 करोड़ रुपए के साथ वित्त वर्ष 2023-24 में सबसे आगे रही है। बेंगलुरु की प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स ने 21,040 करोड़ रुपए की बिक्री बुकिंग दर्ज की और इस मामले में दूसरी सबसे बड़ी सूचीबद्ध कंपनी बन गई।

बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की सबसे बड़ी रियल्टी कंपनी डीएलएफ ने पिछले वित्त वर्ष में 14,778 करोड़ रुपए की बिक्री बुकिंग हासिल की। 'लोढ़ा' ब्रांड के तहत संपत्तियां बेचने वाली मुंबई की मैक्रोटेक डेवलपर्स ने 14,520 करोड़ रुपए बिक्री दर्ज की है। पिछले साल सूचीबद्ध हुई गुरुग्राम की सिग्नेचर ग्लोबल ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और पिछले वित्त वर्ष में 7,270 करोड़ रुपए की बिक्री बुकिंग हासिल की, जो इससे पिछले वित्त वर्ष से दोगुने से भी अधिक थी।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.03 अरब डॉलर गिरकर 646.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त कमी होने से 24 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.03 अरब डॉलर गिरकर 646.7 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.55 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 648.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 24 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.5 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 567.5 अरब डॉलर पर आ गया। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 48.2 करोड़ डॉलर घटकर 56.7 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 3.3 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.14 अरब डॉलर पर आ गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 10 लाख डॉलर की गिरावट के साथ 4.3 अरब डॉलर रह गया।



## मई में जीएसटी संग्रह में 10 प्रतिशत का इजाफा

**घरेलू लेनदेन से हुई राजस्व में वृद्धि**

**नई दिल्ली,** 2 जून (एजेंसियां)। देश का ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन मई में 10 प्रतिशत बढ़कर 1.73 लाख करोड़ रुपए हो गया। वित्त मंत्रालय ने कहा कि यह वृद्धि घरेलू लेनदेन से राजस्व में वृद्धि के कारण हुई है। गुड्स एवं सर्विस टैक्स संग्रह अप्रैल, 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। मंत्रालय ने बयान में कहा कि मई, 2024 में सकल जीएसटी संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपए रहा है।




मई माह के कर संग्रह में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की वृद्धि, आयात में कमी (4.3 प्रतिशत की गिरावट) के बीच घरेलू लेनदेन से राजस्व में मजबूत वृद्धि (15.3 प्रतिशत) के कारण हुई है। रिफंड के बाद मई, 2024 के लिए शुद्ध जीएसटी संग्रह 1.44 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल मई से 6.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

चालू वित्त वर्ष (2024-25) में मई, 2024 तक सकल जीएसटी संग्रह 3.83 लाख करोड़ रुपए रहा है, जो सालाना आधार पर 11.3 प्रतिशत की वृद्धि है। यह वृद्धि घरेलू लेनदेन में मजबूत वृद्धि (14.2 प्रतिशत की वृद्धि) और आयात में 1.4 प्रतिशत की वृद्धि के कारण है। रिफंड के बाद चालू वित्त वर्ष में मई तक शुद्ध जीएसटी संग्रह 3.36 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 11.6 प्रतिशत ज्यादा है।

## देश में 2.2 फीसदी की दर से बढ़ रही चीनी की खपत

**नई दिल्ली**, 2 जून (एजेंसियां)। भारत की शुद्ध चीनी खपत अगले सत्र 2024-25 (अक्टूबर से सितंबर) में काफी बढ़कर 3 करोड़ टन पहुंच



सकती है। बाजार के साझेदारों के अनुसार देश में चीनी की खपत सालाना आधार पर 2.2 फीसदी की दर से बढ़ रही है। शुद्ध चीनी खपत एथनॉल को अलग किए बिना हुई खपत है।

भारत में चीनी की खपत सालाना आधार पर 2.2 फीसदी की दर से बढ़ रही है जबकि विश्व में चीनी की औसत वृद्धि खपत 1फीसदी के करीब है। मौजूदा चीनी सत्र 2023-24 सितंबर महीने में खत्म होगा। इसमें घरेलू चीनी की मांग नए रिकॉर्ड स्तर 2.9 करोड़ टन को छू गई है। देश में चीनी की मांग में जबरदस्त बढ़त की वजह तेज लू चलना और चल रहा आम चुनाव है।

चुनाव के दौरान पेय पदार्थों की मांग कई गुना बढ़ जाती है जबकि लू के कारण शीतल पेय पदार्थों और कन्फेक्शनरीज (चॉकलेट, मिठाई आदि) की मांग बढ़ जाती है। देश में सालाना कुल चीनी खपत का 60 फीसदी हिस्सा कन्फेक्शनरीज में होता है।

## अडाणी पोर्टफोलियो ने की पांच वर्षों में मजबूत व लगातार वृद्धि

**अहमदाबाद,** 2 जून (एजेंसियां)। बाहरी उतार-चढ़ाव और प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद, अडाणी पोर्टफोलियो ऑफ कंपनीज ने वित्त वर्ष 24 और पिछले पांच वर्षों में मजबूत और लगातार वृद्धि दर्ज की है। यह कंपनी के कारोबार की मजबूती और स्थिरता को दर्शाता है। कंपनी ने रविवार को ये बात कही।

अडाणी समूह ने रविवार को कहा कि वित्त वर्ष 24 में, अडाणी पोर्टफोलियो ऑफ कंपनीज ने पिछले साल के मुकाबले ईबीआईटीडीए में 45 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की। यह 82,917 करोड़ रुपए (लगभग 10 बिलियन डॉलर) पर पहुंच गई, जो




■ वित्त वर्ष 24 में ईबीआईटीडीए रिकॉर्ड 82,917 करोड़ रुपए पर

अडाणी पोर्टफोलियो के इतिहास में सबसे अधिक है।

कंपनी ने कहा, नकद लाभ या परिचालन से राशि प्रवाह (एफएफओ) 56,828 करोड़ रुपए (लगभग 6.7 बिलियन डॉलर) रहा। इसमें पिछले साल के मुकाबले 51 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह इसकी अनुशासित निवेश रणनीति का परिणाम है कि ईबीआईटीडीए से नकद लाभ प्राप्त हुआ।

तीन दशकों में निर्मित मजबूत परिसंपत्ति आधार अब 478,137 करोड़ रुपए (लगभग 57 बिलियन डॉलर) है, जो 16 प्रतिशत अधिक है। ये परिसंपत्तियां अब 350 मिलियन से अधिक उपभोक्ताओं की सेवा करती हैं। इसमें हवाई अड्डों, बिजली वितरण, स्मार्ट मीटरिंग, गैस वितरण और डायरेक्ट टू कंज्यूमर डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म में तेजी से बढ़ते उपभोक्ताओं की सुविधाएं शामिल हैं।

### सार संक्षेप

### भारत ने क्यूबा को भेजी 90 टन मानवीय सहायता

**नई दिल्ली।** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (एपीएसईज़ेड) द्वारा संचालित मुंद्रा बंदरगाह से रविवार को मेड इन इंडिया एक्टिव फ़ार्मास्युटिकल इंग्रेडिएंट्स (एपीआई) की 90 टन की खेप क्यूबा के लिए रवाना हुई। क्यूबा को भारत की मानवीय सहायता के हिस्से के रूप में एपीआई का उपयोग क्यूबा के दवा निर्माताओं द्वारा पुरानी संक्रामक बीमारियों के उपचार के लिए आवश्यक टैबलेट, कैप्सूल, सिरप और इंजेक्शन के रूप में एंटीबायोटिक्स बनाने के लिए किया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्यूबा को भेजी गई यह सहायता फार्मेसी के क्षेत्र में भारत की मजबूत स्थिति की पुष्टि करती है और क्यूबा के साथ भारत की ऐतिहासिक मित्रता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

### रिलायंस कंज्यूमर का पेय व कन्फेक्शनरी पर ध्यान

**नई दिल्ली।** रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने अपनी शुरुआत के बाद बिस्कुट से लेकर डिटर्जेंट तक विभिन्न श्रेणियों में प्रवेश की घोषणा की है, लेकिन मौजूदा समय में कंपनी का मुख्य रूप से ध्यान पेय पदार्थ, कन्फेक्शनरी और अपने स्वयं के ब्रांड 'इंडिपेंडेंस' पर है। कंपनी ने वर्ष 2022 में करीब 22 करोड़ रुपए में कैम्पा कोला ब्रांड खरीदकर एफएमसीजी क्षेत्र में अपने सफर की शुरुआत की और अभी भी उसने इसे अपना मुख्य कारोबार बनाए रखा है। इस घटनाक्रम से अवगत एक सूत्र के अनुसार कंपनी मौजूदा समय में 6 राज्यों के करीब 5 लाख रिटेल स्टोरों में अपनी वितरण पहुंच बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। उसने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों पर ध्यान केंद्रित किया है। अधिकारी ने कहा कि उन कुछ राज्यों में कोला कंपनियों का दबदबा है, जहां वह वितरण पर ध्यान केंद्रित कर रही है, वहीं मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाला पेय ब्रांड भी दक्षिण के कुछ राज्यों में नंबर दो पर आने के लिए तैयारी कर रहा है।

### अमृत की व्हिस्की को 'विश्व की सर्वश्रेष्ठ' ब्रांडों के रूप में मान्यता मिली

नई दिल्ली। अमृत डिस्टिलरीज ने 'विश्व व्हिस्की श्रेणी' में लंदन, यूके में आयोजित प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय स्पिरिट्स चैलेंज 2024 में 5 स्वर्ण पदक जीतकर अपना शीर्ष स्थान बनाया। अंतर्राष्ट्रीय स्पिरिट्स चैलेंज के 29वें संस्करण में स्कॉटिश, आयरिश और जापानी सिंगल माल्ट से लेकर दुनिया भर के ब्रांडों ने भाग लिया। बेजोड़ उत्कृष्टता, नवाचार, विशिष्टता और शिल्प कौशल का प्रदर्शन करते हुए, अमृत डिस्टिलरीज ने इस वर्ष रिकॉर्ड पांच पदक जीते हैं, जो किसी भारतीय डिस्टिलरी के लिए एक रिकॉर्ड है। यह उपलब्धि अमृत को वैश्विक मंच पर भारतीय डिस्टिलर्स का प्रतिनिधित्व करने के शिखर पर पहुंचाती है। ब्रांड के प्रति प्रेम और लोकप्रियता ने अमृत को दुनिया में भारत का सबसे पसंदीदा और पुरस्कृत ब्रांड बना दिया है, जिसने बेहतरीन स्पिरिट के एक लक्जरी प्रीमियम उत्पादक के रूप में इसकी स्थिति की पुष्टि की है।


## चुनाव के नतीजों पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई,** 2 जून (एजेंसियां)। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दर में कटौती शुरू करने की समय अवधि को लेकर एक बार फिर बढ़ी आशंका से बांड यील्ड के चार सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के दबाव में हुई बिकवाली से बीते सप्ताह करीब दो प्रतिशत तक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह लोकसभा चुनाव के आने वाले नतीजों के साथ ही रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा, पीएमआई और वाहन बिक्री आंकड़ों पर पैनी नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1449.08 अंक अर्थात 1.92 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 73961.31 अंक रह गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 426.4 अंक यानी 1.9 प्रतिशत का गोता लगाकर 22530.70 अंक पर आ गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों पर भी भारी बिकवाली का दबाव रहा। इससे मिडकैप 666.45 अंक अर्थात 1.53 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 42852.69 अंक और स्मॉलकैप 732.79 अंक यानी 1.53 प्रतिशत कमजोर होकर 47263.66 अंक पर रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, सकारात्मक समर्थन की कमी के कारण बीते सप्ताह तेजड़ियों को ऊंचे भाव पर प्रतिरोध का सामना करना पड़ा, जिससे पूरे समूह में मुनाफावसूली हुई। एग्जिट पोल के नतीजों से पहले की सतर्कता और किसी भी अप्रत्याशित प्रतिक्रिया के डर ने निवेशकों को




■ सेंसेक्स 1.92 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 73961.31 अंक पर
■ निफ्टी 1.9 प्रतिशत का गोता लगाकर 22530.70 अंक पर बंद

जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। हालांकि, निवेशक अपने पोर्टफोलियो को मौलिक रूप से मजबूत क्षेत्रों और शेयरों के साथ समायोजित कर रहे हैं क्योंकि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में मजबूत आय और इसी अवधि के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की उम्मीद से बेहतर वृद्धि दर मध्यम अवधि में शेयरों के भाव पर एक बफर प्रदान करना जारी रखेगी।

इस बीच यूरो जोन में महंगाई के ऊंची दर के कारण यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) के ब्याज दरों पर यथास्थिति बनाए रखने की संभावना से कमजोर वैश्विक संकेतों ने बाजार की धारणा को और अधिक कमजोर कर दिया है। अगले सप्ताह 4 जून को आम चुनाव 2024 के आने वाले नतीजे का बाजार पर जबरदस्त असर रहेगा। हालांकि, आरबीआई की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय, पीएमआई और वाहन बिक्री के जारी होने वाले आंकड़े निवेशकों को बाजार पर अधिक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करेगा।

बीते सप्ताह बाजार में चार दिन गिरावट जबकि अंतिम कारोबारी दिवस शुक्रवार को तेजी रही। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, ऊर्जा, तेल एवं गैस और पावर समेत दस समूहों में हुई बिकवाली से सोमवार को सेंसेक्स 19.89 अंक फिसलकर 75,390.50 अंक और निफ्टी 24.55 अंक टूटकर 22,932.55 अंक अंक रह गया। इसी तरह एशियाई बाजार की गिरावट के दबाव के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हुई चौतरफा मुनाफावसूली से मंगलवार को सेंसेक्स 220.05 अंक गिरकर 75,170.45 अंक और निफ्टी 44.30 अंक उतरकर 22,888.15 अंक पर बंद हुआ। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दर में कटौती शुरू करने की समय अवधि को लेकर एक बार फिर बढ़ी आशंका से बांड यील्ड के चार सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के दबाव में विश्व बाजार के लुढ़कने से स्थानीय स्तर पर हुई बिकवाली से बुधवार को सेंसेक्स 667.55 अंक का गोता लगाकर 74,502.90 अंक रह गया।

## पूर्व मध्य रेलवे के 43 स्टेशनों पर लगे 127 एटीवीएम

**हाजीपुर,** 2 जून (एजेंसियां)। यात्रियों को आसानी से टिकट उपलब्ध कराने के लिए स्टेशन पर ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में अब तक पूर्व मध्य रेल के 43 प्रमुख स्टेशनों पर 127 एटीवीएम स्थापित किए गए हैं। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि 43 प्रमुख स्टेशनों पर 127 एटीवीएम स्थापित किए गए हैं। इनमें दानापुर मंडल के 13 स्टेशनों पर 38 एटीवीएम, समस्तीपुर मंडल के 9 स्टेशनों पर 29 एटीवीएम, सोनपुर मंडल के 8 स्टेशनों पर 24 एटीवीएम, पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल के 6 स्टेशनों पर 18 एटीवीएम तथा धनबाद मंडल के 7 स्टेशनों पर 18 एटीवीएम कार्य कर रहे हैं। जल्द ही पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों पर 40 और एटीवीएम स्थापित किए जाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया कि एटीवीएम के जरिए रेल यात्री टिकट काउंटर पर बिना लाइन में लगे अनारक्षित टिकट खरीद कर यात्रा कर सकते हैं। प्रमुख स्टेशनों पर स्वचालित अनारक्षित टिकट वेंडिग मशीन, टिकट काउंटर के आसपास स्थापित किए गए हैं। कई स्टेशनों पर एटीवीएम टिकट घर के अलावा स्टेशन के प्रवेश परिसर में भी स्थापित किए गए हैं, जिससे यात्रियों को टिकट लेने और ट्रेन पकड़ने के बीच कम समय लगे। एटीवीएम से प्लेटफॉर्म टिकट भी कटाया जा सकता है। एटीवीएम चौबीस घंटे कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि दानापुर मंडल के पटना, राजेंद्र नगर, दानापुर, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, मोकामा, जहानाबाद, दिलदारनगर, पटना साहिब, झाझा, बिहार शरीफ, लखीसराय स्टेशनों पर कुल 38 ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन उपलब्ध कराए गए हैं।



## पाम ऑयल व वनस्पति तेल में तेजी, अधिकांश दालें महंगी

**नई दिल्ली,** 2 जून (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में जबरदस्त तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में पाम ऑयल और



मूंगफली तेल में तेजी तथा मांग निकलने से अधिकांश दालें महंगी हो गईं वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा सप्ताहांत पर 204 रिंगिट उबलकर 4070 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.91 सेंट की बढ़त के साथ 46.11 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर पाम ऑयल 67 रुपए और वनस्पति तेल 33 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और सोया रिफाइंड के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 12930 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19267 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12088 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 12234 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 9000 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 11233 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन : बीते सप्ताह अधिकांश दाल-दलहन में तेजी रही।

## आर्थिक मोर्चे पर भारत के नाम रहेगी यह सदी : कांत

**नई दिल्ली**, 2 जून (एजेंसियां)। आर्थिक मोर्चे पर भारत के लिए एक के बाद एक लगातार अच्छी खबरें आ रही हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में देश की आर्थिक वृद्धि आठ फीसद से ऊपर रहने और राजकोषीय घाटे में सुधार से आर्थिक विशेषज्ञ हैरान हैं।

**अर्थव्यवस्था के विस्तार में क्रांतिकारी कदम साबित हो रहा डिजिटल अभियान**

इस बीच भारत के जी-20 शेरपा और सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने कहा कि भारत अब दुनिया की महाशक्ति बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। अर्थव्यवस्था के विस्तार में डिजिटल अभियान क्रांतिकारी कदम साबित हो रहा है। साल 2047 तक भारत दुनिया की सुपर पावर बन



अब दुनिया की शीर्ष एजेंसियां भारत के आर्थिक प्रदर्शन पर सकारात्मक रुख अपना रही हैं : **अमिताभ कांत**

जाएगा। यह सदी भारत के नाम रहेगी। श्री कांत ने राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम में आयकर विभाग के प्रधान आयुक्त प्रताप सिंह की किताब 'इंडिया ओडिसी, फ्रॉम ए डेवलपमेंट कंट्री टू एन इमर्जिंग सुपरपावर' का विमोचन करते हुए कहा कि एक दशक पहले भारत 5 नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में शुमार था। लेकिन आर्थिक सुधारों के जरिए यह महज पांच साल में दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि 8.2 फीसद और राजकोषीय घाटा कम होकर जीडीपी के 5.6 फीसद पर आना भारत के विकास के लिए शुभ संकेत है। आज दुनिया भारत की ओर देख रही है।

उन्होंने कहा है कि अब दुनिया की शीर्ष एजेंसियां भारत के आर्थिक प्रदर्शन पर सकारात्मक रुख अपना रही हैं। आईएमएफ ने कहा है कि भारत अगले दशक में दुनिया की आर्थिक वृद्धि में करीब 20 फीसद का योगदान देगा। साल 2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था 35 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी।

अगले पांच साल में जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और तीसरा सबसे बड़ा शेयर बाजार बन जाएगा। विकास के इस सफर में डिजिटल पेमेंट प्रणाली अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग के प्रधान आयुक्त प्रताप सिंह की भारत का सफर: एक विकासशील देश से एक उभरती हुई महाशक्ति तक पुस्तक नीति निर्माताओं और विश्लेषकों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी।

साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था, नीति और राजनीतिक अर्थव्यवस्था के छात्रों के लिए भी मददगार होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि साल 2045 तक भारत की जीडीपी 30 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। इस आधार पर प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 20 हजार डॉलर हो जाएगी जो अभी तीन हजार डॉलर के स्तर पर है। इस तरह भारत अगले 20 साल में विकसित राष्ट्र बन जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत का समय अब शुरू हो गया है।

# खेल जगत

## मशहूर कबड्डी खिलाड़ी निर्भय की मौत से खेल जगत में शोक की लहर



**नई दिल्ली।** निर्भय हठूरवाला की मौत की खबर से कबड्डी जगत में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि इस जांबाज खिलाड़ी की मौत दिल का दौरा पड़ने की वजह से हुई है। कबड्डी के जांबाज रेडर नानक और एकम के बड़े भाई निर्भय हठूरवाला के निधन की खबर ने न केवल उनके परिवार वालों को बल्कि सभी को झकझोर दिया। जानकारी के अनुसार, निर्भय को सोते समय दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बता दें कि डेढ़ दशक पहले मालवे इलाके के ये तीनों भाई एक साथ खेलते थे और विरोधी टीमों के लिए काल थे। निर्भय शुरू से ही एक मजबूत रेडर था। जब उनका समय चल रहा था, तो वह बड़े-बड़े सूरमाओं और दिग्गज टीमों को धूल चटाने में माहिर थे। अपने क्षेत्र के मशहूर कबड्डी स्टार निर्भय को खेलते देखने के लिए उनके चाहने वाले बड़ी संख्या में पहुंचते थे।

# दिनेश कार्तिक ने आधिकारिक तौर पर क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया

## अलविदा डी.के



**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने आधिकारिक तौर पर क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की शनिवार को घोषणा की। आईपीएल 2024 के एलिमिनेटर में जब राजस्थान रॉयल्स से हारने के बाद कार्तिक को उनकी आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भावनात्मक विदाई दी तो यह बात दीवार पर लिखी हुई थी। 10 दिन बाद आखिरकार कार्तिक ने इस पर आधिकारिक मुहर लगा दी। कार्तिक ने सोशल मीडिया पर एक बयान में लिखा कि पिछले कुछ समय से इस पर काफी विचार करने के बाद, मैंने प्रतिनिधि क्रिकेट खेलने से आगे बढ़ने का फैसला किया है। मैं आधिकारिक तौर पर अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा करता हूं और अपने खेल के दिनों को पीछे छोड़ देता हूं क्योंकि मैं आगे आने वाली नई चुनौतियों के लिए तैयार हूं। आरसीबी बनाम आरआर आईपीएल एलिमिनेटर तमिलनाडु के क्रिकेटर की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट टूर्नामेंट में आखिरी उपस्थिति थी, जिसने दो दशकों तक चले करियर का अंत किया। कार्तिक ने कहा कि मैं अपने सभी कोचों, कप्तानों, चयनकर्ताओं, टीम के साथियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने इस लंबी यात्रा को सुखद बनाया है। हमारे देश में यह खेल खेलने वाले लाखों लोगों में से मैं खुद को सबसे भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। तीनों प्रारूपों में 180 मैचों में देश का प्रतिनिधित्व करने के बाद, जिसमें उन्होंने एक टेस्ट शतक और 17 अर्द्धशतकों के साथ 3463 रन बनाए, कार्तिक के नाम 172 शिकार भी हैं, जिनमें से अधिकांश स्टंप के पीछे और कुछ आउटफील्ड में थे।

> मैं अपने सभी कोचों, कप्तानों, चयनकर्ताओं, टीम के साथियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने इस लंबी यात्रा को सुखद बनाया है : दिनेश कार्तिक

उन्होंने पहली बार 2004 में सौरव गांगुली के नेतृत्व में इंग्लैंड में माइकल वॉन की एयरबोर्न स्टंपिंग के साथ क्रिकेट में प्रवेश किया और आखिरी बार रोहित शर्मा के नेतृत्व में 2022 टी20 विश्व कप में भारत के लिए खेला। इस बीच, उन्होंने राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले, महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली के नेतृत्व में खेला था। फरवरी-मार्च में भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज़ पर कमेंटरी करते समय, कार्तिक ने संन्यास लेने का मन बना लिया था, लेकिन दुनिया को यह तभी पता चला जब माइकल आथर्टन ने तमिलनाडु के स्टंपर के साथ पॉडकास्ट में इसे जाने दिया। कार्तिक ने 257 मैचों में 4,842 रन (रोहित शर्मा के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर) के साथ अपना आईपीएल करियर समाप्त किया, जिसमें 22 अर्द्धशतक शामिल थे। अपने शानदार आईपीएल करियर में, जो 17 साल से अधिक समय तक चला, कार्तिक ने कैश-रिच लीग में छह फ्रेंचाइजी के लिए खेला। उन्होंने 2008 में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) के साथ उद्घाटन सत्र में पदार्पण किया। वह 2011 में पंजाब चले गए और मुंबई इंडियंस, गुजरात लायंस, कोलकाता नाइट राइडर्स और आरसीबी के लिए खेले। उन्होंने मौजूदा सीज़न में 15 मैचों में 36.22 की औसत और 187.36 की स्ट्राइक रेट के साथ 326 रन बनाए।

# भारतीय महिला हॉकी टीम जर्मनी से 1-3 से हारी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

- भारतीय महिला टीम ने दूसरे क्वॉर्टर में पूरा जोर बराबरी पाने पर लगा जर्मनी के गोल पर लगातार हमले बोले
- सोंजा जिमरमैन ने अगले ही मिनट मिले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर जर्मनी को 2-1 से आगे कर दिया



**नई दिल्ली,** 2 जून (देशबन्धु)। दीपिका के दूसरे क्वॉर्टर में एक बेहतरीन गोल के बावजूद भारतीय महिला हॉकी टीम जर्मनी से एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के ब्रिटेन चरण में अपने पहले मैच में शनिवार देर रात 1-3 से हार गई। विजेता जर्मनी के लिए चार्लोट स्टेपनहर्स्ट ने पहले, सोंजा जिमरमान ने दूसरे और नाइक लॉरेंज ने तीसरे क्वॉर्टर में एक एक गोल किया।

भारत की महिला हॉकी ने अपनी किले की मजबूती से चौकसी से ख्यात जर्मनी के खिलाफ संभल कर आगाज किया। भारत की लड़कियों ने जर्मनी को अपने गोल पर आसानी से हमले नहीं बोलने दिए। भारतीय महिला टीम ने अनुसाशित स्ट्रक्चर' से खेलते हुए सटीक पासों के साथ जर्मनी को अपनी डी में आकर हमला बोलने की जगह नहीं दी। जर्मनी ने पहला क्वॉर्टर खत्म होने से दो मिनट पहले अपनी रणनीति बदलते हुए दाएं से हमले बोले और चार्लोट स्टपनहर्स्ट ने भारत की डी में पहुंच गोल कर अंततः जर्मनी को 1-0 से आगे कर कर दिया। भारतीय महिला टीम ने दूसरे क्वॉर्टर में पूरा जोर बराबरी पाने पर लगा जर्मनी के गोल पर लगातार हमले बोले।

ऐसे में जर्मनी की टीम ने बैकपास देकर गेंद को अपने कब्जे में रखने की कोशिश की। भारत ने जवाबी हमले बोले हुए मैच के 23 वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और दीपिका ने इसे गोल में बदल कर भारत को एक-एक की बराबरी दिला दी। सोंजा जिमरमैन ने अगले ही मिनट मिले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल जर्मनी को 2-1 से आगे कर दिया। भारत और जर्मनी को दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से पहले कई पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। भारत ने तीसरे क्वॉर्टर में बराबरी पाने के लिए कई हमले बोले लेकिन जर्मनी की लड़कियों ने मजबूती से अपने किले की हिफाजत कर उसकी यह हसरत पूरी नहीं होने दी । कप्तान नाइक लॉरेंज ने तीसरे क्वॉर्टर के सातवें मिनट में गोल कर जर्मनी को 3-1 से आगे कर मैच उसकी पकड़ से और दूर कर दिया। भारत की महिला टीम ने चौथे और आखिरी क्वॉर्टर में बराबर हमले बोले लेकिन गोल करने में कामयाब नहीं हो सके।

# हम अभी तक बल्लेबाजी लाइन अप तय नहीं कर पाए हैं : रोहित

**न्यूयॉर्क,** 2 जून (एजेंसियां) ।भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को अभ्यास मैच में बांग्लादेश पर 60 रन से आसान जीत के बाद कहा कि टी 20 विश्व कप के लिए उनकी बलेबाजी लाइन अप अभी तय नहीं हो पाई है। नियमित ओपनर यशस्वी जायसवाल कप्तान के साथ पारी की शुरुआत करने नहीं उतरे जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने रोहित के साथ ओपनिंग की जिम्मेदारी संभाली। सैमसन एक रन बनाकर पारी के दूसरे ओवर में आउट हो गए। ऋषभ पंत तीसरे नंबर पर उतरे क्योंकि विराट कोहली बलेबाजी करने नहीं आये। 14 महीने से अधिक समय के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी करने वाले पंत ने मौके का पूरा फायदा उठाया। उन्होंने चार छक्के और चार चौके उड़ाते हुए 32 गेंदों पर 53 रन ठोके और रिटायर आउट हुए। सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या ने तेज-तर्रार पारियां खेलते हुए क्रमशः 18 गेंदों पर 31 रन और 23 गेंदों पर नाबाद 40 रन बनाये जिससे भारत ने 20 ओवर में 182/5 रनों का मजबूत स्कोर बनाया। 19 गेंदों पर 23 रन बनाने वाले कप्तान रोहित ने कहा कि जिस तरह से चीजें हुई हैं उससे मैं खुश हूं, हम जो इस मैच से चाहते थे, वह हमें मिला। परिस्थितियों, नए स्थल, नए मैदान और ड्राप इन पिच से अभ्यस्त होना महत्वपूर्ण था। पंत को तीसरे नंबर पर उतारने पर रोहित ने कहा कि हम उन्हें मौका देना चाहते थे। हम अभी तक बलेबाजी लाइन अप तय नहीं कर पाए हैं। हम सभी खिलाड़ियों को मैदान में समय बिताने का मौका देना चाहते थे। गेंदबाजी विभाग में, तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने शुरुआती दो विकेट लेकर बांग्लादेश को मैच में बैकफुट पर ला दिया।



# एल्डोस पॉल ने ट्रिपल कूद और जेसी संदेश ने ऊंची कूद में जीते स्वर्ण पदक

**पेरिस,** 2 जून (एजेंसियां)। मीटिंग डी लिमोज 2024 एथलेटिक्स मीट में भारत के एल्डोस पॉल ने ट्रिपल कूद और जेसी संदेश ने ऊंची कूद स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते।

■ पिछले महीने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में अपने सत्र की शुरुआत में 16.59 मीटर की कूद लगाई थी





फ्रांस में स्टेड डी ब्यूब्लांक में पुरुषों की ट्रिपल जंप में प्रतिस्पर्धा में कॉमनवेल्थ गेम्स के चैंपियन एल्डोस पॉल ने 16.24 मीटर की जंप लगाकर प्रतियोगिता जीती। कैमरून के मार्सेल मयाक ने (15.80 मीटर) कूद के साथ रजत पदक तथा अल्जीरिया के एडेम बौलबानी ने (15.79 मीटर) कूद लगाकर कांस्य पदक जीता। भारतीय एथलीट का यह प्रयास पिछले साल क्यूबा में प्रवीण चित्रवेल द्वारा बनाए गए 17.37 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड और 17.22 मीटर के ओलंपिक क्वालीफाइंग मार्क से कम रहा। 27 वर्षीय एल्डोस पॉल की वर्ष की दूसरी प्रतियोगिता है।

उन्होंने पिछले महीने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में अपने सत्र की शुरुआत में 16.59 मीटर की कूद लगाई थी। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास 16.99 मीटर है, जो दो साल पहले हासिल किया गया था। बाद में, जेसी संदेश ने विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर-स्तरीय प्रतियोगिता, लिमोज में पुरुषों की लॉन्ग जंप का खिताब जीता। 28 वर्षीय संदेश ने 2.18 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण जीता। वहीं नाथन इस्मार और मैक्सिम डुबिज़ की फ्रांसीसी जोड़ी ने 2.14 मीटर की अपनी सर्वश्रेष्ठ जंप के साथ क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।

संदेश की जंप 2018 में तेजस्विन शंकर द्वारा निर्धारित 2.29 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से 11 सेमी कम थी। यह 2.33 मीटर के ओलंपिक क्वालीफाइंग मानक को भी पूरा नहीं करती थी। ऊंची कूद में जेसी संदेश का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.24 मीटर है, जो पिछले साल हासिल किया गया था। उनका सत्र का सर्वश्रेष्ठ 2.21 मीटर है, जो पिछले महीने ऑस्ट्रिया के ग्राज में सत्र की शुरुआत में दर्ज किया गया था।हालांकि, वह एथलीट रैंकिंग रूट के जरिए से पेरिस 2024 ओलंपिक एथलेटिक्स कोटा भी हासिल कर सकते हैं। ओलंपिक क्वालीफाइंग अवधि 30 जून को समाप्त हो रही है। ट्रिपल जंप और हाई जंप दोनों में, 32 एथलीट आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए प्रत्येक स्पर्धा में हिस्सा लेंगे।

# नॉर्वे शतरंज : प्रगनानंद ने दर्ज की दूसरी क्लासिकल जीत, वैशाली शीर्ष पर





नॉर्वे शतरंज 2024

**स्टवान्गर (नॉर्वे),** 2 जून (एजेंसियां)। नॉर्वे शतरंज 2024 में भाई-बहन की जोड़ी आर प्रगनानंद और आर वैशाली ने अपनी जीत के सफर को जारी रखते हुये टूर्नामेंट के राउंड पांच में महत्वपूर्ण अंक अर्जित किए। स्पेयरबैंक 1, एसआर-बैंक में आयोजित टूर्नामेंट में एक दिन के आराम के बाद वैशाली ने नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में आर्मागेडन टाई-ब्रेकर में जीएम लेई टिंगजी को मात देकर बढ़त बनाए रखी, वहीं प्रगनानंदा ने विश्व नंबर 2 फैबियानो कारूआना को हराकर प्रतियोगिता में अपनी दूसरी क्लासिक जीत दर्ज की।इस बीच नॉर्वे शतरंज के मुख्य कार्यक्रम में, हिकारू नाकामुरा ने विश्व चैंपियन डिंग लिरेन पर जीत के बाद अपनी बढ़त बढ़ा दी। नौ साल में पहली बार, लिरेन को लगातार तीसरी बार शिकस्त देने वाले नाकामुरा को 2800 से अधिक रेटिंग दी गई है। एक अन्य रोमांचक मैच में, मैग्नस कार्लसन क्लासिकल गेम में अलीरेज़ा फ़िरोज़ा पर विजयी हुए। कार्लसन कुल नौ अंकों के साथ टूर्नामेंट में नाकामुरा से सिर्फ एक अंक पीछे हैं, जबकि प्राग 8.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। महिलाओं के टूर्नामेंट में अन्ना मुज़िकचुक ने लगातार दूसरी क्लासिकल जीत दर्ज की। महिला विश्व चैंपियन जू वेनजुन ने आर्मागेडन में भारत की कोनेरू हम्पी को हराया। इस जीत के साथ, वेनजुन ने आर्मागेडन में सभी पांच मैच जीते हैं।

# मुक्केबाज अमित पंघाल ने हासिल किया ओलंपिक कोटा



**बैंकॉक,** 2 जून (एजेंसियां)। अमित पंघाल ने रविवार को विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के क्वार्टर फाइनल में चीनी मुक्केबाज को 5:0 से हराकर पुरुषों के 51 किग्रा भार वर्ग में सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ ही पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। इस जीत के साथ निशांत देव (71 किग्रा) के बाद, 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल पेरिस कोटा हासिल करने वाले दूसरे भारतीय पुरुष मुक्केबाज बन गए हैं। यह जोड़ी तीन महिला मुक्केबाजों निखत जरीन (50 किग्रा), प्रीति साई पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) की श्रेणी में शामिल हो गई, जिन्होंने 2022 एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतकर अपनी बर्थ पक्की कर ली थी।2022 राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल ने धीमी शुरुआत से उबरने के लिए अपने तेज तर्रार मूवमेंट पर भरोसा किया। रविवार को बॉक्सिंग वर्ल्ड क्वालीफायर के 51 किग्रा क्वार्टर फाइनल में चीन के लियू चुआंग को सर्वसम्मति से 5:0 से हराया और पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले पांचवें भारतीय मुक्केबाज बन गए। निशांत देव इस सप्ताह की शुरुआत में पेरिस बर्थ हासिल करने वाले पहले भारतीय पुरुष मुक्केबाज बने, जब उन्होंने 71 किग्रा क्वार्टर फाइनल में मोल्दोवा के वासिल सेबोटारी को हराया। पंघाल ने शनिवार को चुआंग के खिलाफ दृढ़ता और आक्रामकता का बेहतरीन प्रदर्शन करके इस सूची में अपना नाम जोड़ लिया, जिन्होंने राउंड 1 में कुछ बेहतरीन मुक्कों के दम पर 4:1 से जीत दर्ज की थी लेकिन भारतीय राष्ट्रीय चैंपियन ने राउंड 2 में पूरी ताकत से वापसी की और लगातार हमला करते हुए बढ़त हासिल की, जिससे सभी पांच जज प्रभावित हुए। निर्णायक राउंड में दोनों मुक्केबाजों ने एक-दूसरे को पछाड़ने की कोशिश करते हुए मुक्केबाजी का जोरदार प्रदर्शन किया।

# वॉर्म-अप मैच में पंत-हार्दिक का फॉर्म भारत के लिए अच्छा संकेत

**डैलस,** 2 जून (एजेंसियां)। टी20 विश्व कप से पहले वॉर्म-अप मैच में हार्दिक पांड्या और ऋषभ पंत के अंदाज ने टीम इंडिया को बड़ा कॉन्फिडेंस दिया है। दोनों ही खिलाड़ियों ने बांग्लादेश के खिलाफ अपने पुराने अंदाज में परफॉर्म किया। इसके दम पर भारतीय टीम ने अपने इकलौते वॉर्मअप मैच में बांग्लादेश को 62 रन से हराया। भारत के लिए मैच के हीरो रहे हार्दिक पांड्या और ऋषभ पंत ने बांग्लादेशी गेंदबाजों की खूब धुनाई की। नसाउ इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत ने ऋषभ पंत (53 रन) और हार्दिक पांड्या (40 रन) के दम पर 183 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में बांग्लादेश 20 ओवर में 9 विकेट पर 120 रन ही बना सकी। बल्लेबाजी और गेंदबाजी, दोनों डिपार्टमेंट में भारत का प्रदर्शन टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले अच्छे संकेत हैं। इस मुकाबले में टीम इंडिया ने कई एक्सपेरिमेंट किए। कप्तान रोहित शर्मा के साथ संजू सैमसन ओपनिंग करते नजर आए। हालांकि, वह मात्र एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

■ मैच के हीरो रहे हार्दिक और ऋषभ ने बांग्लादेशी गेंदबाजों की खूब धुनाई



ऋषभ पंत तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। सड़क हादसे के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहली बार वापसी कर रहे ऋषभ पंत ने शानदार अर्धशतक जड़ा। रिटायर्ड आउट होने से पहले पंत ने 32 गेंदों में 4 चौके और इतने ही छक्के जड़े। वहीं, रोहित शर्मा अब भी बल्ले के साथ संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। हिटमैन ने 19 गेंदों में मात्र 23 रन बनाए। यहां हार्दिक पांड्या ने करीब 200 की स्ट्राइक रेट से 40 रन बनाए। उनका इस तरह बल्लेबाजी करना फैंस और टीम इंडिया के लिए एक अच्छी खबर है। हार्दिक ने लगातार तीन छक्के भी लगाए। सूर्या ने भी 31 रन की पारी खेली, इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 172 से ज्यादा था। गेंदबाजी में भारतीय कप्तान ने आठ गेंदबाजों का इस्तेमाल किया। उन्होंने पावरप्ले के अंदर चार गेंदबाजों से गेंदबाजी कराई, जो आमतौर पर नहीं देखा जाता।

## सार संक्षेप

### जोंस के नाबाद 94 रनों से अमेरिका ने कनाडा को हराया

**अमेरिका।** सह मेजबान अमेरिका ने टी20 विश्व कप में अपना अभियान शानदार अंदाज में शुरू करते हुए कनाडा को सात विकेट से शिकस्त दे दी। आरोन जोंस ने 40 गेंदों पर नाबाद 94 रन की मैच विजयी पारी खेली। नवनीत धालीवाल के 44 गेंदों पर 61 और निकोलस कर्टन के 31 गेंदों पर 51 रन की बदौलत कनाडा ने 194/5 रनों का मजबूत स्कोर बनाया। जबाब में जोंस के 10 छक्कों और चार चौकों की मदद से बने नाबाद 94 रनों तथा एंड्रीज़ गौस के संघर्षपूर्ण 65 रनों की बदौलत अमेरिका ने 195 रन का लक्ष्य 17.4 ओवर में ही हासिल कर लिया। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए अमेरिका ने स्टार बल्लेबाज स्टीव टेलर को जल्दी गंवा दिया। लेकिन गौस और जोंस के बीच शतकीय साझेदारी ने मैच पर मेजबानों का नियंत्रण बना दिया। जोंस को रोकना बहुत मुश्किल था।

### ड्रीम टीम ने यूनाइटेड को रौंदा

**नई दिल्ली।** मैच के श्रेष्ठ खिलाड़ी नमन मालकोटी और भारद्वाज के दो-दो गोलों की मदद से द ड्रीम टीम ने दिल्ली यूनाइटेड को 7-0 से रौंद कर डीएसए ए डिवीजन लीग में पूरे अंक अर्जित किए। रुद्रांश, विपुल और आशुतोष ने एक एक गोल का योगदान दिया। अन्य मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच लाल जरमाविया की शानदार हैट्रिक की मदद से वॉरियर्स फुटबाल क्लब ने गढ़वाल यूनाइटेड को 3-1 से हराया। पराजित टीम का गोल मृगांक महादेवन ने किया। एक अन्य रोमांचक मुकाबले में नोएडा सिटी एफसी ने कड़ा संघर्ष करने वाली पश्चिम हीरोज पर तीन गोल दाग कर मुकाबले को एकतरफा (3-0)कर दिया।

### बोपन्ना-एब्डेन की फ्रेंच ओपन में विजयी शुरुआत

**पेरिस।** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने पहले दौर के रोमांचक मुकाबले में ब्राजील की जोड़ी ओरलेंडो लुज और मार्सेलो ज़ोर्मन को 7-5, 4-6, 6-4 से हराकर फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। दूसरी सीड जोड़ी की वर्ष के दूसरे ग्रैंड स्लैम में शुरुआत ट्विस्ट के साथ हुई। उनका शुरूआती मैच बारिश के कारण स्थगित कर दिया गया। इसके बाद उनकी विपक्षी जोड़ी मुकाबले से हट गयी। फिर सुमित नागल और सेबेस्टियन ओफनर के रूप में भारतीय -ऑस्ट्रियाई जोड़ी से मुकाबला भी इसी तरह के कारणों से विफल हो गया। आखिरकार लुज और ज़ोर्मन के खिलाफ मुकाबले में बोपन्ना और एब्डेन ने अपना पूरा अनुभव दिखाया। शुरूआती सेट में धीमी शुरुआत से उबरते हुए उन्होंने 4-1 की बढ़त बना ली। ब्राजीली जोड़ी ने फिर वापसी की कोशिश की लेकिन बोपन्ना-एब्डेन ने अपना ग्रैंड स्लैम अनुभव दिखाते हुए पहला सेट 7-5 से जीत लिया। दूसरे सेट में भी मुकाबला कड़ा रहा।